जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, गुरुवार 16 जून, 2022



## विचार बिन्दु

**दीपक सोने का हो या मिट्टी का मूल्य दीपक का नहीं उसकी लौ का होता है जिसे कोई अँधेरा नहीं बुझा सकता। –विष्णु प्रभाकर**

# मुहिम स्वस्थ मिट्टी: खुशहाली के लिए जरूरी

ईशा फाउन्डेशन के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरू सद्गुरू जग्गी वासुदेव ने मिट्टी बचाने के लिए अपने वैश्विक आन्दोलन के लिए लन्दन से 21 मार्च को 30,000 कि.मी. की यात्रा शुरू की। 27 देशों की यात्रा करते हुये सद्गुरू 3 जून को जयपुर पहुँचे और शाम को सीतापुरा स्थित जे.ई.सी.सी. सेन्टर में उपस्थित हजारों दर्शकों को सम्बोधित किया। 5 जून को दिल्ली पहुँच कर उन्होंने विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के साथ भाग लिया। सद्गुरू की 100 दिन की यात्रा 21 जून को अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर कावेरी बेसिन में समाप्त होगी। प्रधानमंत्री जी ने पर्यावरण दिवस पर अपने उक्त उद्बोधन में कहा, "मुझे पक्का भरोसा है कि 'सद्गुरू की सेव सॉयल (मिट्टी बचाओ)' यात्रा से दुनिया को मिट्टी के प्रति स्नेह पैदा हुआ होगा।"

निश्चित रूप से सद्गुरू वासुदेव ने पूरी दुनिया के लोगों का मिट्टी के स्वस्थ स्वरूप को विलुप्त होने से संभालने और बचाने की ओर आकर्षित किया है। जयपुर में सद्गुरू ने आमजन से अपने संवाद में कहा कि, मिट्टी प्रकृति का उपहार है और हमारी विरासत भी। इसमें जैविक सामग्री जो मिट्टी को स्वस्थ और उपजाऊ बनाती है उसे सही नीतियों द्वारा बचाना है और सुरक्षित रखना है। आरगैनिक फार्मिंग द्वारा इसके पोषक तत्व बने रह सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिट्टी में कम से कम 3 प्रतिशत जैविक सामग्री होनी चाहिये, जबकि भारत में सिर्फ 0.68 प्रतिशत होने का अनुमान है। देश में लगभग 30 प्रतिशत उपजाऊ मिट्टी पहले से ही बंजर हो चुकी है और फसल के लिए अयोग्य है जिसके कारण मरूस्थलीकरण और मिट्टी के विलुप्त होने का खतरा बढ़ गया है।

मिट्टी बचाने हेतु इसे प्रापर्टी नहीं समझ कर जननी जन्म भूमि के संस्कार पुनर्जीवित करने होंगे। मिट्टी से प्यार करना होगा। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' संस्कृत का श्लोक, अर्थात जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है इसे हृदय में संकल्पित करके हमें इसे उर्वरा एवं हरा–भरा रखने के लिए सार्थक प्रयास करने होंगे। फिल्मी गीतों में अनेकों गुण–गान के स्वर हमें सुनने को मिलते हैं जिनमें 'मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरा–मोती...' भी शामिल है, हमें खनिज सम्पदा की याद दिलाती है। वन्दे मातरम राष्ट्रगीत की शस्य शामला धरती का स्मरण हम गाकर ही करते हैं। रेलगाड़ी की यात्रा में फिल्माये 'जागृति' फिल्म का गीत 'आओ बच्चों तुम्हें दिखायें झाँकी हिन्दुस्तान की' जिसमें राजपूताना की वीर प्रसूता धरती सहित अनेक प्रदेशों की झाँकी का दिग्दर्शन रेलगाड़ी के खिड़कियों से कराया जाता है, हमें यदा कदा याद दिला कर राष्ट्र भक्ति की भावना जगाता है।

समय आ गया है कि सद्गुरू वासुदेव की मुहिम से प्रेरणा प्राप्त कर हमें मिट्टी के स्वास्थ्य पर अपना ध्यान केन्द्रित करें। प्रधानमंत्री जी ने अपने उपरोक्त सम्बोधन में 22 करोड़ किसानों को सॉइल कार्ड देना बताया था। यह कार्ड बहुत उपयोगी संसाधन है जिसे मिट्टी के परीक्षण द्वारा अपडेट कर मिट्टी की वर्तमान स्थिति की जानकारी के आधार पर किसान अपनी जमीन को जैविक खेती की मदद से पुन: जैविक जीवन प्रदान कर सकता है। आरगैनिक खेती द्वारा जैविक स्थिति आयेगी और फसल में अभिवृद्धि होगी। प्रधानमंत्री जी की घोषणा के अनुसार सॉयल कार्ड की सूचना के आधार पर उर्वरक एवं माइक्रोन्यूट्रियन्टस द्वारा लागत में 10 प्रतिशत की बचत और 6 प्रतिशत फसल बढ़ना बताया। जैविक खेती से इसमें अधिक बचत और फसल में अभिवृद्धि होगी यह सुनिश्चित है। अत: किसानों को जागरुक बनाने और आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिये जाने का अभियान चलाना होगा।

**निश्चित रूप से सद्गुरू वासुदेव ने पूरी दुनिया के लोगों का मिट्टी के स्वस्थ स्वरूप को विलुप्त होने से संभालने और बचाने की ओर ध्यान आकर्षित किया है। जयपुर में सद्गुरू ने आमजन से अपने संवाद में कहा कि, मिट्टी प्रकृति का उपहार है और हमारी विरासत भी।**

'सेव सॉयल' मुहिम के लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुये प्रधानमंत्री जी ने बताया था कि मिट्टी को रासायनिक उर्वरकों से बचाना होगा, जैविक खाद को अपनाना होगा, भूमि की नमी को बनाये रखना होगा। इसके लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण, वन क्षेत्रों का विस्तार एवं विकास के लक्ष्य निर्धारित कर उनके क्रियान्वयन के प्रयास करने होंगे। यदि सरकारी नीतियों को आवश्यकतानुसार निर्धारित करते हुये अमली जामा पहनाने हेतु सरकारी तंत्र को सक्रिय किया जा सकेगा तभी मिट्टी की सौंधी महक को पुन: प्राप्त करने के सार्थक परिणाम सामने आयेंगे।

दूसरी ओर, ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा, शहरी इलाकों में मिट्टी–गोबर के (पूजा हेतु) गणेश और मातृका के बनाने के संस्कार से सबक लेकर जागरुक परिवारों को किचन गार्डन में जैविक खेती से सबजी–फल प्राप्त करने के प्रयास करने होंगे। रसोई से निकले पानी को भी पौधे लगाकर उपयोगी बनाया जा सकता है। यह स्थान, नाली और मिट्टी युक्त भूमि के प्रबन्धन पर निर्भर करेगा।

कहना न होगा, टी.वी. चैनल्स को मिट्टी के महत्व और जैविक खेती के संसाधन और प्रशिक्षण कैसे उपलब्ध होंगे इसका नियमित प्रचार–प्रसार करना होगा जो कर्त्तव्य राजकीय डी.डी. के क्षेत्रीय टी.वी. स्टेशनों के साथ अन्य चैनल्स का भी होना चाहिये। प्रसार भारती द्वारा इस संदर्भ में मार्गदर्शिका एवं रेगूलेटरी नियम बनाने होंगे जिससे सरकार के कथनी–करनी के अन्तर को पाटने में मदद मिलेगी।

समय की जरूरत है कि हम मुहिम स्वस्थ मिट्टी का न केवल समर्थन करें वरन इसके लिए कुछ सार्थक कदम उठायें। सद्गुरू के अनुसार, हमारे भोजन का 95 फीसदी मिट्टी की ऊपरी सतह से मिलता है और खतरे की बात यह है कि हमारे पास खेती योग्य केवल 60 वर्षों की मिट्टी बची है। देश की 63 प्रतिशत मिट्टी बेहद खराब स्थिति में है। उसमें भी 0.5 फीसदी से कम जैविक कार्बन है।

हम कब जागेगें, जागरुक होंगे और देश की खेती बचाने के लिए क्या कुछ करेंगे? खतरे की घंटी हीटवेव ने भी बजा दी है। भास्कर दैनिक की खबर है इस साल 16 राज्यों में हीटवेव चली। यह खबर सेन्टर फॉर साईंस एन्ड एनवारयरमेंट (सी.एस.ई.) की वार्षिक रिपोर्ट पर आधारित है।

वरिष्ठ पर्यावरणविद् श्री चिन्मय मिश्र के अनुसार हम सिर्फ विकल्प ही तलाशते हैं, वैकल्पिक नजरिया नहीं खोजते हैं। प्रकृति ने लाखों, करोड़ों वर्षों से अपने भीतर बहुत कुछ सहेज कर रखा था। सन् 1950 में विश्व जनसंख्या 2.5 अरब थी और आज 7.5 अरब है, तीन गुना वृद्धि हुई। हम सिर्फ अर्थव्यवस्था बचाना चाहते हैं। भारत 50 डिग्री तापमान पर शीशे की बाहरी दीवारें बनाकर तापमान वृद्धि रोकना चाहता है। हर खेत को रसायन निर्भर बना कर नदियाँ बचाना चाहता है। बांध बनाकर नदी बचाना चाहता है।


'मनुष्य ने विकास किया और बदले में प्रकृति को क्या दिया? पृथ्वी पर एक डिग्री तापमान बढ़ा दिया, हमने प्रदूषण फैलाया जिससे हर साल लगभग 90 लाख औसत मौते होती हैं। हमने बेहिसाब कीटनाशक डाले जिससे 63 प्रतिशत भूमि खराब हो गई। एक बड़ा संदेश जो प्रकृति इन्सान को भेज रही है–अगर फूल–पौधे, पशु–पक्षी, कीट–पतंगे, शेवाल संरक्षित हैं तो हम भी संरक्षित हैं। हमने ताजी हवा, बहते पानी का आनन्द क्यों छोड़ दिया है?' (दैनिक भास्कर 5 जून 2022 मुख पृष्ठ)

प्रकृति और पर्यावरण ने खतरे की घंटी बजा दी है। हमें पृथ्वी और पर्यावरण को बचाना होगा। सरकारी तंत्र, नीति निर्माताओं को भी बराबर सचेत करना होगा। टी.वी. प्रचार–प्रसार चैनल्स पर अपनी बात पहुँचानी होगी, सोशल मीडिया का सार्थक उपयोग करते हुये मुहिम मिट्टी से जुड़ना होगा। सरकार को जागरुक करने वालों को सहायता राशि या प्रोत्साहन प्रदान कर मुहिम के नेतृत्व के लिए आगे लाना होगा। पर्यावरण शिक्षा में मिट्टी के स्वास्थ्य, पोषक तत्वों और जैविक जैसे पाठ भी शामिल करने होंगे।

राज्य एवं सरकारी तंत्र की कथनी–करनी के अन्तर को, देश के भविष्य के लिए पाटना होगा। स्वस्थ मिट्टी मुहिम को जन–आन्दोलन बनाकर ही स्वस्थ मिट्टी उपलब्ध होगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**आई.सी.श्रीवास्तव,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**
**( पूर्व अध्यक्ष, ट्रांसपेरेन्सी, इण्टरनेशनल इन्डिया )**

# दर्पण कोशिकाएँ – मन दर्पण –1



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

क्या हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ अपनी नियत संवेदना से इतर अन्य ज्ञानेन्द्रियों की संवेदनाओं को अनुभूत कर सकती हैं? जीव विज्ञान की क्रांतिकारी नवीन खोज – मिरर सेल्स – दर्पण कोशिकाएँ – की कार्य क्षमता का विश्लेषण तो यही दर्शाता है कि ऐसा हो सकता ही नहीं, वरन् होता ही है।

आधुनिक उन्नत तकनीक के प्रयोग से मस्तिष्क की क्रियाशीलता को नापना आज संभव है। मस्तिष्क का जब भी कोई भाग कुछ भौतिक क्रिया करने या कुछ महसूस करने को होता है तो वहां की कोशिकाओं में तरंगें उठती हैं और उस भाग का रक्त–संचार बढ़ जाता है। तरंगें और रक्त–संचार दोनों मापे और आँके जा सकते हैं। आज इतने सूक्ष्म इलेक्ट्रोड उपलब्ध हैं कि उन्हें मस्तिष्क की एक–एक कोशिका पर चिपकाया जा सकता है। जब भी कोशिका तरंगित होगी उस पर स्थित इलेक्ट्रोड इसकी सूचना दूर स्थित मापक यंत्र में अंकित होने को भेज देगा। मस्तिष्क के जिस भाग की कोशिकाएँ उद्वेलित होंगी, वह भाग, मापक यंत्र में वैसे ही अंकित हो जायगा। जिस क्रम में कोशिकाएँ उद्वेलित हुई, वह क्रम भी। जैसे आपने टेबल पर रखे कप को उठाया तो इस काम में काम आने वाली मांस–पेशियों को संचालित करने वाले मस्तिष्क के भाग में उठी तरंगें, मापक यंत्र में उसी भाग में अंकित हो जायेंगी। मांस–पेशियाँ जिस क्रम में काम ली गई थीं, वह क्रम भी चित्र में रिकार्ड हो जायगा। ज्ञानेन्द्रियों से आने वाले संवेग मस्तिष्क के जिस भाग में महसूस किए जायेंगे, उसी भाग में अंकित होंगे।

बिना इलेक्ट्रोड इम्लांट किए बाहर से ही उन्नत चित्रण विधि (फंक्शनल एम आर आई) से मस्तिष्क के क्रियाशील हुए भाग के रक्त–संचार का आकलन कर क्रियाशील भाग को चिन्हित किया जाता है।

मस्तिष्क का जो भाग मांस–पेशियों का संचालन करता है, वह भाग मोटर कोर्टेक्स (चालक) कहलाता है। मोटर कोर्टेक्स मांस–पेशियों को क्रियाशील करने के संवेग भेजता है। ज्ञानेन्द्रियों से आने वाले संवेग सेन्सरी कोर्टेक्स (संवेदक) में महसूस किए जाते है। देखने, सुनने, सूँघने, छूने और स्वाद के संवेगों की अनुभूति सेन्सरी कोर्टेक्स के अलग–अलग केन्द्रों में होती है।

ज्ञानेन्द्रियों से आई संवेदनाओं को अनुभूत करने की विस्तृत प्रक्रिया होती है। संवेग पहुँचते हैं। (Received)] महसूस किए जाते हैं। (Perceived)] पहचाने (स्पर्श, स्वाद, श्रवण, दृष्टि, गंध द्वारा) जाते हैं। (Interpreted)] उनका विश्लेषणात्मक आकलन होता है। (Evaluated)] और फिर होती है प्रतिक्रिया (Reaction)- जैसे आवाज –सुनी, –समझी, –पहचानी, बम्ब फटने की है – आप पलटे और भाग खड़े हुए। इस पूरी प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए केन्द्र के सेन्सरी, प्रिसेन्सरी और साइकोसेन्सरी कोर्टेक्स भाग लेते हैं। इसी प्रकार मोटर कार्टेक्स को प्राप्त सूचना के अनुरूप उद्वेलित होने की प्रतिक्रिया की भी एक निश्चित प्रक्रिया होती है। उपयुक्त मांस–पेशियों को क्रियाशील करने को संवेग शुरू होते हैं (Initiation)] काम में आने वाली मांस–पेशियों का क्रम व्यवस्थित होता है (Organization)] उनमें समन्वय निश्चित होता है (Coordination)] और फिर उनका संचालन (Execution)- मांस–पेशियों से प्रायोजित कार्य को अंजाम देने के लिए इस प्रक्रिया में भाग लेते हैं मोटर, प्रिमोटर और साइकोमोटर कार्टेक्स।

दर्पण (शृंदे) कोशिकाएँ : एक वैज्ञानिक मस्तिष्क–कोशिकाओं के क्रियाशील होने का अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने बंदर की खोपड़ी खोल कर मस्तिष्क पर इलेक्ट्रोड्स लगा दिए। खोपड़ी बंद कर दी। बंदर ठीक हो गया तब प्रयोग शुरू किया गया। बंदर को



मूंगफली खाने को दी। बंदर ने मूंगफली देखी, उंगलियों से उठाई, छीली, मुँह में रखी, चबाई और खा ली। प्रयोगकर्ता ने देखा कि मापक यंत्र में मस्तिष्क के किस भाग में कैसे क्रमवार क्रियाशीलता अंकित होती गई। जिन कोशिकाओं में तरंगे उठी वे चित्रित हो गई। ये वे मोटर कोशिकाएँ थी जिन्होंने मूंगफली खाने के क्रम में मांस–पेशियों का संचालन किया था। एक दिन प्रयोगकर्ता मापक यंत्र के पास बैठा था। उसने थैली से एक मूंगफली निकाली, छीली और खाने लगा। उसको ताज्जुब हुआ जब उसने देखा कि मापक यंत्र में उसी जगह क्रियाशीलता अंकित हो गई। यह कैसे हुआ? क्रिया तो प्रयोगकर्ता ने की थी बंदर ने नहीं। बंदर ने तो प्रयोगकर्ता को वह क्रिया करते देखा मात्र था। फिर बंदर के मस्तिष्क का वही भाग उद्वेलित कैसे हुआ? प्रयोग फिर किया गया। हर बार वैसा ही हुआ। क्रिया करने के लिए मस्तिष्क का जो भाग तरंगित हुआ था, किसी को वह क्रिया करते देखने पर भी वही भाग तरंगित हुआ। जैसे वे कोशिकाएँ दर्पण हों – दर्पण कोशिकाएँ। ये कोशिकाएँ प्रिमोटर कोर्टेक्स में स्थित थीं, अर्थात् मोटर और साइकोमोटर कोशिकाओं के संधिस्थल पर। और प्रयोग हुए। देखा गया कि प्रयोगकर्ता ने आड़ से मूंगफली छीली तब भी मूंगफली छिलने की आवाज मात्र सुन कर ही बंदर के मस्तिष्क का वही भाग तरंगित हुआ। मूंगफली खाने की मुँह से गंध और चबाते हुए स्वाद के चहरे पर आये भाव देख कर भी बंदर के मस्तिष्क में वही प्रक्रिया हुई। क्रिया से जुड़े सभी संवेग – दृश्य, आवाज, गंध, स्वाद और मांस–पेशियों के सिकुड़ने का क्रम सभी दर्पण कोशिकाओं में प्रतिबिम्बित हुआ और संवेगों का सामूहिक बिम्ब स्मृति में अंकित हो गया। दर्पण कोशिकाएँ संवेगों, सेंवदनाओं (दृश्य, बोल, गंध, स्वाद, स्पर्श) का संकलन, समन्वय, संचयन और सुसंस्मरण करने का माध्यम होती हैं। हर संवेदना की अपनी विशिष्ट दर्पण कोशिकाएँ होती हैं। दर्पण कोशिकाओं व उनकी संपर्क कोशिकाओं के तंत्र में संवेगों की गूंज व अनुगूंज चेतना, सोच, भाव और कल्पना को जन्म देती हैं। सेन्सरी (संवेदी) और मोटर (चालक) कोशिकाओं के संधिस्थल पर स्थित दर्पण कोशिकाएँ एक और विभिन्न संवेदी कोशिकाओं से संपर्क और समन्वय करती हैं और दूसरी और इनकी सूचना चालक कोशिकाओं को देती हैं। दर्पण कोशिकाएँ इस मायने में सेतु कोशिकाओं का काम करती है।

**डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# टॉपर बेटी रवीना गुर्जर ठगी का शिकार

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़ी मामोड़ में बकरी चराते हुए सरकारी स्कूल में टॉप करने वाली बेटी रवीना गुर्जर ठगी का शिकार हो गई।

परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण लोगों ने जन सहयोग से 63 हजार रुपये की मदद बेटी को दी लेकिन बेटी साइबर ठगों का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार 13 जून की शाम को साइबर ठगों ने बेटी की मां के खाते से 63 हजार रुपये निकाल लिए । बेटी को आर्थिक मदद का बहाना कर ओटीपी नम्बर पूछे और 25–25 हजार 2 बार में जबकि 13 हजार रुपये तीसरी बार में उसकी मां के बैंक अकाउंट से निकाल लिए।

जब घटना का पता परिवार को चला तो होश उड़ गए। इसकी रिपोर्ट बेटी रवीना की ओर से नारायणपुर थाने में दर्ज कराई गई है। दरसअल नारायणपुर के ग्राम पंचायत गढ़ी ममोड की रहने वाली रवीना गुर्जर ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 12वीं कला वर्ग के परिणाम में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। रवीना ने थानागाजी और नारायणपुर के


**■ होनहार बेटी के लिए एकत्रित हुए 63 हजार रुपये साइबर ठगों ने खाते से निकाले**

सरकारी स्कूल में बालिका वर्ग में टॉपर रही थी। होनहार बेटी के साथ हुई इस घटना से ग्रामीणों में रोष है। इधर थानाधिकारी अजय सिंह शेखावत ने बताया कि मामले के संबंध में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है।



नारायणपुर की होनहार बेटी रवीना और माँ विद्या देवी।

# महान व्यंग चित्रकार आर.के. लक्ष्मण



यादराम सिंह यादव

कहते हैं कि हास्य लेखक एवं व्यंग चित्रकार आर.के. लक्ष्मण का एक अंश करोडों भारतीयों के दिल में बसता है। लक्ष्मण का आम आदमी (कामन मैन) हमेशा के लिए अमर रहेगा। देशवासियों की सभी पीढियाँ उनको सदा–सदा के लिए याद रखेंगी। आर.के. लक्ष्मण की नजर से व्यथित आम–आदमी की परेशानी नहीं छुप सकती थी। सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्रों में उनकी तीक्ष्ण दृष्टि, गहराई से विवेचन व परीक्षण कर लेती थी, जो उनके कार्टूनों में स्पष्ट झलकती थी।

कामन मैन, आर.के. लक्ष्मण का बनाया आम आदमी का किरदार था, जो एक सीधा–साधा अपने काम में व्यस्त इन्सान है। जो प्रतिदिन कामिक स्ट्रिप, 'यू सैड इट' के नाम से 'द टाइम्स आफ इंडिया' में सन् 1951 से प्रकाशन शुरू हुआ था। कामन–मैन (आम आदमी) का चरित्र ऐसा था कि जो, चुपचाप शांतिपूर्वक मूकनायक की तरह सभी सामाजिक–राजनैतिक घटनाओं का साक्षी रहा है। लक्ष्मण ने सात दशक तक लगातार व्यंग कार्टूनों के द्वारा पत्रकारिता करते हुए व्यतीत किये। जिसकी शुरूआत उन्होंने एक स्थानीय अखबार 'द फ्री प्रेस जनरल' एवं स्वराज व बिल्टज जैसी मैगजीन्स में पार्ट टाईम जॉब करके की।

आर.के.लक्ष्मण के बडे भाई लेखक एवं उपन्यासकार आर.के. नारायन 'द हिन्दू' अखबार में लघुकथाऐं लिखते थे। इन कथाओं के चित्र बनाने का कार्य, लक्ष्मण को अपनी कालेज शिक्षा के दौरान मिला। बाद में उन्होंने अपने बडे भाई आर.के नारायन–कलाकार के टी.वी. सीरियल 'मालगुडी डेज' की लघुकथाओं के लिए कार्टून बनाए ।

प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट आर.के. लक्ष्मण को अकसर दिल्ली का पाईड पाइपर चिंतकबरा–मुरलीवाला) तथा भारतीय स्वतंत्र चेतना को जगाने वाला कहा जाता था। वह स्कैच व आर्टवर्क्स द्वारा, टीवी शो के लिए चित्र बनाते थे। उन्हें टाइम्स आफ इण्डिया का पर्याय माना जाता था। उनका कहना था कि उनके व्यक्तित्व में जीवन भर आम आदमी रहा है। मुझे वह कभी नहीं मिला, किन्तु वह हमेशा मेरे विचारों में मेरे साथ रहा परन्तु उसने मुझे ढूंढ लिया। सभी भारतीयों को प्रतिनिधित्व देने के लिए उन्होंने बंगाली, तमिल व पंजाबी आदि में आम आदमी के कार्टून बनाये।

आर.के. लक्ष्मण एक स्कूल हैडमास्टर की सबसे छोटी सन्तान थे। रासीपुरम कृष्णास्वामी उनका पूरा नाम था। घर के बडे बुजुर्ग सभी प्यार से उन्हें लक्ष्मण कहते थे। इसलिए उनका संक्षिप्त नाम आर.के. लक्ष्मण पड़ा था। स्कूल में लक्ष्मण की पीपल के पत्ते को चित्रित करने से अध्यापक ने उनकी प्रशंसा की और उनमें एक कलाकार नजर आया। कार्टून चित्र बनाने की उनकी बचपन से ही गहरी रूचि थी। घरवालों को उनकी पेंटिंग–ड्राईंग व स्केच अच्छी लगती थी। वह उनके चित्रों की प्रशंसा करते थे। वह इंग्लैन्ड से प्रकाशित इलेस्ट्रेड मैगजीन मंगाकर पढ़ते थे, जो लन्दन से पानी के जहाज द्वारा (शिप–मेल) से उनके मैसूर स्थित निवास पर आती थी। इसी मैग्जीन के कार्टूनों से वह नाम, स्टाइल तथा तकनीक सीखते रहते थे। जिसमें डेविड–लौ आफ पंच एण्ड लिग–वर्थ जैसे विश्व प्रसिद्ध कार्टूनिस्टों के लेख–आलेख व कार्टून्स प्रकाशित होते थे। उन पर प्रसिद्ध व्यंग चित्रकार डेविड ला का विशेष प्रभाव पड़ा था। आर.के. लक्ष्मण ने अपनी आत्मकथा 'द टनल आफ टाईम' में लिखा है कि वह ना तो कोई डायरी लिखते, कलेन्डर भी नहीं देखते थे, यहां तक कि समय देखने के लिए घड़ी भी नहीं पहिनते थे। इसलिए उनके चित्रों को समय सीमा में बांधना संभव नहीं है। वह हमेशा चुपचाप व शांत होकर अपना कार्य करते रहते थे। लक्ष्मण संध्या (गोधूली के समय) व्यस्ततम् बाजार में एक बैंच पर जाकर घन्टों तक बैठते। वहां व्यस्त बाजार की गतिविधियों के, पसन्दीदा करेक्टर का स्कैच बनाते थे। इनके कार्टूनों के स्कैच कभी खत्म ना होने वाले, स्कैच बनाते रहते थे।

सन् 1985 में वह पहिले ऐसे व्यंग चित्रकार बन गये, जिनकी अकेले की (सोलो) प्रदर्शनी लन्दन में लगी थी। उनके कामन मैन के जीवन चरित्र पर आधारित एक लघु फिल्म 'खट्टा–मीठा' में कार्टूनिस्ट का किरदार, प्रसिद्ध अभिनेता अक्षय कुमार ने निभाया है। लक्ष्मण स्थानीय रफ–टफ क्रिकेट टीम के हास्य कैपटेन थे। इसीलिए उनको पाईप पाईपर आफ दिल्ली के नाम से जाना जाता था। आर.के. लक्ष्मण ने अपनी 'टाइमलैस जर्नी' में अनेकों हास्य रचनाओं तथा व्यंग कलाकृतियों की रचना की थी। उनकी प्रमुख रचनाओं में 'दी इलोक्वेन्ट ब्रुश' (एशियन पेन्ट लोगो) 'वैस्ट आफ लक्ष्मण सीरीज' 'यू सैड इट', होटल रेविरिया, दी मैसेन्जर, सर्वेन्ट आफ इण्डिया, दी टनल आफ टाइम (आटोबायोग्राफी), मल्टी मीडिया, इण्डिया थ्रू दी आईज ऑफ आर.के. लक्ष्मण दैन टू नाऊ, लक्ष्मण रेखाज तथा आर.के. लक्ष्मण की दुनिया सब टीवी पर एक शो आदि प्रमुख हैं।

आर.के. लक्ष्मण को 'कामन मैन' नाम उनकी व्यंग रचना तथा टाइम्स आफ इण्डिया के लिए उनके द्वारा प्रतिदिन लिखी जाने वाली कार्टून श्रृंखला 'यू सैड इट' की लोकप्रियता के लिए जाना जाता है जो 1951 में प्रारम्भ हुयी थी। लक्ष्मण को कामन मैन के कार्टून चरित्र ने उन्हें सर्वोच्च प्रसिद्धी दिलायी। कामन मैन का करेक्टर प्रजातंत्र के साक्षी एवं प्रहरी (@bpeyeer keäJen) के रूप में चित्रित किया था। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी




ने आर.के. लक्ष्मण की पोती के द्वारा लिखित 'टाइमलैस लक्ष्मण' पुस्तक की दिनांक 18 दिसम्बर 2018 को लांचिंग के वक्त उनके कामन मैन, टाइमलैस लक्ष्मण तथा उनके अनेकों कार्टून्स के बारे में चर्चा की।

मोदी जी ने कहा कि उनके कार्टून्स अपने समय के सामाजिक व राजनीतिक सच्चाई को निष्पक्षता, ईमानदारी से सन्देश प्रदान करते हैं। उनका पूना (महाराष्ट्र) में 26 जन 2015 को 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मोदी जी ने ट्वीट किया कि हर समय जनता में मौजूद रहने वाले आर.के. लक्ष्मण को कार्टूनों के माध्यम से याद करने का दिन है। उन्होंने अपने 18 दिसम्बर 2018 के भाषण में वीडियो को शेयर करते हुए कहा कि लक्ष्मण के कार्टून समाज को समाज–विज्ञान के पाठ पढाने से कम नहीं हैं। वह केवलमात्र एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि करोडों आम नागरिकों के दिलों में छिपे विचारों को कार्टून्स के माध्यम से अभिव्यक्त करते थे। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि महाराष्ट यूनीवर्सिटी को आर.के. लक्ष्मण के उपर रिसर्च या केस स्टडी उनके कामन–मैन के प्रभावों को लेकर करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वालेबाडी पूना (महाराष्ट्र) में वेटेरियन कार्टूनिस्ट आर.के. लक्ष्मण तथा उनके बडे भाई आर.के. नारायन पर बनाये म्यूजियम कम आर्ट गैलरी का उद्घाटन (रविवार 07.03.2022 को) कर जनता को समर्पित किया है। जिसमें दो बडे स्वचालित कमरे हैं, जिनमें एक में आर.के. लक्ष्मण का जीवनवृत्त तथा दूसरे कमरे में नौ स्थानों पर 'मालगुडी डेज' के लेखक आर.के. नारायन की लघुकथाओं के प्रकाशित मिनियेचर चित्रों के संग्रह को प्रदर्शित किया गया है। गैलरी में प्रसिद्ध व्यंग चित्रकार लक्ष्मण की स्टोरी को आम आदमी की नजर से लिखा गया है। म्यूजियम व आर्ट गैलरी से गुजरने के बाद अन्त में कामनमैन का होलोग्राम (त्रिस्तरीय चित्र) दिखाई देता है जो कि कलाकार, बोमन–ईरानी ने अंग्रेजी में व दिलीप प्रभावलकर ने मराठी भाषा में दर्शकों को समझाने के लिए रूपान्तरण कर बनाया गया है। यह कार्य लक्ष्मण की पुत्र वधु ऊषा लक्ष्मण ने एक संस्थान के रूप में तैयार किया है। जिसको अन्य विश्वविद्यालयों से भी जोड़ा जायेगा, जिससे कि छात्रों एवं कलाकारों के अध्ययन के लिए एक खुली प्रयोगशाला मिल सकेगी। आर.के. लक्ष्मण को उनके जीवन काल में, आम जनता के लिए अपने कार्टूनों के माध्यम से की गयी समर्पित पत्रकारिता के लिए अनेकों राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिसमें वी.डी. गोयनका पुरस्कार–द इण्डियन एक्सप्रेस (2) दुर्गारतन स्वर्ण पदक–हिन्दुस्तान टाईम्स (3) पदम भूषण–1973 भारत सरकार (4) पदम विभूषण–2005 भारत सरकार रोमन मेगसिस पुरस्कार 1984 अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार (कार्टून जर्नलिज्म के लिए) प्रमुख हैं। आम आदमी को जीवन समर्पित करने वाले ऐसे महान हस्ती की कांस्य प्रतिमा पूना में लगायी जाकर तथा भारतीय डाक विभाग द्वारा उन पर डाक टिकिट जारी कर श्रृद्धांजली अर्पित की है। आर.के. लक्ष्मण का त्याग एवं समर्पण आम जनता के लिए अमर रहेगा। जनता उन्हें हमेशा उनके कार्टूनों के द्वारा स्मरण करती रहेगी।

**यादरामसिंह यादव,**
**अधिवक्ता एवं स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### गुरूवार 16 जून, 2022

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र दिन 12:37 तक, ब्रह्म योग रात्रि 9:08 तक, गर करण प्रात: 9:46 तक, चन्द्रमा सांय 5:25 पर मकर राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–धनु, मंगल–मीन, बुध–वृष, गुरू–मीन, शुक्र–मेष, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज भद्रा सांय 7:58 से शुक्रवार प्रात: 6:11 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:19 तक, चर 10:45 से 12:27 तक, लाभ–अमृत 12:27 से 3:53 तक, शुभ 5:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:18

**मेष**
धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों करे टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**सिंह**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या–वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कन्या**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धन प्राप्त होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में प्रगति होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
व्यावसायिक स्थिति में सुधार होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




**Dying words Sung by Musicians**

"Look up here, I'm in heaven," he sang in Lazarus, referencing the biblical figure raised from the dead. "Something happened on the day he died."

**INSIGHT: Path Of Joy**

**TRIED&TASTED: Flavoursome Falafel**



*चमकीले नीले, हरे और पीले रंग वाली यह मछली अपने उभरे हुए माथे की वजह से अलग ही पहचान में आ जाती है। इस विशिष्टता के कारण ही इसे ''हम्पहैड'' रैस कहते हैं। समूचे एशिया पैसिफिक में पाई जाने वाली इस विशालकाय कोरल रीफ मछली का वजन तकरीबन 400 पाउण्ड होता है और यह 6 फीट तक लंबी हो सकती है। दुर्भाग्य की बात यह है कि हाँगकाँग और चीन में इसे भोजन के रुप में बहुत पसंद किया जाता है, जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर इसकी अवैध फिशिंग हो रही है। इंटरनैशनल यूनियन फॉर द कंज़र्वेशन ऑफ नेचर, जिसने सबसे पहले वर्ष 2004 में इसे ''एन्डेंजर्ड'' लिस्ट में रखा था, का आकलन है कि ऑस्ट्रेलिया की क्वीन्सलैण्ड रीफ्स में प्रति 8000 वर्गमीटर क्षेत्र में औसत सिर्फ 2.5 से 3.5 वयस्क हम्पहैंड रैस हैं और शेष रेंज में प्रति दस हजार मीटर क्षेत्र में केवल दस मछलियां ही हैं। वर्ष 2005 में संकटग्रस्त प्रजातियों के व्यापार पर प्रतिबंध के लिए हुए समझौते, सी.आई.टी.ई.एस. में इन्हें अधिसूचित किया गया था। इन मछलियों को मुख्यतया सबसे बड़ा खतरा जरूरत से ज्यादा फिशिंग से है साथ ही कोरल रीफ इको सिस्टम का हिस्सा होने के नाते ये परिवर्तन से भी प्रभावित हो रही हैं। इन मछलियों को पकड़ने के लिए पारम्परिक रुप से जो तरीके इस्तेमाल किए जाते थे उनमें हुक एवं लाईन, हैण्ड स्पिअर (भाला) और ट्रैप का इस्तेमाल होता था, अब कुछ समय से डाइविंग टैंक के साथ स्पिअर गन्स भी प्रयुक्त हो रही हैं। चूंकि ये मछली बहुत बड़ी हैं और इन्हें पकड़ना मुश्किल है, इसलिए या तो गोताखोर रात में मछली पकड़ते हैं या फिर अवयस्क मछलियों पर फोकस करते हैं, जो थोड़ी छोटी होती हैं। कई क्षेत्रों में तो मछुआरे और भी भयंकर तरीका प्रयुक्त करते हैं, वे मछलियों को बेहोश करने के लिए सायनाइड से एक्सपोज़ करते हैं फिर तुरंत ही मछली को पानी से बाहर निकाल लेते हैं और ताजे पानी में डाल देते हैं, इसके बाद जो सायनाइड पानी में रह जाता है वह कोरल व अन्य जीवों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। अभी भी इनकी अवैध फिशिंग बदस्तूर जारी है। वर्ष 2015 के एक सर्वे में पता चला था कि, जीवित, चिल्ड या फ्रोज़न हम्पहैड रैस बेचने वाली 15 कंपनियों में 12 चीन की हैं। हम्पहैड रैस कोरल रीफ के लिए फायदेमंद हैं। ये क्राउन ऑफ थॉर्न्स स्टार फिश को खाती हैं, जिसका भोजन कोरल हैं, इसलिए हम्पहैड रैस को बचाकर कोरल रीफ की रक्षा भी की जा सकती है।*

# पवार राष्ट्रपति का चुनाव न लड़ने के निर्णय पर अडिग रहे

## ममता बनर्जी ने बंगाल के पूर्व राज्यपाल व महात्मा गांधी के पौत्र गोपाल कृष्ण गांधी व जम्मू-कश्मीर के पूर्व मु.मंत्री फारूख अब्दुल्ला के नाम का सुझाव दिया, विकल्प के रूप में

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 जून। मराठा नेता एवं नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) सुप्रीमो शरद पवार बुधवार को भी अपनी बात पर खड़े रहे और उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष का उम्मीदवार बनने से इंकार कर दिया, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा यहां कॉन्स्टीट्यूशन क्लब एनैक्सी में आयोजित विपक्षी पार्टियों की एक मीटिंग में पवार से राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने का अनुरोध किया गया था।

विपक्षी पार्टियों की मीटिंग में पवार का यह अधिकारिक स्टैण्ड था। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि उनका नाम बार-बार उछालकर उनका मजाक ना बनाया जाए, जबकि वह इसके लिए एक बार नहीं बल्कि कई बार इंकार कर चुके हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि इंकार के बावजूद उन्हें क्यों तंग किया जा रहा है और वे इन टिप्पणियों से आहत महसूस करते हैं कि उनकी ''ना'' का मतलब ''हाँ'' है।

एन.सी.पी. नेताओं के साथ अपने आवास पर हुई एक पूर्व मीटिंग में उन्होंने कहा कि वह एक ''हारा हुआ युद्ध'' नहीं लड़ना चाहते और आज की तारीख में उनके समक्ष सबसे महत्वपूर्ण कार्य यह सुनिश्चित करना है कि शिव सेना के

- **शरद पवार ने विपक्ष की बैठक में कहा कि, उन्हें मजाक का पात्र न बनायें, बार-बार उनका नाम राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में प्रस्तावित करके।**
- **पवार ने यह भी कहा कि, बार-बार नाम प्रस्तावित करने से ऐसा लगता है कि, उनकी ''ना'' में ''हाँ'' छिपा है।**
- **विपक्ष की बैठक में ये टिप्पणियां करने से पहले, दिन में एन.सी.पी. के नेताओं से अपने निवास पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि, वे एक ''हारने वाली लड़ायी (चुनाव) नहीं लड़ना चाहते तथा उनके समक्ष इस वक्त सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है कि, महाराष्ट्र में एन.सी.पी., शिव सेना व कांग्रेस गठबंधन से बनी सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करे।**

नेतृत्व वाला महाराष्ट्र का सत्तारूढ़ गठबंधन 5 साल का अपना कार्यकाल पूर्ण करे।

17 पार्टियों की मीटिंग में उन्होंने नेताओं से बड़ी रूखाई से कहा कि वे किसी अन्य उम्मीदवार की तलाश करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि ''81 वर्ष की उम्र में भी मैं एक सक्रिय राजनीतिक पारी खेल सकता हूँ।''

मीटिंग आयोजित करने वाली ममता बनर्जी ने पवार का नाम प्रस्तावित किया, जबकि अपने आवास पर ममता के साथ हुई मीटिंग के दौरान वह उन्हें इंकार कर चुके थे। सूत्रों ने बताया कि ममता ने दो अन्य विकल्प सुझाए-एक तो बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं महात्मा गांधी के पोते डॉ. गोपाल कृष्ण गांधी (77) और नैशनल कॉन्फ्रैंस सुप्रीमो एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूख अब्दुल्लाह (84), डॉ. गांधी वर्ष 2017 में हुए उप राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस नेतृत्व वाले युनाइटेड प्रोग्रेसिव अलायंस के उम्मीदवार थे और एन.डी.ए. प्रत्याशी एम. वेंकैया नायडू से हार गए थे। डॉ. गांधी को 244 जबकि नायडू को 514 वोट मिले थे।

मीटिंग में तय किया गया कि 21 जून तक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का निर्णय कर दिया जाएगा। इसमें तय किया गया कि इसके लिए बीजू जनता दल (बी.जे.डी.), शिरोमणि अकाली दल (एस.ए.डी.) तेलंगाना राष्ट्र समिति (टी.आर.एस.) तथा आम आदमी पार्टी (आप) को भी राजी किया जाएगा। आम आदमी पार्टी ने बुधवार की मीटिंग में भाग नहीं लिया था। राष्ट्रपति चुनाव 18 जुलाई को होंगे और 21 जुलाई को परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की सेवानिवृत्ति के एक दिन बाद, नए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ई.डी. के अफसरों में झुंझलाहट

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 जून। समझा जा रहा है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने लगातार तीसरे दिन, कानूनी सलाह पर एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) द्वारा कथित मनी लॉण्डरिंग के बारे में पूछे जा रहे पचीदे प्रश्नों का उत्तर देने से इंकार कर दिया।

ई.डी.के अधिकारी 2010 में स्थापित राहुल गांधी की यंग इण्डिया कम्पनी द्वारा कोलकाता की कंपनी डीटॉक्स मर्चैन्डाइस से लिए गए एक करोड़ के लोन के बारे में विभिन्न तरीकों

- **अफसर का कहना है कि, बीस घंटे की पूछताछ के बावजूद उन्हें कोई खास जानकारी हासिल नहीं हो पायी है, क्योंकि राहुल बड़ा सोच-समझ के, तीखे सवालों का जल्दबाजी में जवाब नहीं दे रहे, जिससे वे कहीं फंसे।**

से प्रश्न पूछकर उन्हें फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। आयकर विभाग ने डीटॉक्स मर्चैन्डाइस के खिलाफ हवाला में लिप्त होने का एक केस खोजा है। उनका प्रयास है, गांधी परिवार द्वारा नैशनल हैरल्ड की 2000 करोड़ की सम्पत्ति हड़पने का केस तैयार करना।

कांग्रेस सूत्रों ने कहा, ई.डी. अधिकारियों द्वारा पूछे जा रहे प्रश्न राजनीति से प्रेरित हैं और राहुल गांधी को उन बेमतलब के असंगत प्रश्नों का जवाब देने का अधिकार है जो कि उनके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ई.डी. की सख्ती से पूछताछ जारी रही

## मूक सवाल यह उठ रहा है कि, मोदी सरकार क्या राहुल गांधी को गिरफ्तार कर सकती है, पूछताछ में सहयोग न करने के आरोप में

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 जून। कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दिल्ली पुलिस की क्रूरता ने सारी हदें पार कर दी और कांग्रेस के नेताओं को सड़कों पर घसीटा गया और गिरफ्तार कर अज्ञात स्थानों पर ले जाया गया, पानी तक नहीं दिया गया। यही नहीं महिला सांसदों के कपड़े फाड़े गए और सबसे बड़ी बात वहां कोई पुलिस अफसर नहीं था जिसे दिल्ली पुलिस की कार्यवाही के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सके।

ई.डी. द्वारा राहुल गांधी से पूछताछ का आज तीसरा दिन था और सुबह पुलिस 24, अकबर रोड स्तित कांग्रेस मुख्यालय पर जबरन पुलिस घुस आई तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ए.आई.सी.सी. स्टाफ को उठा ले गई तथा विरोध कवर कर रहे मीडिया के साथ भी दुर्व्यवहार किया।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रैस कॉन्फ्रेंस करने में व्यस्त थे वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सड़कों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ

- **हालांकि गिरफ्तारी से राहुल गांधी के प्रति सहानुभूति जागने का खतरा भी है तथा राहुल गांधी को प्रताड़ित हीरो की छवि भी मिल जायेगी।**

डटे हुए थे। उन्हें पुलिस ने पकड़ लिया और बस में बिठाकर अज्ञात स्थान पर ले गई। साथ ही राहुल गांधी से नैशनल हैरल्ड केस में ई.डी. द्वारा की जा रही पूछताछ के विरोध में मौन सत्याग्रह कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी पुलिस उठा ले गई।

आज लगातार तीसरे दिन ई.डी. ने राहुल गांधी को पूछताछ के लिए बुलाया और उस केस में पूछताछ की जिसमें उन्हें और उनकी मां सोनिया गांधी को जमानत मिल चुकी है।

मूल प्रश्न यह कि क्या मोदी राहुल गांधी को गिरफ्तार करवाएंगे क्योंकि ऐसा करना राहुल को हीरो बना देगा या फिर वे गांधी परिवार पर इस केस के जरिए लगातार दबाव बनाए रखेंगे पर किस राजनैतिक उद्देश्य के लिए, यह तो वे ही बता सकते हैं।

जानकार सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी व राहुल के खिलाफ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 5 जी

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 जून। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 5जी स्प्रैक्ट्रम के ई ऑक्शन (नीलामी) की मंजूरी दे दी और दूरसंचार विभाग ने बिना कोई समय गंवाए 72 गीगाहर्त्ज स्पैक्ट्रम की बोली लगाने के लिए नोटिस इन्वाइटिंग एप्लीकेशन (एन.आई.ए.) जारी कर दी। लक्ष्य है कि जुलाई अंत तक 5जी सर्विस लागू कर दी जाए, जो 4जी से दस गुना ज्यादा तेज है।

- **जुलाई के अंत तक 5 जी की सेवा उपलब्ध होने लगेगी।**

नीलामी का नोटिस 20 साल के लिए जारी किया गया है, और बिडर्स को बिना किसी देनदारी के 10 साल बाद स्पैक्ट्रम लौटाने का भी विकल्प दिया गया है। इसके अलावा हर वर्ष 20 समान किश्तों में अग्रिम भुगतान करने की अनुमति भी है। यह कैश प्रवाह की आवश्यकताओं को आसान बनाने और व्यवसाय की लागत कम करने के लिए किया गया है।

यह सरकार के डिजीटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया के लिए महत्वपूर्ण होगा और इससे मोबाइल बैंकिंग, ऑनलाइन एजुकेशन, टैलीमैडिसन, ई-राशन से लेकर अत्योदय परिवारों तक पहुंच आसान हो जाएगी।

# ममता बनर्जी द्वारा आहूत विपक्ष की बैठक में एकता कम मतभेद ज्यादा नज़र आये

## पांच बड़ी पार्टियों, तेलंगाना राष्ट्र समिति, आप, अकाली दल, बी.जे.डी. व डी.एम.के. ने भाग नहीं लिया बैठक में

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 जून। जैसी कि उम्मीद की जा सकती थी, राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के लिए एकता कायम करने का विपक्ष का प्रयास विसंगति के साथ समाप्त हो गया। राष्ट्रपति चुनाव के लिए अच्छी-खासी संख्या में वोट रखने वाली पांच बड़ी पार्टियों ने ममता द्वारा आहूत की गई मीटिंग से दूरी बनाए रखने का विकल्प चुना।

दूसरी ओर वे पार्टियां, जिनका राष्ट्रीय स्तर पर एक तरह से अस्तित्व नहीं हैं, ममता बनर्जी के पाले में आ गई हैं। इस मीटिंग में सी.पी.आई. (एम.), सी.पी.आई., और सी.पी.आई. (एम. एल.) ने अपने प्रतिनिधि भेजे। जिन पार्टियों के विधायकों की विधानसभा में स्ट्रैंथ अच्छी हैं उन्होंने मीटिंग में भाग ना लेने का विकल्प चुना।

अब यह स्पष्ट है कि विपक्ष की एकता की तमाम बातों के बीच सत्तारूढ़ पार्टी विपक्षी खेमे में एक दूसरे पर हावी होने की आदत के बीच उसकी बाजी करने का निर्णय लिया। यह निर्णय ना केवल सैद्धांतिक आधार पर बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को भी ध्यान में रखकर लिया गया। उन्होंने इस पर

- **कुछ अन्य पार्टियों, जैसे सी.पी.आई., सी.पी.एम. व कांग्रेस ने केवल प्रतिनिधि भेजे।**
- **एक आम शिकायत यह थी कि, विपक्ष की अन्य पार्टियों से बिना सलाह मशविरा किए, एक तरफा निर्णय ले लिया व शरद पवार को उम्मीदवार बनाने की घोषणा क्यों कर दी।**

पलटने की रणनीति पर विजय पा सकती है।

इनमें से एक क्षेत्रीय दिग्गज तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव ने ममता की मीटिंग का बहिष्कार आपत्ति जताई कि ममता बनर्जी ने शरद पवार के नाम की सर्वानुमति वाले प्रत्याशी के रूप में एकतरफा घोषणा कर दी। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टी.आर.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केन्द्रीय सरकार की सेना में भर्ती की ''अग्निपथ'' स्कीम का युवाओं ने भी विरोध करना शुरू किया

## बिहार के आधा दर्जन रिक्रूटमैंट बोर्ड के दफ्तरों के बाहर सैकड़ों युवा इकट्ठे हुए अपना विरोध जाहिर करने के लिये

- **जैसा कि विदित ही है, सेना के कई रिटायर्ड जनरल, जिनमें ले. जनरल पी.आर. शंकर व ले. जनरल प्रकाश मेनन शामिल हैं, ने काफी कड़े शब्दों में ''अग्निपथ'' स्कीम की आलोचना की है।**
- **यहां यह भी उल्लेखनीय है कि, अग्निपथ स्कीम के मार्फत 17.5 से 21 वर्ष के युवाओं को सेना में चार साल के लिये भर्ती करके सरकार सेना के आधुनिकीकरण के लिये पर्याप्त बजट की व्यवस्था करना चाहती है तथा सरकार का यह भी मानना है कि, इस स्कीम के लागू होने से सैनिकों की औसत आयु, जो फिलहाल 32 साल है, घट कर 25 साल हो जायेगी। जिससे ज्यादा पढ़ा-लिखा सैनिक आधुनिक साइबर आधारित हथियारों के उपयोग को ज्यादा आसानी से समझ सकेगा।-**

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 जून। सैन्य बलों में नई नियुक्ति नीति पर सुरक्षा बलों के परम्परावादी और परिवर्तन विरोधी अधिकारियों के विरोध का सामना कर रही केन्द्र सरकार को युवा वर्ग के गुस्से का सामना भी करना पड़ रहा है।

केन्द्र द्वारा शुरु की गई अग्निपथ योजना के तहत 17.5 वर्ष से 21 वर्ष के युवाओं को चार साल के लिए सेना की तीनों शाखाओं में नियुक्त किया जाएगा और अग्निवीर नाम दिया जाएगा, इनमें से 25 प्रतिशत को अधिकतम 15 साल के लिए सेना में नौकरी दी जाएगी। चार साल का कार्यकाल खत्म होने के बाद इन्हें 11.7 लाख रुपए दिए जाएंगे जिसमें इन युवा अग्निवीरों के योगदान के अलावा केन्द्र व राज्य सरकारों का योगदान भी शामिल होगा। इसी के साथ सरकार की योजना सिपाही और नौ सेना व वायु सेना में इसी के समकक्ष पदों पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया को रोकने की भी है।

रिटायर्ड सेना अधिकारी इस नई भर्ती नीति की गंभीर आलोचना कर रहे हैं। बिहार में आधादर्जन केन्द्रों में सैंकड़ों युवा आज आर्मी स्क्रिूटमैंट्स बोर्ड के समक्ष एकत्रित हुए और रक्षा सेना में ''संविदा'' पर नौकरी देने की नीति का विरोध किया।

रक्षा बलों की आर्थिक स्थिति भी चिंताजनक है। कुल रक्षा बजट 525,166 करोड़ रू. का है इसमें से 119,696 करोड़ रू. पैंशन मद में और लगभग इतना ही वेतन भुगतान खर्च हो जाता है इसके अलावा कुछ राशि नियमित रख रखाव में भी खर्च होती है, और रक्षा सेनाओं में आधुनिकीकरण व सुधार के लिए बहुत मामूली रकम बचती है। अग्निपथ योजना से रक्षा सेनाओं को खर्चा कम करने में मदद मिलेगी क्योंकि अग्निवीर पैंशन या किसी अन्य लाभ के हकदार नहीं होंगे।

नई योजना की सोशल मीडिया पर भी भारी आलोचना हुई है। लैफ्टिनैंट जनरल विनोद भाटिया ने ट्विटर पर कहा कि यह प्रस्ताव रक्षा सेनाओं के लिए डैथ नैले (मृत्यु की घंटी) के समान है साथ ही इससे सेना का सैन्यकरण होगा। लैफ्टिनैंट जनरल पी.आर. शंकर ने कहा कि अग्निवीर ''बैडली ट्रैन्ड टूरिस्ट्स'' से बेहतर नहीं होंगे। सरकार रक्षा बलों की औसत आयु वर्ष 2030 तक 32 वर्ष से घटाकर 25 वर्ष करना चाहती है और सिर्फ एक चौथाई अग्निवीरों को ही रखा जाएगा। लेकिन बड़ी चिंता यह होगी कि 21 से 25 साल की उम्र में रिटायर होने वाले अग्निवीरों का क्या होगा। लैफ्टिनैंट जनरल प्रकाश मैनन के अनुसार नई भर्ती नीति के लिए पायलट प्रोजैक्ट लाई है। लेकिन गत 8 सालों के सरकार के फैसलों में देखा जाए तो सरकार ''लर्न वाइल यू रन'' की नीति अपना रखी है।

## शुक्रवार को भी पूछताछ

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 जून। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट ने नैशनल हैरल्ड मामले में

- **राहुल गांधी को हाजिर होने के लिये कहा गया है।**

तीन दिन कठोर पूछताछ के बाद शुक्रवार को फिर पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है।

बुधवार को उनसे लंच से पहले तीन घंटे तक और फिर 5 घंटे तक पूछताछ की गई।

## एफ.आई.आर.

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 जून। कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली पुलिस के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग की। क्योंकि दिल्ली पुलिस आज सुबह बिना

- **कांग्रेस ने मांग की कि, दिल्ली पुलिस के खिलाफ एफ.आई. आर. दर्ज होनी चाहिये, क्योंकि पुलिस बिना इजाजत के ए.आई.सी.सी. के मुख्यालय में घुस गयी तथा कार्यकर्ता व नेताओं से मारपीट की।**

अनुमति ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में घुस गई और पार्टी के लोगों के साथ मारपीट की। पार्टी ने सभी संबंधित अधिकारियों को भी निलम्बित करने की मांग की।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सांगानेर और प्रताप नगर में जीरो सेटबैक पर धड़ल्ले से बन रही है गगनचुंबी इमारतें, निगम प्रशासन मौन!

## पार्षद विनोद शर्मा ने सांगानेर और जगतपुरा जोन के अफसरों पर अवैध निर्माणों को शह देने का आरोप लगाया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी के सांगानेर और प्रताप नगर में जीरो सेटबैक पर धड़ल्ले से गगनचुंबी अवैध इमारतें बन रही है। ग्रेटर निगम प्रशासन से निर्माण स्वीकृति लेना तो दूर, बिल्डर इन इमारतों में तय सेटबैक और ऊंचाई का भी ध्यान नहीं रख रहे।

स्थानीय लोगों और पार्षदों की शिकायत पर सांगानेर और जगतपुरा जोन उपायुक्त अवैध निर्माणकर्ताओं को नोटिस तो थमा रहे है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर निगम प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है। उधर नोटिस की आड़ में बिल्डर धड़ल्ले से निर्माण कार्य पूरा करने में जुटे हैं।

■ **स्थानीय लोगों और संपर्क पोर्टल की शिकायतों पर कार्रवाई के बजाय बिल्डरों को सिर्फ नोटिस देकर इतिश्री कर रहे अधिकारी : विनोद शर्मा**



भूखंड़ संख्या 83/150 पर 6 मंजिला निर्माण



भूखंड़ 164/105 पर जीरो सेटबैक बिल्डिंग



निगम के सांगानेर जोन ऑफिस के पास अवैध निर्माण

स्थानीय पार्षद विनोद शर्मा ने बताया कि प्रताप नगर के सेक्टर 173/199 में रास्ता अवरुद्ध कर जीरो सेटबैक पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाने की शिकायत 3 महीने पहले स्थानीय लोगों ने जगतपुरा जोन उपायुक्त से की थी। कुछ समय तक तो अवैध निर्माण बंद रहा, लेकिन नोटिस की आड़ में ही बिल्डिंग तैयार हो गई, जिम्मेदार अफसरों ने कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया।

निगम प्रशासन का कुछ ऐसा ही रवैया भूखंड़ संख्या 161/1 व 164/105 के अलावा 111/12 एसपी प्रताप नगर पर भी कार्रवाई को लेकर रहा। यहां हो रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण के खिलाफ राजस्थान संपर्क पोर्टल और स्वायत्त शासन विभाग में शिकायतें दी गई, लेकिन अधिकारियों ने कार्रवाई के बजाय शिकायतों को ही दफना दिया।

दूसरी तरफ ग्रेटर निगम के सांगानेर जोन ऑफिस के समीप पारदया हॉस्पिटल के पास स्थित राम नगर कॉलोनी में भूखंड संख्या 23 पर धड़ल्ले से बेसमेंट समेत 3 मंजिला अवैध निर्माण चल रहा है, जिसे रूकवाने के बजाय भी अधिकारी चुप्पी साधे बैठा है। प्रताप नगर के 83/150 में जीरो सेटबैक पर 6 मंजिला कॉमर्शियल इमारत बनकर तैयार हो गई, लेकिन निगम प्रशासन ने अवैध निर्माणकर्ता पर कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा।

वार्ड 115 के भाजपा पार्षद विनोद शर्मा ने आरोप लगाया कि सांगानेर और जगतपुरा जोन उपायुक्त की शह के कारण प्रताप नगर समेत पूरे इलाके में धड़ल्ले से अवैध निर्माण हो रहे हैं। दुःखद बात तो यह है कि शिकायतों के बावजूद अधिकारी बिल्डरों को मूक सहमति देते हुए चुप्पी साधे बैठे हैं। सिर्फ नोटिस देकर कार्रवाई करने से बच रहे हैं। ग्रेटर निगम आयुक्त द्वारा भी इन अवैध निर्माणों पर कार्रवाई न करना चिंता की बात है। महापौर सौम्या गुर्जर से मुलाकात करके जोन अधिकारियों की शिकायत करेंगे।

# गांजा सप्लाई कर रही ननद-भाभी समेत 11 स्कूली छात्र गिरफ्तार

■ **आरोपियों से 12 किलो गांजा और 51 हजार रुपये जब्त**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी में छात्रों को गांजा बेच रही ननद-भाभी, तीन सप्लायरों सहित 11 छात्रों को कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सप्लायरों के कब्जे से करीब 12 किलो गांजा, 51 हजार रूपए की नकदी बरामद की गई है। यह कार्रवाई सीएसटी के पुलिस निरीक्षक खलील अहमद के नेतृत्व में श्याम नगर और मानसरोवर इलाके में की गई।

डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया श्याम नगर इलाके में तस्कर रामूलाल जाट (22) निवासी गांव रायधुन, नागौर को गिरफ्तार उसके कब्जे से 9 किलो 790 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। वही मानसरोवर इलाके में दूसरी कार्रवाई करते हुए गांजा सप्लायर ननद-भाभी नगीना सांसी (35) निवासी महावीर नगर, गोल्यावास मुहाना और बीना सांसी (25) निवासी गांव लूणियावास, रेनवाल हाल वृंदावन विहार मानसरोवर को गिरफ्तार कर कब्जे से एक किलो 750 ग्राम गांजा व 51 हजार रूपए गांजे बिक्री की राशि बरामद की गई है। आरोपित रामलाल नागौर से बसों के जरिए गांजा लेकर जयपुर में सप्लाई करता है, जबकि तस्कर नगीना और बीना गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर छात्रों को बेचती हैं।

टीम ने मौके पर गांजा खरीदने आए छात्र यशवर्धन पांडेय (23) वैशाली एन्क्लेव वैशाली नगर, दौलत महावर (30) निवासी झालाना प्याऊ मालवीय नगर, अनिल गुर्जर (25) निवासी सिविल लाइन्स सोडाला, राहुल शर्मा (29) निवासी रामगंज, मयंक मीणा (31) निवासी ई-2/468 चित्रकूट स्कीम, कुलदीप कुमार धनकर (28) निवासी पत्रकार कॉलोनी मानसरोवर, नितेश प्रजापत (21) निवासी ए-135 माही हिंगलाज नगर करणी विहार, अंकुर सिंह चौहान (21) निवासी 6 च 10 जवाहर नगर, आर्यन खिरवाड (21) निवासी वाटिका इंफोटेक सिटी बगरू, सम्राट बनर्जी (25) निवासी मानसरोवर और करण चौधरी (20) निवासी झालाना मालवीय नगर को गिरफ्तार किया है।

## सार-समाचार

### सराफ ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र बांटे




**जयपुर**। यूनियन फुटबॉल क्लब की ओर से आयोजित खेल प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में बुधवार को प्रातः मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कालीचरण सराफ ने खिलाडी बालक बालिकाओं को प्रमाण पत्र दिए तथा क्लब के ग्राउण्ड में पानी का बोरिंग कराने की घोषणा की। पी एच ई डी की जेईएन अधिशाषी अभियन्ता कुसुम लता नामा ने कार्य रिपोर्ट तत्काल तैयार की। जयपुर विकास प्राधिकरण से जिम्नेशियम का एस्टीमेट बनवाने के लिए भी कहा। फुटबॉल और वेटलिफ्टिंग का प्रशिक्षण 15 मई से 15 जून एक महीना चला। क्लब को ऑर्डिनेट और प्रतिष्ठा स्पोर्ट्स स्कूल के निदेशक अभिनव स्वामी व अर्पिता माथुर ने खेल शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर खिलाडियों के अभिवावक और यूनियन फुटबॉल क्लब के राकेश भट्ट, अध्यक्ष प्रताप भानू सिंह, सचिव महिपाल स्वामी, उपाध्यक्ष सनी सेबेस्टियन, विजयदीप स्वामी, कोच माइकल, अमर सिंह, फुटबॉलर चंद्रमोहन टम्मू, किशन लोधा, वेटलिफ्टर गुरु रतनलाल शर्मा, आशीष जोहरी, कैलिग्राफर अशोक वर्धन भार्गव, राजेंद्र माथुर, पूर्व डिप्टी मेयर मनोज भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

### उमेश चंद सैनी अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर**। स्वर्णकार कॉलोनी विकास समिति नेहरू नगर जयपुर के चुनाव मतदान द्वारा संपन्न करवाए गए। चुनाव पर्यवेक्षक हरि प्रकाश सोनी व चुनाव अधिकारी श्याम आर्य ने बताया कि मतदान द्वारा चुनाव करवाएं गए जिसमें उमेश चंद्र सोनी (अध्यक्ष) जयपाल सिंह (उपाध्यक्ष) ओम प्रकाश सोनी (मंत्री) जितेंद्र कुमार सोनी (कोषाध्यक्ष) के रूप में निर्वाचित किए गए। सभी नागरिक के समक्ष शपथ ग्रहण समारोह में कार्यभार एवं शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर अशोक वर्मा, दिनेश कुमार सोनी, जय किशन, राजकुमार सोनी, श्यामलाल तीर्थनी, योगेश सोनी, अभिषेक सोनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे इस मौके पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलवा कर मिठाई खिलाई गई और सभी कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### राहुल तंवर ने किया आरक्षण का समर्थन



**जयपुर** (कासं)। माली, कुशवाहा, शाक्य और मौर्य समाज को अलग से 12 फ़ीसदी आरक्षण देने की मांग के समर्थन में जयपुर फल-सब्जी थोक विक्रेता संघ मुहाना टर्मिनल के अध्यक्ष राहुल तंवर भी उतर आये हैं। उन्होंने कहा कि माली-सैनी, कुशवाह शाक्य और मौर्य समाज वर्षों से उपेक्षित रहा है। समाज के लोग संविधान के प्रावधानों के तहत आरक्षण की मांग कर रहे है। संविधान के अनुच्छेद संख्या 16 के भाग 4 में यह व्यवस्था दी गई है कि जो अति पिछड़ी जातियां हैं, उन्हें राज्य सरकार अपने स्तर पर आरक्षण दे सकती है। आज इस पूरे समाज में बड़े पदों पर अधिकारियों का अभाव है, बच्चे भी शिक्षा पूरी नहीं कर पाते, क्योंकि उन्हें भविष्य में सरकारी सेवाओं में रोजगार का अवसर नहीं मिल पाता। समाज लगातार राजनीतिक दुर्भावना और पिछड़ेपन का शिकार है। आरक्षण का लाभ समाज को मिलेगा तो इन्हें भी मुख्यधारा में लाया जा सके । प्रदेश की सरकार को इस मांग को तुरंत पूरा करना चाहिए।

### चैनपुरिया गैंग के 4 बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने वारदात की फिराक में घूम रहे चैनपुरिया गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (साउथ) मृदुल कच्छावा ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश राजेन्द्र मीना उर्फ राजेन्द्र चैनपुरीया (20), हरिमोहन मीना (23), दिलखुश उर्फ दिल्ली (23) और कानजी मीना (34) जिला सवाई माधोपुर के रहने वाले हैं। बदमाशों के खिलाफ प्रदेश के कई थानों में लूट, हत्या, डकैती, हथियारों की तस्करी सहित आपराधिक रिकॉर्ड हैं। आरोपित सोशल मीडिया पर हथियार दिखाकर लोगों में भय पैदा करने के आदि है।

### हरमाड़ा से अगवा किशोरी से दुष्कर्म

**जयपुर**। हरमाड़ा इलाके में एक किशोरी को अगवा कर उसके साथ होटल में दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। थानाधिकारी मांगीलाल विश्नोई ने बताया इलाके स्थित एक गांव निवासी महिला ने थाने में रिपोर्ट दी है। उसका आरोप है कि 13 जून की दोपहर गांव का ही रहने वाला दीपक वर्मा उसकी 17 वर्षीया बेटी को अगवा कर कालवाड़ इलाके स्थित एक होटल में ले गया, जहां उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

# परिष्कार कॉलेज बना राजस्थान का पहला ऑटोनोमस कॉलेज



**जयपुर** (कासं)। परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस अब सेंट्रल यूनिवर्सिटज,डीयू, जेनएनयू आदि के जैसे कोर्स पढ़ा सकेगा क्योंकि यूजीसी ने इसे एक विशेष योजना के तहत 'ऑटोनोमस स्टेटस' प्रदान किया है।

यूजीसी द्वारा जारी की गयी रिपोर्ट के अनुसार कॉलेज को "नेक" द्वारा "ए" ग्रेड मिलने, यूनिवर्सिटज रिजल्ट्स में यहां के विद्यार्थियों द्वारा बहुत अच्छी संख्या में लगातार मेरिट लाते रहने, केन्द्र एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं की अच्छी तैयारी करवाने, खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त करने और यहां के टीचर्स के योग्य, ऊर्जावान तथा मेहनती होने के कारण परिष्कार कॉलेज को ऑटोनोमस स्टेटस प्रदान किया है। कॉलेज के निदेशक डॉ. राघव प्रकाश ने बताया कि अब आइएएस, आरएएस का तीन वर्ष का फाउण्डेशन कोर्स चला सकेंगे, इंडस्ट्री की जरुरत के अनुसार स्टूडेन्ट्स को तैयार कर डिग्र मिलते ही उसे जॉब दिलवा सकेंगे।

## दुर्गापुरा में 4 मंजिला अवैध इमारत सीज

**जयपुर** । दुर्गापुरा स्थित ग्रीन नगर में चार मंजिला अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग को जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने बुधवार को सीज किया। बिल्डर को गत 23 दिसंबर को नोटिस देकर अवैध निर्माण रोकने को कहा था, लेकिन उसने मजदूरों की संख्या बढ़ाकर पूरी बिल्डिंग तैयार कर ली। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि दुर्गापुरा की अनुमोदित योजना ग्रीन नगर के भूख ड संख्या 2 की 300 वर्गगज भूमि पर जीरो सेटबैक में बेसमेंट समेत चार मंजिला अवैध इमारत बनाई गई है। जेडीए प्रशासन ने 23 दिसंबर 2021 को नोटिस थमाकर अवैध निर्माण रूकवाया था और मौके पर गार्ड भी नियुक्त किये थे। इसके बावजूद पिछले 6 महीने में यह इमारत बनकर तैयार हो गई। इस पर जेडीए ने बुधवार को इस अवैध इमारत को सीज किया।

# गणगौरी अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट में आग

## अस्पताल ने दूसरे प्लांट से ऑक्सीजन सप्लाई करके मरीजों की जान बचाई

■ **शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ था हादसा**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के गणगौरी अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट में बुधवार शाम शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस दौरान मौके पर मौजूद स्टाफ ने तत्काल बिजली बंद कर आग पर काबू पाया तथा दूसरे ऑक्सीजन प्लांट से ऑक्सीजन की सप्लाई शुरू कर दी, अन्यथा मरीजों की जान पर खतरा पैदा हो सकता था।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. एल. हर्षवर्धन ने बताया कि शाम को ऑक्सीजन प्लांट में सिलेण्डर बदलते समय अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया और वहां आग लग गई। इस दौरान वहां मौजूद स्टाफ के सदस्यों ने प्लांट की बिजली काट दी तथा दूसरे प्लांट से ऑक्सीजन की सप्लाई शुरू कर दी। आग के कारण प्लांट में धुंआ-धुंआ हो गया और ऐसे में प्लांट को बंद कर उसे दुरुस्त किया गया। आग के कारण मामूली नुकसान होने की खबर है।

# एलआईसी की नयी योजना 'धन संचय' की शुरूआत

**जयपुर**। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने 14 जून से एक नई योजना धन संचय क शुरुआत की जो गैर लिंक्ड, गैर भाग लेने वाली, व्यक्तिगत, बचत जीवन बीमा योजना है जो सुरक्षा और बचत का संयोजन प्रदान करती है। यह परिपक्वता की तारीख से भुगतान अवधि के दौरान गारंटीड आय लाभ और जीवीआई की अंतिम किस्त के साथ देय गारंटीड टर्मिनल लाभ प्रदान करता है। यह योजना न्यूनतम 5 से अधिकतम 15 वर्षों की अवधि के लिए उपलब्ध है।

प्लान ग्राहक की पसंद के अनुसार केवल इंकम बेनिफिट, इंक्रीजिंग इंकम बेनिफिट, सिंगल प्रीमियम लेवल इंकम बेनिफिट और सिंगल प्रीमियम एन्हांस्ड कवर के साथ लेवल इनकम बेनिफिट प्रदान करता है। परिपक्वता हितलाभ गारंटीड इमकम बेनिफिट और गारंटीड टर्मिनल बेनिफिट के रुप में देय होगा। जोखिम शुरु होने के बाद पॉलिसी की अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में योजना परिवार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। मृत्यु हितलाभ का भुगतान पॉलिसीधारक/बीमित व्यक्ति द्वारा प्रयोग किए गए विकल्प के अनुसार 5 वर्षों की अवधि में एक मुश्त और या किश्तों में किया जाएगा।

इस योजना के तहत विकल्प ए और बी के लिए न्यूनतम बीमा राशि 3 लाख 30 हजार रुपये और विकल्प सी के लिए 2 लाख 50 हजार रुपये और विकल्प डी के लिए 22लाख रुपये है। अधिकतम प्रीमियम की कोई सीमा नहीं है। चयनित पॉलिसी अवधि के आधार पर प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 3 वर्ष (पूर्ण) है।

## साइटसेवर्स का इट टेक्स टू-अस एण्ड यू अभियान

**जयपुर** (कासं)। जनगणना के मुताबिक राजस्थान में करीब 16 लाख लोग विकलांगता पीडित है। देश में 55 साल से गरीब असहायों की अंधता और विकलांगता को दूर कर उनके जीवन में नई रोशनी भरने वाले "साईट सेवर्स इंडिया का, इट टेक्स टू-अस ऐंड यू" अभियान अब इनके लिए उम्मीद की किरण बनेगा। राजस्थान, यूपी बिहार, पश्चिम बंगाल उडीसा एमपी छतीसगढ और झारखंड समेत देशभर में अधंता मिटाने के लिए कार्यरत साइट सेवर्स ने 2021 में प्रदेश के 14 लाख लोगों की जांच की और अब इनके निशुल्क ऑपरेशन होंगे। इतना ही नहीं प्रदेश में अंधेपन को घटाकर 0.3 फीसदी करने के लिएप्रदेश के डूंगरपुर उदयपुर चितौडगढ हनुमानगढ अलवर नागौर गंगानगर में खुले साइटसेवर्स निःशुल्क क्लिनिक में नेत्र जांच करवा सकेंगे।

# जलदाय कर्मचारियों ने ली इंटक की सदस्यता



**जयपुर** (कासं)। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत के नेतृत्व में सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने बुधवार को सिविल लाइन स्थित शांति कॉलोनी चौकी पर सामूहिक रूप से इंटक की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर यूनियन के सलाहकार रामाशंकर गुर्जर, राजेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, जिलाध्यक्ष जयपुर के ताराचंद सैनी, महामंत्री रामधन सैनी, वृत दक्षिण के अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, वृत उत्तर के अध्यक्ष हरि नारायण मीणा के समक्ष कर्मचारियों ने सदस्यता ग्रहण की। नये सदस्य बने कर्मचारियों को माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ताराचंद सैनी ने गंगा सहाय मीणा को नगर खंड द्वितीय का अध्यक्ष और महामंत्री जगदीश नारायण को मनोनीत किया। इस पर सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

# 'एनआरआई स्काई पार्क' प्रोजेक्ट के विरोध में उतरे लोग

## राज आंगन सोसायटी के पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों लोगों ने हाऊसिंग बोर्ड मुख्यालय को घेरा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान आवासन मण्डल के प्रताप नगर में बनने वाले बहुमंजिला आवासीय लग्जरी प्रोजेक्ट "एनआरआई स्काई पार्क" का विरोध परवान पकड़ रहा है। बुधवार को राज आंगन कॉलोनी के लोग एकजुट होकर हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय पहुंचे, यहां कोई अधिकारी नहीं मिला तो लोगों ने मुख्यालय परिसर में करीब आधे घंटे तक नारेबाजी की।

राज आंगन सोसायटी, एनआरआई कॉलोनी के पदाधिकारियों के नेतृत्व में कॉलोनी के लोग हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय पहुंचे। यहां हाउसिंग बोर्ड के असफर नहीं मिलने पर लोगों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। महिलाओं ने हाथों में "धोखाधड़ी बंद करो, स्काई पार्क प्रोजेक्ट रद्द करो, कॉलोनी में सुविधाएं बढ़ाने के वादे पूरे करो..." जैसे नारे लिखी हुई तख्तियां ले रखी थी, वहीं लोगों के साथ महिलाओं ने भी नारेबाजी की। लोगों ने एनआरआई स्काई पार्क प्रोजेक्ट रद्द करने की मांग की।




प्रताप नगर में बनने वाले हाऊसिंग बोर्ड के लग्जरी फ्लैट्स के प्रोजेक्ट 'एनआरआई स्काई पार्क' के विरोध में बुधवार को महिलाओं समेत सैकड़ों लोगों ने आवासन मुख्यालय पर नारेबाजी कर विरोध जताया।

राज आंगन सोसायटी के सचिव संजय हरपावत ने कहा कि हम विदेश छोड़कर जयपुर आए, हाऊसिंग बोर्ड ने जो वादे हमसे किये थे, वो 22 साल बाद भी पूरे नहीं हो रहे है। 22 साल में एक भी सुविधा नहीं मिली। हरपावत ने कहा कि कॉलोनी की सुविधा क्षेत्र की जगह पर एनआरआई स्काई पार्क प्रोजेक्ट लाना गलत है। उन्होंने आरोप लगाए कि सरकारी संस्थान ही भूमाफिया बन जाएगा तो जनता किससे पास समस्या लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर बात रखेंगे। जरूरत हुई तो कानूनी प्रक्रिया भी अपनाएंगे।

ज्ञात रहे कि कुछ दिन पहले ही नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने हाउसिंग बोर्ड की इस स्कीम को लांच किया था। इस योजना में 3 अलग-अलग साइज में 168 मल्टीस्टोरी फ्लैट्स बनाए जाएंगे, जिनकी कीमत 1.23 करोड़ रुपए से 2.60 करोड़ रुपए रखी गई है। कुम्भा मार्ग सेक्टर-24 में बनाई जा रही ये स्कीम एनआरआई कॉलोनी लगती 16235 वर्गमीटर जमीन पर बनाया जाना प्रस्तावित है।

## सुभाष चौक मस्जिद में हाफिज ने किया नाबालिग से कुकर्म

**जयपुर**। सुभाष चौक इलाके स्थित एक मस्जिद में हाफिज ने नाबालिग के साथ कुकर्म की वारदात को अंजाम दिया। मुकदमे की भनक लगते ही आरोपी हाफिज फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

थानाधिकारी जयप्रकाश पूनियां ने बताया कि घटना रमजान माह की इलाके स्थित एक मस्जिद की है। 17 वर्षीय किशोर दीनी तालीम के लिए मस्जिद में जाता था। एक दिन मौका पाकर हाफिज सरफराज ने उसके साथ कुकर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद हाफिज सरफराज लगातार बच्चे को ब्लैकमेल कर कभी मस्जिद तो कभी अपने घर ले जाकर कुकर्म करता रहा। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फ़िलहाल वह फरार है। उसकी तलाश जारी है। पीड़ित बच्चा कुकर्म के बाद घर में गुमसुम रहने लगा। हाफिज सरफराज के अत्याचारों से तंग आकर आखिरकार उसने अपने परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों ने थाने में मामला दर्ज कराया।



## World Juggling Day

Swirling and looping, rising and falling, the juggler's tools fly through the air with an elegance surprising in pins and rings, knives and hatchets. World Juggling Day recognizes the fantastic feats of dexterity and skill required by their demanding art form. The types of amazing things you can juggle and the styles of juggling are truly far and wide; World Juggling Day is your opportunity to show and recognition some of them at their best.

#INSIGHT

# Path Of Joy

Do not be a follower of the majority, live life on your own terms. May these path quotes inspire you on the path of joy.




Path is defined as a way of life, conduct or thought; a trodden way; a route or track between one place and another or the direction in which something is moving; a set of actions, especially ones that lead to a goal or result. The path of joy is different for everyone, you have your own passions, gifts and talents that will make a positive difference to humanity.

### The Path to Joy

- We may travel to far places.
- We may acquire opulence through the material.
- We may have many lovers, friendships and a great social life.
- We may find love in another being to pass our time with.
- We may have beautiful children that we care for deeply.
- We may carry deep and strong belief structures about creation, the government and mankind.
- We may have dreams, aspirations and passions.

But at the end of it......when this body is to perish, what will you take and



what will matter – in other words, can you find joy before the final curtain closes? Can you see what many fail to see before it's too late.

Everything in this life is rented. It comes with an expiration date – of which the time and place is unknown.

These questions might sound deep, morbid and even stressful to some, but anything worthwhile came out of hardship.

Here are few joy quotes we could find for you to uplift your spirits. We've spent some time-collecting them. The goal? To inspire you to live more deeply, lightly and purposefully just enjoy every moment!

### Inspiring Quotes

"Ancient Egyptians believed that upon death they would be asked two questions and their answers would determine whether they could continue their journey in the afterlife. The first question was, 'Did you bring joy?' The second was, 'Did you find joy?'"
***-Leo Buscaglia***

--------------------------------

"We are all capable of living lives characterized by great joy. Within each of us is an amazing human spirit that is strong enough to overcome pain and disappointment. And no matter what our current situation happens to be or what beliefs we may currently harbour about ourselves, we can tap into that inner strength and wisdom and move forward to create more joy." ***-Salle Merrill Redfield***

--------------------------------

"Joy is not in things; it is in us." ***-Richard Wagner***

--------------------------------

"Sometimes your joy is the source of your smile, but sometimes your smile can be the source of your joy."
***- Nhat Hanh***

--------------------------------

"My primary and most essential goal in life is to remain connected to the world of spirit. Everything else will take care of itself-this I know for sure. And my number-one spiritual practice is trying to live in the present moment … to resist projecting into the future or lamenting past mistakes … to feel the real power of now. That, my friends, is the secret to a joyful life."
***-Oprah Winfrey***

--------------------------------

"Joy is what makes life worth living, but for many, joy seems hard to find. They complain that their lives are sorrowful and depressing. What then brings the joy we so much desire? Are some people just lucky, while others have run out of luck? Strange as it may sound, we can choose joy. Two people can be part of the same event, but one may choose to live it quite differently than the other. One may choose to trust that what happened, painful as it may be, holds a promise. The other may choose despair and be destroyed by it. What makes us human is precisely this freedom of choice."
***-Henri Nouwen***

--------------------------------

"Joy is what happens to us when we allow ourselves to recognize how good things really are."
***-Marianne Williamson***

--------------------------------

"Joy is not constant. It comes to us in moments - often ordinary moments. Sometimes we miss out on the bursts of joy because we're too busy chasing down the extraordinary moments. Other times we're so afraid of the dark we don't dare let ourselves enjoy the light. A joyful life is not a floodlight of joy. That would eventually become unbearable. I believe a joyful life is made up of joyful moments gracefully strung together by trust, gratitude and inspiration." ***-Brené Brown***

--------------------------------

"Joy descends gently upon us like the evening dew, and does not patter down like a hailstorm." ***-Jean Paul***

--------------------------------

"From tiny, tiny waves of joy, one gets to the ocean of happiness, which is called bliss."
***-Maharishi Mahesh Yogi***





Johnny Cash

"Sounds like a funeral / for some person here / and I might be the one," Russell sang in the title track, which opened the album. What followed had a valedictory feel, as the songs ticked through the many styles Russell's earlier catalogue contained. He also revisited a pair of standards he had written: This Masquerade and Song for You. The latter, first cut in 1970 for Russell's debut, never sounded more rapturous than in this late rendering. The lyrics present music as an offering. Russell's final one distilled his lost life into a gift that fans can keep.

"Closers are important as maestro Salieri told the father who had come to takes his confession, as he lay dying in 1825. "Goodbye, Father. I'll speak for you. I speak for all mediocrities in the world. I am their champion. I am their patron saint. On their behalf I deny Him, you're God of no mercy. Your God who tortures men with longings they can never fulfill. He may forgive me: I shall never forgive him. Mediocrities everywhere, now and to come: I absolve you all! Amen! Amen! Amen!"

# Dying words
## Sung by Musicians

#MUSIC



**Divij Sharma**
*Arbit Correspondent*

*"Death ends a life, not a relationship."* ***-Mitch Albom, Tuesdays with Morrie***

While driving to Amer Fort this Sunday, I was listening to some music from my pen-drive. The playlist was on random, picking music from some vague but certain algorithm poignantly playing some soul reaching music. Then came "Hurt" by Johnny Cash. Instead of being a song about a young individual on the downward spiral to self-destruction, Cash interpreted the lyrics as a man at the end of his life. The result is heartbreaking as the veteran musician sings in a quavering, emotional voice:

*"I hurt myself today*
*To see if I still feel*
*I focus on the pain*
*The only thing that's real*

*The needle tears a hole*
*The old familiar sting*
*Try to kill it all away*
*But I remember everything*

*What have I become?*
*My sweetest friend*
*Everyone I know goes away*
*In the end*

*And you could have it all*
*My empire of dirt*
*I will let you down*
*I will make you hurt*

*I wear this crown of thorns*
*Upon my liar's chair*
*Full of broken thoughts*
*I cannot repair*

*Beneath the stains of time*
*The feelings disappear*
*You are someone else*
*I'm still right here*

*If I could start again*
*A million miles away*
*I would keep myself*
*I would find a way"*


At the time Cash was singing the song he was suffering from autonomic neuropathy brought on by diabetes and by the time he recorded Hurt, his health was failing. There were times when his voice sounded broken. He tried to turn that into a positive in the selection of the music. It was a real struggle for him. Johhny did not write the song, in-fact he borrowed it from "Nine Inch Nails", "Hurt" by Johhny Cash was a cover to their song, he made it his own. In honesty, that is how everyone remembers it as, Johnny's last number.

Last songs is more like a cultural thing, it is an idiom. Almost as the final realization or lesson, a yearning, an appeal to one whom you love with the audience as witness to the singer's honesty. Sometimes, the last song is not the last song, but for 'human' reasons it is remembered as such. Freddie Mercury's "Bohemian Rhapsody" is an example.

*Is this the real life?*
*Is this just fantasy?*
*Caught in a landside,*
*No escape from reality*
*Open your eyes,*
*Look up to the skies and see,*
*I'm just a poor boy, I need no sympathy,*
*Because I'm easy come, easy go,*
*Little high, little low,*
*Any way the wind blows doesn't really matter to*
*Me, to me*
*Mama,*
*Just killed a man,*
*Put a gun against his head, pulled my trigger,*
*Now he's dead*
*Mama, life had just begun,*
*But now I've gone and thrown it all away*
*Mama, oooh,*
*Didn't mean to make you cry,*
*If I'm not back again this time tomorrow,*
*Carry on, carry on as if nothing really matters*

"Bohemian Rhapsody" was written and recorded by the British rock band Queen from their fourth album, A Night at the Opera (1975). Freddie the lead singer of the band died in the year 1991, due to AIDS related complications.

We all know we're going to die. But only some of us have a sense of when. If those haunted with that knowledge seem cursed, in another way they're privileged. They have the rare chance to write their own eulogies, to make a statement that gives their final days shape.



Sharon Jones.

Musicians have taken special advantage of this. Actuarial tables, and bad circumstance, have placed an increasing number of them in mortality's path - and, over the last few years, many have seized that opportunity to speak from the precipice on their final albums. They're not the first to write from this perspective. In the past, doomed stars like Warren Zevon, Johnny Cash, and Freddie Mercury have put their final thoughts and feelings into song. At the moment, however, the list of musicians in this poignant group is starting to seem as long those who belong to the dreaded "27 Club", the coterie of artists felled at that tender age from drugs.

Here's a look at those artists brave enough to record their thoughts as their days ran short.

### David Bowie - Blackstar

Few rock star deaths have seemed more finely scripted than David Bowie's. Two days after releasing his final album, on his 69th birthday, the announcement came that the star had died after having faced liver cancer for the previous 18 months. After that acknowledgment, Bowie's last lyrics became the subject of Talmudic scrutiny. While his words, like many in his career, leaned towards the elliptical, his last seemed clear enough. "Look up here, I'm in heaven," he sang in Lazarus, referencing the biblical figure raised from the dead. "Something happened on the day he died," Bowie intoned in the title track. "Spirit rose a meter and stepped aside." The jazz-inflected avant-rock sound he and his band created mirrored the words' hallowed mystery. In life, Bowie always seemed otherworldly. Yet in the commitment he made to his final music, he seemed entirely present.

Leonard Cohen - You Want It Darker

Several months before his death in November 2016, Leonard Cohen gave an interview to the New Yorker in which he announced he was "ready to die". Only later was it revealed that he had been diagnosed with cancer. After his death, at age 82, a prophetic letter he wrote came out. It had been penned several months earlier for an ex-lover made famous by his song So Long Marianne, who had just died from leukemia. "I think I will follow you very soon," Cohen wrote. "Know that I am so close behind you that, if you stretch out your hand, I think you can reach mine."

*"If you are a dealer*
*I'm out of the game*
*If you are a healer*
*I'm broken and lame*
*I'm ready, my Lord."*

Past Cohen songs often stressed humility in the face of mortality, but this time the sentiment gained in urgency and authority. The music he matched it to - the deepest, darkest and slowest of his career - had a sepulchral resonance. As always, Cohen seemed accepting of life's arc;

"I better hold my tongue / I better take my place," he sang. "Lift this glass of blood / try to say the grace.



Leonard Cohen.

### Gregg Allman - Southern Blood

According to Gregg Allman's manager Michael Lehman, the singer knew he would never record another song after he finished Southern Blood, an album released earlier in the fall of 2017. Allman wasn't even sure he'd survive long enough to complete its sessions. Though he had been diagnosed with liver cancer in 2012, he remained strong enough to continue touring for three more years. Early in March 2016, Allman spent nine days recording songs that would amount to what Lehman calls his "final statement". Some of the song titles alone tell the story: Going, Going Gone (a Dylan cover) and Once I Was (by Tim Buckley). The album's opening track, My Only True Friend, penned by Allman for his late brother, Duane, hinged on the refrain "I hope you're haunted by the music of my soul when I'm gone".

To complete a circle, Allman cut his final tracks at Muscle Shoals' Fame Studios, the same facility where he made some of his first recordings. The album's most shattering song came at its close: a cover of Jackson Browne's Song for Adam, which addresses a friend's suicide. When Allman approached the key line 'it seemed he stopped his singing in the middle of his song', his voice caught. He couldn't complete the line. The producers decided to leave that absence in. On 27 May, the morning after approving the song's mix, the midnight rambler moved on.



David Bowie.



Greg Allman.



Leon Russell.

### Leon Russell - On A Distant Shore

Russell survived highly invasive heart surgery five months before he died in November 2016. Though the legend expected to live beyond his final recording, he grappled with the whims of mortality throughout the material. "Sounds like a funeral / for some person here / and I might be the one," Russell sang in the title track, which opened the album. What followed had a valedictory feel, as the songs ticked through the many styles Russell's earlier catalogue contained. He also revisited a pair of standards he had written: This Masquerade and Song for You. The latter, first cut in 1970 for Russell's debut, never sounded more rapturous than in this late rendering. The lyrics present music as an offering. Russell's final one distilled his lost life into a gift that fans can keep.

### Sharon Jones and the Dap-Kings - Soul of A Woman

The final album by the queen of neo-soul will come out one year to the day after the star died of pancreatic cancer. Several months before she died, Jones stopped taking the drugs the doctors had given her. They drained the energy she required to fulfill the mission that gave her life meaning: to sing. In Jones's final recordings, her voice sounds improbably robust. Always a high-energy artist, she idealized that power in the end, while also finding in the material a new depth. Pushing beyond her usual commitment to old-school soul and R&B, she tapped a gospel faith. It's a Matter of Time anticipates a better future for society, while Searching for a New Day posits positivity as its own reward. The songs build to the final Call on God, a piece which emphasizes Jones's devotion to the church, leaving in her wake a deep well of belief.

### Conclusion

Closers are important as maestro Salieri told the father who had come to takes his confession, as he lay dying in 1825. "Goodbye, Father. I'll speak for you. I speak for all mediocrities in the world. I am their champion. I am their patron saint. On their behalf I deny Him, you're God of no mercy. Your God who tortures men with longings they can never fulfill. He may forgive me: I shall never forgive him. Mediocrities everywhere, now and to come: I absolve you all! Amen! Amen! Amen!" And it is the last song that separates the mediocre from the truly superior.

writetoarbit@rashtradoot.com

#TRIED&TASTED

# Flavoursome Falafel

On the 12th of June each year, it is time to celebrate one of the world's favourite chickpea treats with International Falafel Day!

Calling all fans of falafel! Deep-fried and composed of chickpeas or fava beans, this Middle Eastern food is often found wrapped up in pita bread, or served with salad and sauces. No matter how this dish is served, falafel is a bit crunchy on the outside, soft on the inside and absolutely delicious in every way.

When it comes to a falafel recipe, homemade is much tastier, healthier, and way more fun. Not to mention, you can make them gluten-free, vegan, and Paleo.

So roll up your cooking sleeves because things are about to get interesting. These falafel recipes are going to blow your mind and get you hooked on homemade.

## Magical Green Falafels

### Ingredients

- 1 cup dry garbanzo beans (Chickpeas)
- 1 cup split broad beans/fava beans or replace with more chickpeas
- 2 teaspoon baking soda
- 1/2 stalk celery chopped
- 1 large onion chopped
- 1/3 cup red bell pepper chopped
- 2/3 cup fresh parsley
- 2/3 cup fresh mint
- 1/2 cup fresh dill
- 1 teaspoon salt
- 2 teaspoon ground cumin
- 3/4 teaspoon garlic powder
- 1/4 teaspoon oregano
- 1/4 teaspoon of each: cinnamon anise, cardamom, ginger
- 1/4 teaspoon nutmeg
- 1/2 teaspoon baking soda
- 1/2 cup rice flour or chickpea flour
- Oil for frying



### Preparation

1. Place the chickpeas and broad beans in a large bowl with the baking soda. Cover with water and let it soak overnight.
2. Drain and rinse the beans. Place them in a food processor and all the other ingredients: celery, onion, red bell pepper, fresh herbs, salt, spices, garlic powder, oregano, baking soda and rice flour.
3. Pulse until all the ingredients are finely chopped and a coarse meal forms. Scrape down the sides and pulse again until the texture looks like a fine meal, like couscous. Taste and adjust the seasonings if needed.
4. Transfer the mixture to a large bowl. Using your hands form small balls, or thick discs and place them on a place lined with parchment paper. Chill in the refrigerator for at least 1 hour. It's even better to let them rest overnight to let the flavours develop.
5. Fill a large skillet with vegetable oil, you want a depth of about 1 inch. Heat over medium heat for about 5-7 minutes. When the oil is hot, fry the falafels for 2-3 minutes each side.
6. Once the falafels are ready remove them from the oil using a slotted spoon and transfer to a plate covered with paper towels.
7. Serve immediately and enjoy with hummus, tabbouleh or tahini sauce. You can also place them in pita bread with hummus, salad and red onions.

## Spicy Cauliflower Falafel with Beetroot Dip

### Ingredients

For the falafel

- 300 g cauliflower florets
- 400 g can butter beans, rinsed and drained
- 1/2 cup (35 g) flat leaf parsley
- 1/2 cup (60 g) almond meal
- 80 g wholemeal spelt flour
- 3 garlic cloves
- 1 teaspoon chilli flakes
- 1 teaspoon ground cumin
- 1 1/2 teaspoons sea salt flakes
- 1/4 teaspoon baking powder

For the beetroot dip

- 450 g whole baby beetroot, rinsed and drained
- 1 garlic clove
- 50 g toasted pine nuts
- Sea salt flakes and black pepper to taste
- Salad leaves to serve

### Preparation

1. Place cauliflower, butter beans, parsley, almond meal, spelt flour, garlic, chilli, cumin, salt and baking powder in the jug of a food processor and process until coarsely chopped and mixed.
2. Shape the mix into 20 golf ball sized balls.
3. Heat sunflower or vegetable oil in a small saucepan on high (oil height in pan at least 5-6 cm).
4. Carefully drop 3-4 falafel balls in the oil and fry for a minute or two until cooked and golden. Remove with a slotted spoon and drain on paper towels. Repeat for remaining balls.



5. To make the beetroot dip, place all ingredients in a small food processor and blitz for a few seconds until smooth.
6. Serve falafels on a bed of greens with beetroot dip.

## Baked Falafel

### Ingredients


- 2 cups cooked lentils
- 1 huge handful (a cup or so) fresh cilantro leaves and stems
- 1 huge handful (a cup or so) fresh parsley leaves and stems
- half a jalapeño
- 1 1/2 tablespoons olive oil
- 1-2 cloves garlic
- a squeeze of lemon juice
- 1 teaspoon salt
- 1-2 tablespoons all-purpose flour (sub a gluten free flour if needed)



### Preparation

1. Preheat the oven to 350 degrees. Pulse all ingredients except flour in a food processor until combined. The mixture should form semi-dry crumbles that stick together when you press them.
2. Stir in the flour - just one tablespoon at a time, until it's just dry enough to handle. Form into 9 patties and bake for 18 minutes. Remove from oven and use in salads, sandwiches, bowls, etc. Refrigerate for a few days or freeze.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# नाबालिग छात्रा का मण्डरायल के किले में शव पड़ा मिला

## ग्रामीणों ने बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई



मण्डरायल के किले में बालिका का शव मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों से चर्चा करते पंचायत राज्य मंत्री रमेश मीणा।

**मण्डरायल/करौली, (निंस.)।** घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली एक 15 वर्षीय बालिका का बुधवार को प्रात: मंडरायल किले में शव पड़ा मिला। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और लोग देर शाम तक विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे। इस दौरान पंचायत राज्य मंत्री सहित क्षेत्रीय सांसद भी पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे।

मंगलवार को प्रात करीब 7 बजे बालिका के लापता होने के बाद परिजनों ने दोपहर स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस और परिवार जन लापता बालिका की तलाश में जुट गए। इसके बाद बुधवार प्रात: बालिका का शव मंडरायल किले में सुनसान जगह पर पड़ा हुआ मिला। मंडरायल थाना अधिकारी बनवारीलाल पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद करौली एडिशनल एसपी कृष्ण चंद्र,महिला अपराध प्रकोष्ठ के एएसपी किशोर बूटोलिया, पुलिस उपाधीक्षक करौली मनराज मीणा भी मौके पर पहुंचे जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इंदौलिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मोबाइल इन्वेस्टिगेशन टीम, डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम को मौके पर भेजा। जिन्होंने मौके से साक्ष्य सबूत जुटाए। इसके बाद बालिका के शव को पुलिस द्वारा किले से मंडरायल चिकित्सालय लाया गया।

घटना के विरोध में बालिका के परिवारजनों सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष चिकित्सालय के सामने सड़क पर धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की साथ ही धरने पर बैठे लोगों ने अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार किए जाने की मांग की। दोपहर 12बजे पंचायत राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मीणा भी चिकित्सालय पहुंचे जहां धरने पर बैठे परिजनों एवं ग्रामीणों से समझाइश करते हुए दोषियों को सात दिवस में गिरफ्तार किए जाने का आश्वासन दिया। जिस पर परिजन पोस्टमार्टम के लिए सहमत हो गए। पांच सदस्सीय चिकित्सकों की टीम द्वारा बालिका के शव का पोस्टमार्टम किया लेकिन परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा यह कहकर शव लेने से इंकार कर दिया कि अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए और परिजन व ग्रामीण सड़क पर फिर से धरने पर जा बैठे और पत्थर इत्यादि डालकर सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया।

- **पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तारी के लिए सात दिन का समय मांगा**

घटना के विरोध में मंडरायल कस्बे के बाजार भी बंद हो गए। पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा,तहसीलदार महेंद्र कुमार गुप्ता एवं पुलिस अधिकारी इस दौरान चिकित्सालय में ही रुके रहे। इसके बाद करीब 3 बजे मंत्री मीणा ने धरने पर बैठे परिजनों व माली समाज के लोगों सहित ग्रामीणों को समझाइश का प्रयास करते हुए कहा कि किसी को बक्सा नही जायेगा।

पुलिस प्रशासन ने सात दिन का समय अपराधियो को गिरफ्तार करने के लिये मांगा गया है यदि सात दिन मे पुलिस प्रशासन आरोपियो को गिरफ्तार नही कर पाये तो आप धरना प्रदर्शन खूब करना। साय:6बजे क्षेत्रिय सांसद डॉ. मनोज राजौरिया भी मंडरायल पहुॅचे उन्होंने धरने पर बैठे परिवार जनो को ढांढस बंधाते हुए लोगों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी की बात कही। ग्रामीणों द्वारा बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

# मांडलगढ़ रेलवे माल ढुलाई के किराए में फर्जीवाड़े की जांच करने पहुंची सीबीआई की टीम

- **जयपुर से आई सीबीआई टीम ने कंटेनर डिपो से पाउडर के कुछ सैम्पल लिए**
- **अधिकारियों और ट्रांसपोर्ट कम्पनी की फर्म ने मिलीभगत कर रेलवे को करोड़ों का चूना लगाया**

**मांडलगढ़, (निसं)।** भीलवाड़ा के मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन पर कंटेनर डिपो यार्ड में माल ढुलाई के किराए में फर्जीवाड़े का मामला दो माह पूर्व सामने आया था। इस फर्जीवाड़े की खबर मीडिया में उजागर होने के बाद बुधवार को जयपुर सीबीआई की टीम मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन पर जांच करने पहुंची। यहां रेलवे अधिकारियों और ट्रांसपोर्ट कम्पनी की फर्म ने मिलीभगत कर रेलवे को करोड़ों का चूना लगाया है।

जयपुर से आई 4 सदस्यीय सीबीआई टीम ने कंटेनर डिपो से पाऊडर के कुछ सैम्पल उठाए हैं और करीब 20 से अधिक मालगाड़ियों में एलम पाऊडर की आड़ में सोपस्टोन पाऊडर लोडिंग सम्बन्धी दस्तावेज जब्त कर टीम अपने साथ ले गई। सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक कोटा-चित्तौड़गढ़ रेलवे मार्ग पर संचालित अन्य तीन डिपो से भी गुड्स ट्रांसपोर्ट सम्बन्धी दस्तावेज जब्त कर जाँच की जा रही है। मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन पर सीबीआई टीम ने करीब 3 घण्टे तक जांच कर स्टेशन कर्मचारियों से पूछताछ की। हालांकि टीम ने मीडिया से कोई जानकारी साझा नहीं की है।

## मकान जलाने के आरोपी गिरफ्तार

**जालोर, (कासं)।** जालोर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को रहवासी मकान जलाने के आरोपी को गिरफ्तार किया। जिले में चोरी व नकबजनी एवं गंभीर प्रवृति की वारदातों का पर्दाफाश कर आरोपीयों की धरपकड़ कार्यवाही के तहत जालोर कोतवाली थानाधिकारी अरविन्द कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने वांछित मुलजिम सांवलाराम पुत्र उकाराम, जाति भील, निवासी बिशनगडढ़ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## अफीम के दूध सहित एक गिरफ्तार

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के बागरा पुलिस ने बुधवार को अफीम का दूध बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत बागरा थानाधिकारी तेजूसिंह के नैतृत्व में गठित टीम मय जाब्ता को दौराने नाकाबंदी सहरद मेडा उपरला में करणी माता मन्दिर के पास में अभियुक्त सुरेन्द्र उर्फ सुनिल (23) पुत्र नैनाराम जाति बिश्नोई निवासी मन्दिर के पास विश्णु नगर पुलिस थाना लुणी जिला जोधपुर कमिष्नरेट हाल मेड़ा उपरला पुलिस थाना बागरा जिला जालोर के कब्जे से अवैध अफीम का दूध वजन कुल 50.10 ग्रम बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

## नांगल पहाड़ी जोन में अधिकारियों ने अवैध खनन की पुष्टि

**बयाना, (निस)।** क्षेत्रीय सांसद रंजीता कोली ने बुधवार को बयाना में अपने निवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उनकी शिकायतों के बाद नांगल पहाड़ी जोन के खसरा नम्बर 162 में अवैध खनन होने की पुष्टी मौके पर पहुंचे अधिकारियों की टीम ने भी की है। तो क्या अब वहां की विधायक व राज्यमंत्री जाहिदा खान अपने पद से इस्तीफा देंगी। आपको बता दें कि गत दिवस क्षेत्रीय सांसद ने पत्रकारों के समक्ष कहा था कि अगर कामां पहाड़ी क्षेत्र में वैध खनन नहीं हो रहा तो वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगी और अगर अवैध खनन हो रहा तो क्या राज्यमंत्री इस्तीफा देंगी। चूंकी अब 15 जून को खनिज विभाग के अधिकारियों की टीम ने कामां के नांगल पहाडी जोन में जांच के दौरान अवैध खनन होने की पुष्टी करते हुए बताया है कि उन्हें वहां एक पोकलेन मशीन भी अवैध खनन करते पाई गई।

# बजाज फाइनेंस में कार्यरत ऑफ रोल कर्मचारी ने की ग्राहकों से धोखाधड़ी

- **कर्मचारी द्वारा लोन पर प्रोडक्ट दिलवाने के नाम पर ठगी की वारदात की**

**अजमेर, (कास)।** अजमेर के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र कचहरी रोड स्थित बजाज फाइनेंस कंपनी के एक ऑफ रोल कर्मचारी ने बजाज फाइनेंस और ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले में फाइनेंस कंपनी के मैनेजर और पीड़ित ग्राहकों ने कोतवाली थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। उक्त कर्मचारी द्वारा लोन पर प्रोडक्ट दिलवाने के नाम पर लगभग 4 लाख 76 हजार रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दी है। कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल हबीब खान ने बताया कि थाने में परिवादी बजाज फाइनेंस में लोकेशन मैनेजर राकेश कुमार सैनी ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसमें बताया गया कि कंपनी में कार्यरत ऑफ रोल कर्मचारी खानपुरा निवासी हसन अब्बास ने ग्राहकों से आईडी लेकर प्रोडक्ट अपलोड कराने के नाम पर 4 लाख 76 हजार रुपये की धोखाधड़ी की है। हसन अब्बास ने लोगों के लोन तो करवा दिए लेकिन उसकी राशि स्वयं हड़प ली और ग्राहकों को किसी भी तरह का कोई प्रोडक्ट नहीं मिल पाया। कंपनी के ग्राहकों ने बताया कि उन्हें कोई प्रोडक्ट नहीं मिला। जबकि उनसे पूरे पैसे ले लिए गए है। मामला जानकारी में आने के बाद बजाज फाइनेंस में हडकंप मचा गया और पूरी जांच के बाद अब बजाज फाइनेंस परिवादी सैनी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 406 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपी हसन अब्बास की भी तलाश की जा रही है जो फिलहाल अपने फोन बंद कर नदारद हो चुका है।

हैड कांस्टेबल खान ने बताया कि वहीं ऑफ रोल कर्मचारी परिवादी खानपुरा दौराई निवासी हसन अब्बास ने भी फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। अब्बास ने रिपोर्ट में बताया कि कचहरी रोड स्थित बजाज फाइनेंस में देर रात बुलाकर उसके कार मारपीट करने और मारपीट का वीडियो बनाने का आरोप लगाया। रिपोर्ट में अब्बास ने बताया है कि 5 जून को कंपनी में इंटरव्यू दिया था इसके बाद उसे कचहरी रोड बजाज फाइनेंस जो कि आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर संचालित है, रात 9:30 बजे उसे बुलाया गया, जहां उसके साथ मारपीट की गई और उसका वीडियो बनाया गया।

## वल्लभनगर विधायक प्रीति शक्तावत करोना पॉजिटिव

**उदयपुर, (निस)।** उदयपुर में बुधवार को 418 सेम्पल्स की जांच में तीन संक्रमित पाए गए। वल्लभनगर विधायक प्रीति शक्तावत भी करोना संक्रमित हो गई हैं। सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि बुधवार को जिले में मिले तीन पॉजीटिव शहरी क्षेत्र से हैं। जिले में करोना के एक्टिव केस की संख्या 19 हो गई है। राहत की बात है कि सभी 19 संक्रमित होम आइसोलेटेड है इनमे से एक भी हॉस्पिटल में भर्ती नहीं है। विधायक प्रीति शक्तावत ने गले में खरास होने पर उन्होंने करोना जांच करवाई थी जिसमें वे संक्रमित पाई गई। उन्होंने खुद को होम आइसोलेट कर लिया है और संपर्क में आये लोगो को भी जांच करवाने की सलाह दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य सभा चुनाव के चलते प्रीति शक्तावत गत 1 से 9 जून तक उदयपुर में कांग्रेस द्वारा की गई बाड़ाबंदी में शामिल हुई थी और बाद में यहां जयपुर गई थी।

# विधायक को हत्या की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** करीब तीन वर्ष पहले ओसियां के तत्कालीन विधायक को हत्या की धमकी देकर फरारी काट रहा आरोपी बांदरसिंदरी थाना पुलिस के हत्थे चढ़ गया। थाना प्रभारी प्रभातीलाल मीणा ने बताया कि विगत 10 नवंबर 2018 को ओसिया जोधपुर विधायक भेराराम सियोल को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी, संबंधित पुलिस थाना पुलिस ने मोबाइल नम्बर के आधार पर गांव नौसर (मतोडा) जोधपुर निवासी सवाई सिंह (24) पुत्र हरिसिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसे पकड़ने के लिये पुलिस ने पूरी ताकत झोक दी गई, किन्तु वह पुलिस को चकमा देकर फरारी काटता रहा, इस बीच पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा द्वारा अपराधियों की धरपकड अभियान के अंतर्गत सवाई सिंह पुलिस की गिरफ्त में आ ही गया।



बांदरसिंदरी थाना पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

## चोरी की वारदात का खुलासा, एक गिरफ्तार

**रानी, (निसं)।** रानी के ग्राम दादाई में हुई नकबजनी में शातिर चोर व माल का खरीददार को गिरफ्तार किया। पुलिस थाना रानी द्वारा लगातार दूसरी नकबजनी की वारदात का खुलासा जिला पुलिस अधीक्षक जिला पाली राजन दुष्यन्त आई.पी.एस ने बताया कि थानाधिकारी रानी मय जाब्ता द्वारा की मुखबिर तंत्र व आसूचना संकलन के जरिये ग्राम दादाई में वर्ष 2021 में हुई नकबजनी की वारदात का पर्दाफाश करते हुये नकबजनी की वारदात को अजांम देने वाले दो विधि से सघर्षरत किशोर व चोरी का माल खरीददार कन्हैयालाल सोनी को गिरफ्तार कर चोरी गये माल की बरामदगी के प्रयास जारी है।

पुलिस के अनुसार मोतीराम (39) निवासी देवासियों की ढ़ ाणी दादाई ने एक लिखित रिपोर्ट देकर बताया कि घर पर रात्रि करीबन 10.00० बजे तक जाग रहा था इसके बाद करीबन 11 बजे के बाद नीन्द आ जाने के कारण अज्ञात लोगों ने मेरे घर में घूस कर उसके घर के अन्दर से रुपये पैसे व सोने चांदी के आभूषण चोरों द्वारा घर से चोरी कर फरार हो गये हैं।

# नेशनल हाइवे-52 रोकने वाले पांच आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

**बूंदी, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 व 148 डी को जाम करने के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए गिरफ्तार पांचों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि 13 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने को गम्भीरता से लेते 39 नामजद व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अति. पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल के मार्गदर्शन में, वृत्ताधिकारी वृत्त हिण्डोली सज्जनसिंह के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी हिंडोली को निर्देश दिये थे। त्वरित कार्रवाईकरते हुये आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा प्रकरण के शेष अन्य आरोपियों की तलाश हेतु विशेष टीमों का गठन किया जाकर गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग बांधित कर आमजन को परेशान करने वाले सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

मामले के अनुसार को थानाधिकारी हिन्डोली ने धरना प्रदर्शन ड्यूटी के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग -52 पर धरना प्रर्देशन,भाषण बाजी करके आम रोड के आवागमन को बाधित करने पर , 39 नामजद व अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्जकर अनुसंधान शुरु किया गया। पूरे घटनाक्रम के वीडियो एवं फोटोग्राफी को अवलोकन गवाह के बयान लिये जाकर घटनाक्रम की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी से आरोपीगण पर अपराध प्रमाणित होने पर आरोपी भंवरलाल पुत्र मोहनलाल निवासी सथुर पुलिस थाना हिण्डोली जिला बून्दी, विजय कुमार पुत्र शिवराज निवासी ढ ाकणी पुलिस थाना हिण्डोली, ओमप्रकाश पुत्र जगदीश निवासी बड़ौदिया पुलिस थाना हिण्डोली, महेश कुमार पुत्र सत्यनारायण निवासी शिवराज नगर हिण्डोली पुलिस थाना हिण्डोली जिला बून्दी एवं जगदीश पुत्र मोतीलाल निवासी बिछड़ी पुलिस थाना हिण्डोली जिला बून्दी को गिरफ्तार कर 15 जून बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां से सभी को 28 जून तक न्यायिक अभिरक्षा के आदेश पर जिला जेल भेज दिया।

## शांतिभंग के आरोप पर कांग्रेसी पार्षद को जेल भेजा

**रामगंजमंडी, (निसं)।** स्थानीय पालिका बोर्ड के कांग्रेस पार्षद जसविंदरसिंह विक्की को बुधवार कोर्ट ने शांति भंग के आरोप में जेल दिया। ज्ञात रहे कि मंगलवार को वाल्मिकी समाज व बाबा साहब अम्बेडकर के बारे में विवादित टिप्पणी करते हुए विक्की का वीडियो वायरल हुआ था जिस पर पालिका कर्मचारियों व वाल्मीकि समाज ने आक्रोशित होकर पुलिस उपाधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की थी।जिसके तहत पुलिस ने वाल्मीकि समाज की शिकायत पर शांति भंग व धारा 3 में प्रकरण दर्ज करते हुए पार्षद विक्की को गिरफ्तार कर बुधवार कोर्ट में पेश किया था जहां से कोर्ट ने विक्की को जेल भेज दिया।वहीं पुलिस का धारा 3 के अंतर्गत अनुसंधान जारी है।प्राप्त जानकारी अनुसार इसी क्रम में गुरुवार को कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार किया जो शुक्रवार को भी जारी रहेगा कर्मचारियों की मांग है कि पार्षद विक्की का सदस्यता से भी निलंबन किया जाए। इसी मांग को लेकर कर्मचारियों व वाल्मीकि समाज ने एसडीएम व चेयरमैन को ज्ञापन सौंपे।

# 'भाजपा बूथों की ताकत से मिशन 2023 विजय संकल्प को पूरा करेगी'



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को पूनिया ने संबोधित किया।

**कोटा, (निसं)।** कोटा में भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि कोटा की धरती जिसने जनसंघ के जमाने से भाजपा को एक विशेष योगदान दिया, जनसंघ और भाजपा की शुरूआती दिनों में जो ताकत मिली जो ऊर्जा मिली, उसकी झलक यह हाड़ोती की धरती थीं।

आज हमारे बीच में इस कार्यसमिति में राजस्थान की चिंता करने वाले प्रदेश के प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेश की दो बार मुख्यमंत्री रहीं और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, हम सबके वरिष्ठ और बहुत ही लंबे समय से संगठन और जनता के तालमेल के बीच मेवाड़ की राजनीति में ही नहीं, पूरे राजस्थान के नक्शे में विशेष मुकाम बनाने वाले गुलाबचंद कटारिया सहित तमाम नेता जिन्होंने कई दिन से और यहां पर पूरा समय देकर इस कार्यसमिति को सुदृढ और सुंदर बनाने का काम किया है उन्हे प्रणाम।

स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी और कुशाभाऊ ठाकरे स्वर्गीय भैरोंसिह शेखावत जी, जिन्होंने जनसंघ के उस संघर्ष को जीया और राजस्थान की जनता भूल नहीं सकती। स्वर्गीय मदनलाल सैनी, स्वर्गीय रामदास अग्रवाल जी जिन्होंने बहुत लंबे समय तक इस पार्टी के संगठन को उस जमाने में भैरोसिंह सिंह शेखावत के साथ पूरी मजबूती से तालमेल के साथ खड़ा किया। हम आजादी के 75 वर्ष जिसका अमृत महोत्सव हम मना रहे हैं, आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के साथ इस वर्ष एक गौरव का क्षण है जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल को एनडीए व भाजपा की सरकार के सुशासन को 8 साल पूरे हुए हैं। हम सबकी इस बात की इच्छा थी कि 370 धारा खत्म हो, श्रीराम जन्मभूमि के मंदिर का निर्माण हो, और इसलिए वाजपेयी जी ने जब बदलाव की शुरूआत की, दुनिया के प्रतिबंधों की चेतावनी की बाद इसी राजस्थान की पोकरण धरती पर परमाणु का विस्फोट करके भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया। यहां संगठन के वो राजदूत हैं जो जमीनी तौर पर परिश्रम करते हैं। आज भाजपा पूर्ण रूप से शक्ति केंद्रों का गठन, मंडलों के, बूथों की ताकत आधार खडी होगी और मिशन 2023 के विजय संकल्प को राजस्थान में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ पूरा करेगी।

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, सहित दर्जनों भाजपा नेता मौजूद रहे।

## आहोर के मादड़ी में एक युवक की हत्या

**आहोर, (निसं)।** आहोर थाना क्षेत्र के मादडी गांव में मंगलवार की रात एक युवक की बेरहमी से हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आहोर पुलिस ने कांतिलाल सोनी पुत्र नेनमल निवासी आहोर का खून से लथपथ शव उसी के दोस्त रणछोड सिंह पुत्र मगसिंह रावणा राजपूत के मादडी स्थित घर से बरामद किया है।

पुलिस ने मृतक के भाई प्रवीण कुमार सोनी की रिपोर्ट पर रणछोड सिंह रावणा राजपूत निवासी मादडी व अशोक सिंह पुत्र करणसिंह रावणा राजपूत निवासी आहोर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। परिजनों की रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार की सुबह कांतिलाल के ये दोनों दोस्त अशोक सिंह व रणछोड सिंह उनके घर आए और कांतिलाल को उनके साथ चलने के लिए कहा,तब कांतिलाल घर से सफेद रंग की स्कूटी लेकर इन दोनों दोस्तों के साथ घर से बाहर निकल गया। रात को काफी देर तक कांतिलाल के घर लौटने का इंतजार किया, लेकिन वह घर नहीं आया। देर रात को पुलिस की सूचना पर वे मादडी गांव पहुंचे,तब उन्हें रणछोड सिंह के घर कांतिलाल का शव खून से लथपथ मिला। सूचना पर आहोर थानाधिकारी निरंजन प्रताप सिंह मय जाब्ता घटना स्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना कर हालात की जानकारी ली। पुलिस ने शव को आहोर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# रानीवाड़ा व सांचौर के लोगों को नहीं मिल रहा नर्मदा का पानी

## विभाग द्वारा आनन -फानन में पाईप लाइन बिछाकर पानी देने से आमजन तक नही पहुंच रहा

**सांचौर, (निसं)।** जालोर जिले के रानीवाड़ा व सांचौर को नर्मदा के अधिकारियों के मुताबिक मार्च 2022 तक डीआर प्रोजेक्ट के तहत क्लस्टर योजना का पानी देना था मगर आज दिन तक ये योजना अधरझूल में हैं। विभाग द्वारा आनन -फानन पाईप लाईन तो बिछा दी है लेकिन पानी आमजन तक नही पहुंच रहा है कई जगह लोग पानी की चोरी कर रहे है।

जालोर जिले के सांचोर, रानीवाड़ा, जसवंतपुरा के लिए लाइफलाइन मानी जा रही नर्मदा नहर के मीठे पानी का इंतजार रानीवाडा विधानसभा क्षेत्र व सांचौर शहर के लोगों को है। इसके अधीन क्लस्टर योजना का कार्य पिछले वर्ष होना था मगर अब तक अधूरा है अधिकारी पेयजल योजना को छोड़ जल जीवन मिशन से जुड़ने की सलाह दे रहे है। पुरानी योजना को पूरी करने में न नेता इच्छुक ओर न अधिकारी।

डीआर प्रोजेक्ट के लिए बजट सत्र 2012 में 221 करोड रूपए स्वीकृत हुए थे। योजना के तहत सांचौर शहर, जसवंतपुरा व रानीवाडा के 138 गांवों से बढ़ाकर 160 गांवों को नर्मदा का पानी देने की बात कही इससे करीब चार लाख लोग लाभान्वित करने का प्रस्ताव था। नर्मदा अधिकारियों के मुताबिक मार्च 2022 तक डीआर प्रोजेक्ट के तहत क्लस्टर योजना का पानी देना था मगर आज दिन तक लोगो को नर्मदा का पानी नहीं मिल पाया है।

**कलस्टर प्रोजेक्ट से जुडेंगे 160 गांव:-** डीआर परियोजना के समानांतर 250 करोड़ रूपए से169 गांवों को जोड़ने के लिए अलग-अलग आकार की पाइपलाइन से जोड़ा जा रहा है। सांचोर शहर हाडेतर, दाता ,सरनाऊ ,सांकड़,रानीवाड़ा,बडगांव, आजोदर, धानोल, जाखडी, आखराड, सिलासन सहित अन्य गांवों को भी जोडा जाएगा। कलस्टर योजना के पूर्ण होने पर ही क्षेत्र के 160 गांवों में पेयजल उपलब्ध कराया संभव है। जबकि विभाग व काम करने वाली कंपनी ने आधी अधूरी पाईप लाईन बिछाकर पानी भी शुरू कर दिया। जिससे कई लोग इस पाईपलाइन से खेती कर रहे हैं और कई जल माफिया अपने खेंत में स्टोर कर टेंकरों से बेच रहे हैं।

- **कई जगह लोग पानी की चोरी कर खेती कर रहे हैं व कई जगह माफिया स्टोर कर पानी बेच रहा है**

सांचौर के दाता में नर्मदा क्लस्टर योजना के तहत पाइप लाइन तो बिछा दी मगर पीएसपी व पशुखेली नही लगाई गई पाइपलाईन को तोड़कर लोग खेती कर रहे हैं कई लोग पानी टेंकरों से डलवा रहे हैं। कई लोग अनार व बाजरे की खेती कर रहै हैं तो कई लोग बड़े पानी के टांके बनाकर पानी बेच रहे हैं।

विभाग द्वारा कोई मामला दर्ज नही कराने पर इस तरह के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं और विभाग की मॉनिटरिंग व पेट्रोलिग के अभाव में लोगों तक पानी नही जा रहा करोडों योजना फेल हो रही है।

ईश्वरलाल पूर्व सरपंच व पचायत समिति सदस्य दाता का कहना है कि दाता पंचायत में नर्मदा क्लस्टर योजना के पाइप लगा दिये गये। तथा लोगों को कनेक्शन नही देने से इस भीषण गर्मी में ग्रामीण पानी टेकरों के माध्यम से डलवा रहे हैं।

वीरादेवी सरपंच ग्रामपंचायत दाता का कहना है कि नर्मदा विभाग द्वारा पाइप लगा दिया और जिसकी सही तरीके से मॉनिटरिंग नही की जा रही है। पानी व्यर्थ बह रहा है। पंचायत ने पाइप लगा कर टांको में सप्लाई देने की जलदाय विभाग से अनुमति ली है।

छगनलाल सोनी पूर्व सरपंच दाता का कहना है कि विभाग के द्वारा सरकार की 250 करोड़ कि योजना पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा और जलजीवन मिशन के नाम से वसूली की जा रही है। कई बार शिकायत भी की मगर पानी की सप्लाई नही दी जा रही लोग खेती कर रहे हैं और पीने के जल का माफिया द्वारा स्टोर किया हुआ है। तथा पानी पैसो से खरीद रहे हैं।

# भरतपुर में एनएच 21 पर आंदोलन चौथे दिन भी जारी

## ओबीसी के 21 प्रतिशत में से 12 प्रतिशत अलग से आरक्षण देने की मांग

■ मंत्री विश्वेंद्र सिंह व संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा पिछले दो दिन से लगातार समझौता वार्ता का प्रयास कर रहे हैं

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में आरक्षण की मांग को लेकर बैठे माली, सैनी, कुशवाहा, शाक्य समाज के लोगों का महापड़ाव भरतपुर जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर अरोदा के पास चौथे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी ओबीसी के 21प्रतिशत में से 12 प्रतिशत आरक्षण अलग से दिए जाने की मांग कर रहे है। हालांकि सरकार की ओर से वार्ता के लिए कैबिनेट मंत्री पर्यटन विश्वेंद्र सिंह व संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा पिछले 2 दिन से लगातार समझौता वार्ता का प्रयास कर रहे हैं लेकिन आंदोलनकारी समझौता वार्ता में सपोर्ट नहीं कर रहे हैं जिसकी वजह से अभी तक आंदोलन का समाधान नहीं हो सका है।

हालांकि देर रात्रि को संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा जिला कलेक्टर आलोक रंजन आईजी प्रसन्न कुमार खमेसरा एसपी श्याम सिंह की ओर से 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के साथ देर रात्रि तक आईजी ऑफिस में समझौता वार्ता चली थी जिसमें अंत में सहमति भी बन गई थी। प्रशासनिक स्तर पर हुई वार्ता के बाद आज इस महापड़ाव के समाप्त होने के आसार बन रहे थे। परन्तु आज भी आंदोलनकारी हाईवे पर डटे रहे। कैबिनेट पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने वार्ता के लिए प्रयास किए है। उम्मीद है इसका समाधान निकल सकता है।

राज्य सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर वार्ता के लिए पिछले दो दिनों से भरतपुर में डेरा डाले कैबिनेट मंत्री विवेन्द्र सिंह ने आंदोलनकारियों पर यह आरोप लगाया है कि उन्हें जानकारी मिल रही है कि एनएच 21 के धरना स्थल पर शराब पीकर डीजे की धुन पर लोग हुडदंग मचा रहे है। उन्होंने कहा कि आंदोलन को खत्म होने में अभी समय लग सकता है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मामले का हल निकालने के लिए आंदोलनकारियों के पास उन्होंने सैनी समाज के कुछ प्रतिष्ठित लोगों को भेजा लेकिन उन्हें दुत्कार कर भगा दिया गया। मंत्री सिंह ने धरने में बैठे लोगों को बाहरी बताते कहा कि इनमें से कोई अलवर का है तो, कोई धौलपुर का है अगर इन्हें आंदोलन ही करना था तो अपने अपने जिलों में करते । वे एनएच 21 को ठप्प कर मरीज से लेकर आमजन की परेशानियों को बढ़ा रहे है।

# तारानगर एसडीएम ऑफिस पर आंदोलनकारी किसानों ने कब्जा करने का प्रयास किया

## पुलिस व आरएसी के जवानों के रोकने के बाद दिल्ली -बीकानेर हाइवे जाम किया



तारानगर उपखण्ड कार्यालय में जबरन घुसने का प्रयास करते किसान।

■ बीमा क्लेम व क्रॉप कटिंग सहित विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा का धरना जारी

**तारानगर,** (निसं)। बीमा क्लेम व क्रॉप कटिंग सहित विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा चल रहे धरने ने बुधवार को 99 वें दिन विशाल रूप ले लिया। किसान सभा के किसानों ने कृषि उपज मंडी में विशाल जन सभा की। किसानों की प्रशासन के साथ मांगों को लेकर वार्ता भी हुई।

वार्ता विफल हो जाने के बाद किसानों ने शाम करीब साढ़े 6 बजे नारे लगाते हुए जुलूस के रूप में कृषि उपज मंडी से रवाना होकर एसडीएम कार्यालय के मुख्य दरवाजे के आगे पहुंचे। किसानों ने एसडीएम कार्यालय में जबरन घुसने का प्रयास किया लेकिन दरवाजे पर तैनात पुलिस व आरएसी के जवानों ने किसानों को एसडीएम कार्यालय के बाहर मुख्य दरवाजे के आगे ही रोक लिया। किसानों ने एसडीएम कार्यालय में घुसने की जोर आजमाइश की लेकिन पुलिस बल के रोकने के कारण वे एसडीएम कार्यालय में घुसने में सफल नही हो सके।

पुलिस की ओर से एसडीएम कार्यालय में नहीं घुसने देने पर आक्रोशित किसानों ने एसडीएम कार्यालय के दरवाजे के आगे लगे पुलिस बैरिकेड व तंबू को उखाड़ दिया व एसडीएम कार्यालय के आगे दिल्ली बीकानेर हाईवे पर जाम लगाकर धरना देकर बैठ गए। किसानों ने एसडीएम कार्यालय के मुख्य दरवाजे के आगे ही सभा करनी शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक किसानों का एसडीएम कार्यालय के मुख्य दरवाजे के आगे धरना, सभा व दिल्ली बीकानेर हाईवे पर जाम जारी था।

किसान सभा के एडवोकेट निर्मल प्रजापत ने बताया कि जब तक सरकार किसानों को क्रॉप कटिंग रिपोर्ट नहीं देगी तब तक उनका एसडीएम कार्यालय के आगे महापड़ाव जारी रहेगा। किसानों के घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन की चेतावनी के चलते प्रशासन ने बुधवार दोपहर बाद कस्बे के सभी सरकारी कार्यालयों को बंद करवा दिया ताकि किसान सरकारी कार्यालय में घुसकर उन पर कब्जा न कर सके।

# भरतपुर में फाइनेंस कर्मचारियों से 7 लाख 79 हजार रुपये लूटे

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर के अटलबंद थाना इलाके के इंद्रा नगर कॉलोनी में दोपहर करीब 1 बजे एक बदमाश ने दो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों से 7 लाख 79 हजार की लूट कर ली। दोनों कर्मचारी बैंक में पैसा जमा करवाने के लिए बैंक में जा रहे थे। तभी फाइनेंस कंपनी के पास ही एक बदमाश ने दोनों कर्मचारियों की बाइक में लात मारी जिससे वह गिर गए और इतने में बदमाश ने एक कर्मचारी के सिर पर कट्टे का बट मारा और उससे पैसे से भरा बैग छीन कर उन्हीं की बाइक लेकर फरार हो गया।

इंद्रा नगर कॉलोनी में भारत फाइनेंस नाम से एक कंपनी है। आज दोपहर फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर जितेंद्र शर्मा और एक कर्मचारी महेश यादव के साथ यह वारदात हुई। बदमाश के पास एक कट्टा भी था। बदमाश ने कट्टे का वट सीधे महेश यादव के सिर पर मारा और रुपयों से भरा बैग छीन लिया। दोनों कर्मचारी जब तक संभल पाते तब तक बदमाश हथियार दिखाकर दोनों कर्मचारियों की बाइक लेकर फरार हो गया। घटना के बाद दोनों कर्मचारी अटलबंद थाने पहुंचे और लूट का मम्मला दर्ज करवाया।

# अलवर आर.टी.ओ. के कर्मचारियों का वेतन अटका

**अलवर,** (निसं)। अलवर में राजस्थान सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले विभाग आरटीओ के कर्मचारियों का वेतन रूका हुआ है। अलवर आरटीओ आफिस के ज्यादातर बाबू, सूचना सहायक व चतुर्थ क्षेणी कर्मचारियों का एक माह का वेतन अटका पड़ा है वहीं एक बाबू को तो दो माह से वेतन ही नहीं मिला है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग के एक बाबू राजेन्द्र शर्मा को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि उसे परिवार चलाने में काफी परेशानी हो रही है। उसने बताया कि यह सब डबल एओ कमल कान्त गुप्ता की लापरवाही का नतीजा है।

जब इस विषय पर डबल एओ से बात की तो उन्होंने बताया कि यह सब तकनीकी खराबी के चलते हुआ है वेतन के लिए मेल रिक्वेष्ट डाल दी गई है दो चार दिन में कर्मचारियों का वेतन मिल जाएगा। अब सवाल उठता है अगर मेल ही डालनी थी तो इतने दिन बाद क्यों डाली गई क्योंकि बाबू राजेन्द्र शर्मा ने उन्हें चेतावनी दे दी कि अगर मेरा वेतन दो दिन में नहीं मिला तो वे अपने जीवन के साथ कुछ भी कर सकते हैं।


राजस्थान सरकार

# कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी, राजसमन्द

गुर्जर गुडा, आर.टी.ओ. ट्रेक के पीछें, राजनगर, जिला राजसमन्द ई मेल DEO.RAJSAMAND.EXCISE@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक: प.( ) आब/राज/नीलामी/2022-23/644 दिनांक: 14-06-2022

## -: वाहन नीलामी विज्ञप्ति :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आबकारी जिला राजसमंद के क्षेत्राधिकार में राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 के धारा 69 (4 व 7) के अन्तर्गत दर्ज अभियोगो में जब्त किये गये निम्नलिखित भारी/वाहनों, हल्के/चौपहिया वाहनों, दो पहिया वाहनों को सक्षम अधिकारियों द्वारा राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 के धारा 69 (4 व 7) के अन्तर्गत अधिहरण (राजसात) किया जाकर सार्वजनिक रूप से नीलाम किया जाना है। निम्नलिखित वाहनों की नीलामी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी राजसमंद के स्तर पर गुर्जर गुड़ा, आर.टी.ओ. ट्रेक के पीछे, राजनगर कार्यालय परिसर में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी द्वारा दिनांक 30.06.2022 को प्रात: 11.00 बजे से लगातार की जावेगी।

नीलामी योग्य वाहनों के बार में विस्तृत जानकारी कार्यालय समय में जिला आबकारी अधिकारी राजसमंद से प्राप्त की जा सकती है तथा नीलामी योग्य कॉलम 06 पर अंकित स्थानों में जहां खड़े हुए है, जैसी स्थिति में है, देखे जा सकते है।

| क. सं | जब्त कर्ता कार्यालय | अभियोग संख्या | जब्ती रिपोर्ट में वाहन का प्रकार एवं रजि.न. | वाहन का इंजन नम्बर व चेचिस नम्बर | वाहन जहां खड़ा है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पुलिस थाना देलवाड़ा | 53/2017 | ट्रक RJ-20-GA-0247 | 426021EUZ721815 D591451050D62402246 | पुलिस थाना देलवाड़ा |
| 2 | पुलिस थाना भीम | 25/2015 | ट्रक RJ-18-GA-5428 | MAT466420C3C08579 21C63244815 | पुलिस थाना भीम |
| 3 | आबकारी वृत्त नाथद्वारा | 03/2030 | टाटा ट्रक एलपीटी RJ-19-GG-0547 | MAT544065J7P29276 497TC14TRY843493 | आबकारी वृत्त नाथद्वारा |
| 4 | पुलिस थाना नाथद्वारा | 16/2019 | मिनी ट्रक 407 RJ-30-JA-2738 | नहीं | पुलिस थाना नाथद्वारा |
| 5 | पुलिस थाना केलवा | 150/2017 | ट्रक HR-58-A-7519 | नहीं | पुलिस थाना केलवा |
| 6 | आबकारी निरीक्षक वृत्त देगवढ़ | 16/2018 | टाटा ट्रक HR-55-T-6598 | MAT448033E7B02539 84156028 | आबकारी निरीक्षक वृत्त देगवढ़ |
| 7 | पुलिस थाना भीम | 186/2017 | आइसर HR-67-B-3630 | MC2F8HRC0GJ120713 E413CDGJ105607 | पुलिस थाना भीम |
| 8 | पुलिस थाना देगवढ़ | 259/2018 | ट्रक GJ-18-AV-7746 | MAT457010B7E15737 497TC92BWY825067 | पुलिस थाना देगवढ़ |
| 9 | पुलिस थाना नाथद्वारा | 121/2017 | टर्बो ट्रक RJ-27-G-9717 | 426021WZ130468 30162297371 | पुलिस थाना नाथद्वारा |
| 10 | पुलिस थाना खमनौर | 266/2015 | टाटा टैंकर RJ-09-GA-5868 | 373341JWZ726994 | पुलिस थाना खमनौर |
| 11 | पुलिस थाना खमनौर | 157/2019 | मारूति 800 RJ-30-CA-1808 | MA3ECA12S02787972 FABIN4183940 | पुलिस थाना खमनौर |
| 12 | पुलिस थाना भीम | 267/2019 | कार बिना नम्बरी | MBLA85IELHM251511 D4FBHM301288 | पुलिस थाना भीम |
| 13 | पुलिस थाना देलवाड़ा | 136/2019 | हुण्डई कार GJ-2AC-4451 | MALCM41UR7M023244 D4FA7W096409 | पुलिस थाना देलवाड़ा |
| 14 | पुलिस थाना दिवेर | 09/2020 | स्विफ्ट कार GJ-9BA-0901 | MBHCZC035KE426440 D13A3519773 | पुलिस थाना दिवेर |
| 15 | पुलिस थाना रेलमगरा | 45/2019 | सैन्ट्रो कार RJ-30-CA-1877 | MAHAA516RYM090762 CYHC4M90729 | पुलिस थाना रेलमगरा |
| 16 | पुलिस थाना राजनगर | 140/2018 | मारूति सुजुकी स्विफ्ट कार RJ-18-CB-0369 | MA3FJED1S0278986 D13A2086014 | पुलिस थाना राजनगर |
| 17 | पुलिस थाना देलवाड़ा | 92/2019 | पिकअप RJ-27-JC-0833 | MA1ZF2GHKF1L81389 GHF1L59500 | पुलिस थाना देलवाड़ा |
| 18 | आबकारी थाना राजसमंद | 07/2019 | टाटा इण्डिगों एल.एल RJ-09-CA-6156 | 601144CU0P33146 4751DT112CUZP34262 | आबकारी थाना राजसमंद |
| 19 | आबकारी थाना कामलीघाट | 85/2016–17 | अल्टो मारूति सुजुकी RJ-06-CA-8688 | नही | आबकारी थाना कामलीघाट |
| 20 | आबकारी थाना नाथद्वारा | 73/2018–19 | फोर्ड फिगो कार RJ-14-CJ-8212 | नही | आबकारी थाना नाथद्वारा |
| 21 | आबकारी थाना राजसमंद | 17/2018–19 | अल्टो एल.एस0 कार RJ-14-9C-4582 | aF8DN4064240 MA3EYD81500467355 | आबकारी थाना राजसमंद |
| 22 | पुलिस थाना भीम | 33/2020 | कार GJ-05-SE-4201 | MDHFBUK13AADD4314 FDHURVJK13K15 | पुलिस थाना भीम |
| 23 | पुलिस थाना देगवढ़ | 323/2019 | अल्टो कार RJ-30-CA-3647 | MA3EUA6500D52139 FTBDN6106867 | पुलिस थाना देगवढ़ |
| 24 | पुलिस थाना देगवढ़ | 227/2016 | बेलेरो पिकअप लोडिंग बिना नंबरी | ZPCTAKEZE700 TAE4E7859 | पुलिस थाना देगवढ़ |
| 25 | पुलिस थाना देगवढ़ | 39/2017 | मैक्स महिन्द्रा RJ-12-C-1576 | ACY1G31338 | पुलिस थाना देगवढ़ |
| 26 | पुलिस थाना कांकरोली | 152/2017 | RJ-06-CC-0183 | MALCU45VLEM165562 D4FBDU357097 | पुलिस थाना कांकरोली |
| 27 | पुलिस थाना देगवढ़ | 378/2019 | मारूति अल्टो बिना नंबरी | MA3EVA61500352139 F8BN6106867 | पुलिस थाना देगवढ़ |
| 28 | पुलिस थाना नाथद्वारा | 201/2016 | स्विफ्ट वीडीआई कार RJ-27-CE-6491 | 946255 2644495 | पुलिस थाना नाथद्वारा |
| 29 | पुलिस थाना भीम | 269/2015 | मेटीस कार बिना नंबरी | 19MO3DO38749 68CV490680 | पुलिस थाना भीम |
| 30 | पुलिस थाना भीम | 290/2013 | मारूति कार RJ-10-2C-9381 | SP30L92106874 F8VINI562419 | पुलिस थाना भीम |
| 31 | आबकारी थाना कामलीघाट | 11/2020 | थ्री व्हीलर टेम्पों RJ-30PA-1414 | 03K27F17712 03K27E16888 | आबकारी थाना कामलीघाट |
| 32 | पुलिस थाना खमनौर | 195/2012 | टी.वी.एस स्टार RJ-12-SD-1460 | MD625NF1891G16834 | आबकारी थाना नाथद्वारा |
| 33 | पुलिस थाना राजनगर | 176/2019 | मोटर साईकिल डिस्कवर RJ-30-SG-8475 | MD2DSJZZZVPAY2292 JZUBVA15896 | पुलिस थाना राजनगर |
| 34 | पुलिस थाना भीम | 161/2018 | मोटर साईकिल RJ-30-SL-9295 | MBLHA10BJEHL29636 HA10ETEHL69830 | पुलिस थाना भीम |
| 35 | पुलिस थाना भीम | 514/2018 | स्कुटी बिना नम्बरी | MBLIFW010J4F11302 JF33ABJ4F1110 | पुलिस थाना भीम |
| 36 | पुलिस थाना भीम | 142/2020 | स्कुटी RJ-30-SR-0447 | MBLJFM029HGHO JF33ACG05574 | पुलिस थाना भीम |
| 37 | पुलिस थाना भीम | 175/2020 | मोटर साईकिल RJ-30-SS-5260 | MBLHARO86HRM02460 HA10AGH4M03977 | पुलिस थाना भीम |
| 38 | पुलिस थाना दिवेर | 33/2020 | मोटरसाईकिल RJ-30-SH-8576 | MBLHA11ETD9D05118/ HA11EGD9D13100 | पुलिस थाना दिवेर |
| 39 | पुलिस थाना भीम | 115/2018 | मोटर साईकिल RJ-06-SQ-7393 | MD625MF59B1D76578 DF5DB1008641 | पुलिस थाना भीम |
| 40 | पुलिस थाना नाथद्वारा | 119/2020 | मोटरसाईकिल RJ-09-AC-7864 | नही | पुलिस थाना नाथद्वारा |
| 41 | पुलिस थाना देवगढ | 74/2018 | मोटर साईकिल बिना नम्बरी | DHZCG47475 MD2A11C46ECH8120 | पुलिस थाना देवगढ़ |
| 42 | पुलिस थाना देवगढ | 163/2020 | मोटर साईकिल RJ-30-SU-7375 | MD2B37AY8KRA78213 PFYRKA21411 | पुलिस थाना देवगढ |
| 43 | पुलिस थाना नाथद्वारा | 252/2013 | मोटर साईकिल RJ-30-IM-6371 | 990GF34762 9906M392605 | पुलिस थाना नाथद्वारा |
| 44 | पुलिस थाना दिवेर | 25/2017 | मोटर साईकिल RJ-30 SK-1305 | ME4J621MDB001952 JC62F80020609 | पुलिस थाना दिवेर |
| 45 | आबकारी थाना नाथद्वारा | 15/2017 | मोटर साईकिल RJ-30-3M-0694 | 373341JWZ726994 | आबकारी थाना नाथद्वारा |

नीलामी की शर्ते एवं उक्त विज्ञप्ति आबकारी विभाग की वेबसाईट WWW.RAJEXCISE.COM पर भी उपलब्ध है।

जिला आबकारी अधिकारी,
राजसमंद

**नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार होगी :-**

1. वाहन जहां है, जैसी स्थिति में है, नीलाम किया जायेगा। अत: बोलीदाता से अपेक्षा की जाती है कि बोली लगाने से पूर्व वाहन का पूरा परीक्षण कर लें तथा वाहन के विवरण के बारे में अपने आप को संतुष्ट करने के उपरांत ही बोली लगावें।
2. प्रत्येक वाहन की बोली अलग-अलग (वाहन वार) लगानी होगी।
3. नीलामी में बोली लगाने से पूर्व इच्छुक बोलीदाता को अमानत राशि के रूप में भारी वाहनों केमामले में रू. 25000/- हल्के चार पहिया वाहनों के मामले में रू. 15000/- तथा दुपहिया वाहनों के मामले में रू. 5000/- वाहन वार नीलामी तिथी दिनांक 30.06.2022 को प्रात: 11:00 बजे तक जमा करानी होगी।
4. नीलामी में सफल बोलीदाता को वाहन के विक्रय पर नियमानुसार प्रवृत समस्त प्रकार के राजकीय कर, फीस, जी.एस.टी एवं वैट आदि बोली राशि के अतिरिक्त जमा करानी होगी।
5. वाहन के पंजीयन एवं हस्तांतरण आदि कराने के समस्त व्यय एवं औपचारिकताओं की पूर्ति की जिम्मेदारी बोली छुड़ाने वाले की होगी। वाहन नीलामी के पश्चात इस कार्यालय द्वारा उच्चतम बोलीदाता को रिलीज मीमो किया जायेगा, जिसके आधार पर संबंधित पंजीयन कार्यालय से वाहन का स्थानान्तरण/पंजीयन कराने की समस्त जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी। इस विभाग का उत्तरदायित्व नहीं होगा।
6. अंतिम (सफल) बोलीदाता को अंतिम बोली की 1/4 राशि तुरन्त जमा करानी होगी एवं 3/4 राशि तथा नियमानुसार प्रवृत्त समस्त राजकीय कर की राशि नकद/बैंक ड्राफ्ट, /पे-ऑर्डर/चालान के द्वारा सात दिवस (नीलामी दिनांक को सम्मिलित करते हुए) में जमा करानी होगी अन्यथा बोली निरस्त कर जमा 1/4 राशि जप्त कर ली जायेगी।
7. इस नीलामी की विज्ञप्ति में जब्त वाहनों की उक्त वर्णित सूचना विभिन्न आबकारी वृत्तों/आबकारी थानों/पुलिस थानों से प्राप्त कर दर्ज की गई है। तदनुसार इस विज्ञप्ति में वाहन के पंजीयन नम्बर/इंजन नम्बर/चेचिस नम्बर प्रकाशन में सावधानी बरती गई है, फिर भी उक्त वाहनों के पंजीयन नम्बर/इंजन नम्बर/चेचिस नम्बर वहीं मान्य होगें जो उक्त वाहन पर अंकित है। जिनका सत्यापन बोलीदाता स्वयं कर लेवे।
8. किसी भी बोली को स्वीकार करने, अथवा अस्वीकार करने का अंतिम अधिकार आबकारी विभाग/नीलामी कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।
9. नीलामी प्रक्रिया से संबंधित समस्त विवरण, नीलामी की शर्ते एवं वाहनों की सूची का प्रकाशन जिला आबकारी अधिकारी राजसमंद के नोटिस बोर्ड पर होगा। कार्यालय समय में कभी भी अवलोकन किया जा सकता है।
10. भारी चार पहिया वाहन, हल्के चार पहिया वाहनों की बोली अंतिम रूप से स्वीकार करने का अधिकार क्रमश: श्रीमान आबकारी आयुक्त महोदय, राजस्थान उदयपुर एवं श्रीमान अतिरिक्त आबकारी आयुक्त महोदय, जोन उदयपुर को है। इसीलिए आबकारी आयुक्त महोदय/अतिरिक्त आबकारी आयुक्त महोदय उच्चतम बोली की स्वीकृति पुष्टि आने पर ही बोली को अंतिम माना जायेगा। यदि सक्षम अधिकारी द्वारा वाहन की उच्चतम बोली की पुष्टि नहीं की जा सकती है तो वह बोली निरस्त समझी जायेगी तथा उच्चतम बोलीदाता की जमा राशि बिना ब्याज लौटा दी जायेगी। नीलामी राशि अंतिम रूप से पुष्टि होने पर शेष राशि 3/4 (75 प्रतिशत) सात दिवस में जमा कराना अनिवार्य है।
11. वाहनों की नीलामी पश्चात उसमें किसी नुकसान या कमी के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।
12. सफल बोलीदाता (क्रेता) को वाहन छुड़ाने से पूर्व सक्षम अधिकारी अपनी स्वयं की पहचान और स्थायी निवास के पते के सत्यापन हेतु मय पासपोर्ट साईज फोटो के समुचित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगे।
13. बोलीदाता को वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत या तो पंजीकृत व्यवसायी होनी अथवा नीलामी के 30 दिवस में पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।
14. किसी भी विवाद पर न्यायिक क्षैत्राधिकार राजसमंद रहेगा।

जिला आबकारी अधिकारी,
राजसमंद

## संक्षिप्त

### तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव आज से

फुलेरा। फुलेरा के स्कूल खेल मैदान के निकट स्थित श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज का तीन दिवसीय 53 वां वार्षिकोत्सव आज से प्रारंभ होगा। मन्दिर के महन्त रामचरण दैवज्ञ एवं आशुतोष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार 16 जून को प्रात:10:15 बजे पोषणेश्वर महादेव का सहस्त्रघटाभिषेक एवं भव्य श्रृंगार शास्त्रीय निराजन, इसी क्रम में कल शुक्रवार 17 जून को प्रात: 9:15 बजे गणपति पूजन, श्री रामचरितमानस अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ वहीं शनिवार 18 जून को सायं 6:15 बजे श्री रामायण जी की आरती एवं भव्य श्रृंगार प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### क्रेन की टक्कर से गर्भवती महिला की मौत

मालपुरा, (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के मालपुरा रोड पर बुधवार की दोपहर पैट्रोल पम्प के पास तेज रफ्तार हाईड्रो क्रेन की टक्कर से गर्भवती महिला की मौके पर मौत हो गई। मामले में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर को गजानन्द बागरिया अपनी पुत्रवधु बदाम पत्नी रामजीलाल बागरिया निवासी कालीहर्डिया बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान मालपुरा लाम्बाहरिसिंह सड़क मार्ग पर पैट्रोल पम्प पर तेज रफ्तार हाईड्रोक्रेन ने बाईकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गर्भवती महिला बदाम बागरियां की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। तो बाईक चालक गजानन्द बागरिया गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बस स्टैंड पर कुर्सियां लगाने की मांग

चाकसू, (निसं)। कस्बे के फागी मोड़ टोंक रोड स्थित मुख्य बस स्टैंड पर निवाई कोटा आदि के लिए जाने के लिए बसों के इंतजार के लिए बने बस स्टॉप शेल्टर के नीचे यात्रियों के बैठने के लिए लगी हुई कुर्सियां लंबे अरसे से क्षतिग्रस्त होकर गिर चुकी हैं जिससे यात्रियों को गंतव्य स्थान तक जाने के लिए बसों के इंतजार के समय बैठने के लिए असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यहां यात्रियों ने पालिका प्रशासन एवं परिवहन विभाग से कुर्सियां लगाने की मांग की है हालांकि पालिका प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों एवं वार्डों के विभिन्न स्थानों पर सीमेंटेड कुर्सियां रखी जा रही है।

### होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया

बोराज, (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के घोषित परिणाम में अच्छे अंक की खुशी में ऑक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर जश्न मनाया। इस अवसर पर होनहार विद्यार्थियों का सरपंच सुरेन्द्र सिंह मीणा व ग्रामीणों ने पंचायत भवन के सामने माला पहना कर सम्मान किया। वहीं कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का 88.46 प्रतिशत बेहतर परिणाम रहा। जिसमें सरिता कुमावत ने 88 व पलक मौर्य ने 86.33 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र में सरकारी विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं कस्बे की ऑक्सफोर्ड स्कुल के छात्र आशिष कुमावत ने 95 मलिका सुनिया ने 94 ,कृष्णा शर्मा व वनिस्का कुमावत ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर विधालय का नाम रोशन किया।

# माली समाज ने आरक्षण की मांग को लेकर रैली निकाल प्रदर्शन किया



जिला माली समाज टोंक की ओर से सैंकडों महिला-पुरुषों ने रैली निकाल कर प्रदर्शन किया और अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

टोंक, (निसं)। जिला माली समाज टोंक की ओर से पिछड़े माली, सैनी, मौर्य, कुशवाह, शाक्य, बोई समाज को 12 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर बुधवार को सैंकडों महिला पुरुषों ने रैली निकाल कर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा। जिला माली समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया, जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी, भाजपा ओबीसी जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सैनी उर्फ बबलू सैनी, पांचूलाल सैनी, अचलेश सैनी, पूर्व उपसभापति अजय सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री प्रहलाद तलाईच, महावीर सैनी, पार्षद राहुल सैनी, नंदकिशोर सैनी, पुष्कर सैनी, मोहन लाल बागडी, कालू बागडी, शंकर लाल कछावा, महात्मा फूले समता परिषद के जिलाध्यक्ष लाभचंद अजमेरा, पवन सैनी, चौथमल सैनी सहित समाज के सैंकडों महिला पुरुष डाक बंगले से प्रदर्शन करते हुए रवाना हुए, प्रदर्शन के दौरान एएसपी सुभाष मिश्रा, डिप्टी सलेह मोहम्मद, शकील, शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण सहित कई पुलिस अधिकारी व जवान साथ चल रहे थे। माली समाज के लोग प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां पर एडीएम परशुराम धानका को ज्ञापन देकर बताया कि पिछडे माली, सैनी, मोर्य, कुशवाह, शाक्य, बोई समाज द्वारा वर्षों से राज्य व केन्द्र सरकार से मांग की जा रही है कि हमें भी सरकारी नौकरियों में 12 प्रतिशत आरक्षण मिले। आजादी से पूर्व से ही हमारा समाज मेहनत मजदूरी व कृषि पर आधारित रहकर गुजर बसर करता आ रहा है परन्तु सरकारों द्वारा समाज की वाजिब समस्याओं पर ध्यान केन्द्रित नहीं किया गया और आरक्षण से वंचित रखा गया है। इस कारण आज भी हमारा समाज पिछड़ा हुआ है, जो आज भी अपने हक के लिए लडाई लड रहा है। गत दिनों से भरतपुर हाईवे पर हजारों की संख्या पर जाम कर आरक्षण की मांग को लेकर पर समाज धरने पर बैठा है, इस ओर राज्य व केन्द्र सरकार को समाज की मांग पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।

### कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया

टोंक, (निसं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को ई.डी. के दिए गए नोटिस व लगातार पिछले 2 दिनों से हो रही पूछताछ के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता के नेतृत्व में गांधी पार्क टोंक में भाजपा की दमनकारी नीतियों के खिलाफ धरना दिया गया। तत्पश्चात् गांधी पार्क घण्टाघर चौराहे तक नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए लक्ष्मण गाता ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार बदले और नफरत की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कमर तोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी जैसे ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए जांच एजेंसियों का केन्द्र सरकार गलत इस्तेमाल कर रही है। पूरी कांग्रेस राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। पूर्व विधायक कमल बैरवा ने कहा कि अनावश्यक रूप से हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को परेशान किया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख रामबिलास चौधरी, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जरीर खान, सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक, पार्षद शब्बीर अहमद, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष आतीफ नकवी, पार्षद यूसुफ इंजिनियर आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### विधायक इंद्राज गुर्जर का स्वागत



पावटा, (निसं)। ग्राम पंचायत लाडाकाबास में राजस्व गांव हीर की बावड़ी के लिए विधायक ने नवोदय विद्यालय से हीर की बावड़ी के लिए 1.5 करोड का डामर रोड स्वीकृत करवाने पर ग्रामीणों ने विधायक निवास भूरी भडाज पहुंचकर विधायक इंद्राज गुर्जर का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। ग्राम पंचायत लाडाकाबास के पूर्व सरपंच मदन यादव ने बताया कि वर्षों से ग्रामीण इस सड़क की मांग कर रहे थे। वहीं पूर्व सरपंच मदन यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक इंद्राज गुर्जर से ग्राम पंचायत लाडाकाबास पावर ग्रिड से ढाणी सुरली से वापस पावर ग्रिड रोड के लिए डामर रोड की मांग व एनएच 48 से ढाणी उजाड की होता हुआ तुलसीपुरा रोड की मांग की जिस जिस पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने आश्वासन दिया कि दोनों रोड जल्दी ही बना दिए जाएंगे। वही मंगलवार व बुधवार को विधायक निवास पर ग्रामीणों व शिक्षकों ने अपनी अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए विधायक इन्द्राज गुर्जर से मुलाकात की। जिस पर विधायक इन्द्राज गुर्जर ने कहा विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास के साथ-साथ प्रार्थियों व उनके परिवारजनों से मिलकर उनकी समस्याओं के निवारण के लिए प्रतिबद्ध हूं।

### नई शिक्षा नीति के खिलाफ साझा संघर्ष तेज करेंगेः रमेश बैरवा



अलवर। शिक्षा बचाओ आंदोलन के प्रदेश संयोजक एवं राजस्थान विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा के प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ.रमेश बैरवा ने 14-15 जून को सालासर में आयोजित राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के राज्य सम्मेलन में सहभागिता की। सम्मेलन में 'जनविरोधी नीतियों के खिलाफ साझा संघर्ष में शिक्षक,विद्यार्थी एवं कर्मचारी संगठनों की भूमिका' विषय पर आयोजित विशेष सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ.बैरवा ने कहा कि आमजन के साथ मिलकर नई शिक्षा नीति सहित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ साझा संघर्ष तेज किए जाने की आज सख्त जरूरत है। पूंजीपति परस्त अर्थनीति एवं विभाजन की राजनीति के खिलाफ संयुक्त प्रतिरोध खड़ा कर हमें संविधान और लोकतंत्र को बचाना है।

### दो युवकों ने फांसी लगाई

मंडावरी/लालसोट, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के मंडावरी व लालसोट थाना इलाके में दो अलग-अलग जगहों पर दो युवकों द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पहला मामला मंडावरी थाना क्षेत्र के कच्ची सड़क क्षेत्र से जुड़ा हुआ है जहां पर गगन नाम के युवक द्वारा घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक इलेक्ट्रॉनिक्स का कार्य करता था। थाना अधिकारी रामपाल मीणा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची एवं युवक को फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावरी लेकर गई। जहां चिकित्सकों द्वारा युवक गगन को मृत घोषित कर दिया गया इसके पश्चात मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। दूसरा मामला लालसोट थाना क्षेत्र के देवली ग्राम पंचायत से जुड़ा हुआ है जहां स्थानीय रहने वाला युवक महेंद्र कुमार ने मोहब्बत पुरा ग्राम स्थित चरागाह के पास निकल रहे दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के करीब एक बड़ी हाईटेंशन लाइट के पोल से फांसी के फंदे पर लटककर जीवन लीला को समाप्त कर लिया गया।

### विद्यार्थियों का सम्मान किया

फुलेरा, (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की कक्षा 10 वीं के परिणाम में फुलेरा में संचालित हिन्दी मीडियम विद्यालय माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ वरीयता प्राप्त करके फुलेरा क्षेत्र में हिन्दी मीडियम के विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुमावत ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। वहीं भूपेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र दिनेश कुमार वर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं रितिका वर्मा ने 84.33, आदित्य प्रजापत ने 83.83, जतिन कुमावत ने 83.17 एवं अंकिता मीणा ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, विद्यालय क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं विद्यालय की प्रबन्ध समिति के संरक्षक भंवर लाल भोपा, व्यवस्थापक रामेश्वर लाल कुमावत, सहव्यवस्थापक रामपाल प्रजापत, बाबूलाल, विमला देवी, ममता कुमारी एवं दिनेश कुमार ने श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को माला पहनाकर एवं मुंह मीठा करवाकर सम्मान किया गया।

### विद्यालय भूमि से अतिक्रमण हटाया

बौंली। क्षेत्र के मित्रपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत उदगांव की विद्यालय भूमि से 27 वर्ष बाद प्रशासन ने अतिक्रमण से मुक्त करा कर प्रधानाचार्य के सुपुर्द कर दी। बौंली तहसीलदार बृजेश मीणा के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदगांव की जमीन पर ग्राम पंचायत के कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ था। इस भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए मित्रपुरा तहसीलदार कैलाश मीणा, हल्का पटवारी बौंली, मित्रपुरा, व बाटोदा पुलिस बल की मौजूदगी में जमीन का सीमाज्ञान व चिन्हित करने के बाद अतिक्रमण हटाकर विद्यालय प्रशासन के सुपुर्द कर दी गई।

## स्थानांतरण नीति में पुरस्कृत शिक्षकों को इच्छित तीन स्थानों पर प्राथमिकता देने की मांग

■ अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

लालसोट, (निसं)। पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान जिला शाखा दौसा के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा एवं जिला सचिव हरसहाय मीना के नेतृत्त्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामखिलाड़ी मीना को ज्ञापन दिया। राज्यस्तरीय कार्यकारिणी प्रतिनिधि संतोष कुमार स्वर्णकार ने बताया कि फोरम की दो लंबित मांगों की क्रियान्विति में राज्य सरकार द्वारा उपेक्षा बरती जा रही है जबकि इन मांगों के लिए पूर्व में राज्य सरकार द्वारा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं । पहली मांग में स्थानांतरण नीति में पुरस्कृत शिक्षकों को इच्छित तीन स्थानों पर प्राथमिकता देना है । दूसरी मांग जिसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा पांच सितंबर 2019 को की गई घोषणा कि पुरस्कृत शिक्षकों को हाउसिंग बोर्ड द्वारा रियायती दर पर 150 वर्गगज का भूखंड या फ्लैट दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने आश्चर्य व्यक्त किया कि राज्य के अधिकारी मुख्यमंत्री की घोषणा को अमलीजामा पहनाने में भी शिथिलता बरतते हैं।अतिरिक्त जिला कलेक्टर मीना के पदस्थान पर फोरम ने उपरना एवम माला पहना कर अभिनंदन किया । प्रतिनिधिमंडल में रामबाबू ज्योति, मूलचंद मीना, गोपाल लाल टेलर, हजारी लाल मीणा,सत्यप्रकाश शर्मा, महेशचंद शर्मा, राकेशकुमार शर्मा, जगदीशप्रसाद मीना, माया जारवाल आदि उपस्थित रहे ।

## बिजली कटौती से लोग परेशान

राजगढ़, (निसं)। राजगढ़ कस्बे में विद्युत वितरण निगम की अनदेखी के चलते विद्युत कटौती से लोगों का दिन का चयन एवं रात की नींद गायब है। रात्रि में लगातार करीब आधा दर्जन बार बिजली कटौती से उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना दूभर हो गया है। इधर भीषण गर्मी एवं उमस के मध्य दिन एवं रात में लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन में भारी रोष व्याप्त है।

विदित रहे कि राजगढ़ के सराय बाजार क्षेत्र में मास्टर प्लान के तहत की गई तोड़फोड़ के पश्चात विद्युत निगम की ओर से टेंपरेरी वितरण व्यवस्था की गई। इसके तहत सिटी प्रथम एवं सिटी द्वितीय को मिलाकर विद्युत निगम की ओर से अस्थाई व्यवस्था कर बिजली चालू की गई।

इस वितरण व्यवस्था के चलते दोनों पेज का लोड अधिक हो जाने के कारण आए दिन फाल्ट एवं जंपर उड़ने की गतिविधियां प्रतिदिन घटित होने से आमजन को भीषण गर्मी में दुश्वरी का सामना करना पड़ रहा है।

## पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को ठीक कराने की मांग

■ वार्ड 6 में पेयजल आपूर्ति की बिगड़ी व्यवस्था को ठीक कराने के लिए पार्षद मनीष लखयाणी के नेतृत्व में वार्ड के लोग एसडीएम गंगाधर मीणा से मिले

किशनगढ़ बास, (निसं)। नगर पालिका वार्ड 6 में पेयजल आपूर्ति की बिगड़ी व्यवस्था को ठीक कराने के लिए बुधवार को पार्षद मनीष लखयाणी के नेतृत्व में वार्ड के लोग एसडीएम गंगाधर मीणा से मिले और पानी की व्यवस्था से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग रखी।

पार्षद मनीष लखयाणी ने बताया वार्ड में विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के चलते लोगों को रात रात भर जागने के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। विभाग ने वार्ड में रात 2 बजे पेयजल आपूर्ति किया जाना निर्धारित करने के बाद भी कई-कई घंटे इंतजार करने के बाद 10 से 15 मिनट ही पानी मिल पा रहा है। विभाग के अधिकारी कार्मिकों पर पार्षद ने आरोप लगाया कि कई बार पानी की समस्या से अवगत कराया गया है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया है। पार्षद मनीष लखयाणी का कहना है कि शीघ्र ही पानी की समस्या का समाधान विभाग ने नहीं किया तो वार्ड वासियों के साथ मिलकर रोड पर जाम लगाएंगे जिसकी जिम्मेदारी विभाग के अधिकारियों की होगी।पानी की समस्या लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे पार्षद मनीष लखयाणी के साथ पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश बटवाड़ा धनराज बनवारी अशोक ब्रह्मा देवी सुशीला माया खंडेलवाल संतोष सहित अन्य महिलाएं मौजूद थीं।

## सैनी समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

चौरु/उनियारा, (निसं)। उनियारा में सैनी ( माली) समाज के लोगों ने तहसील अध्यक्ष तेजपाल सैनी के नेतृत्व में 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर नारेबाजी के साथ पैदल मार्च निकालते हुए उपखण्ड कार्यालय पहुंच कर उनियारा उपखण्ड अधिकारी रजनी मीणा के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि समाज द्वारा वर्षों से राज्य एवं केंद्र सरकार से मांग की जा रहे हैं कि हमें भी सरकारी नौकरियों में 12 प्रतिशत आरक्षण मिले। आजादी से पूर्व से ही हमारा समाज मेहनत मजदूरी तथा कृषि पर आधारित रहकर गुजर-बसर करता आ रहा है किंतु सरकारों द्वारा उक्त समाज की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित नहीं किया गया तथा इस समाज को आरक्षण से वंचित रखा गया । इस दौरान उनियारा माली समाज अध्यक्ष तेजपाल सैनी, ऑल इंडिया सैनी समाज तहसील अध्यक्ष रामकिशन सैनी ,पूर्व अध्यक्ष गोपाल सैनी ,मोहनलाल सैनी, अलीगढ़ माली समाज अध्यक्ष किशन लाल सैनी , राजू लाल सैनी, दीपू सैनी सहित कई समाजबंधु उपस्थित थे।

## कावड यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट, बायपास सड़क निर्माण के दिये निर्देश

■ प्रशासन द्वारा तय किये गये नवीन मार्ग पर घाणा के बालाजी से टोडारोड तक होना है बायपास सड़क का निर्माण

■ संभागीय आयुक्त ने बैठक के बाद प्रशासन द्वारा तय नवीन मार्ग का मौका निरीक्षण किया

मालपुरा, (निसं)। कावड यात्रा समिति की ओर से दो साल के कोरोना संक्रमण काल के बाद 1 अगस्त को पुनः कावड यात्रा निकाले जाने के घोषित कार्यक्रम के बाद शांति व कानून व्यवस्था को मध्य नजर रख कावड यात्रा के आयोजन को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन हरकत में आने के साथ-साथ पूर्ण अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है।

बुधवार को मालपुरा पहुंचे अजमेर संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने एसडीएम कार्यालय में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में मौजूद एसडीएम रामकुमार वर्मा, पुलिस उपाधिक्षक प्रदीप गोयल, तहसीलदार घसीटाराम बैरवा, पालिका अध्यक्ष आशा नामा, जेईएन देशराज मीणा, सार्वजनिक निर्माण विभाग एक्सईन आरडी मीणा मौजूद रहै। संभागीय आयुक्त मेहरा ने आगामी 1 अगस्त को कावड यात्रा समिति द्वारा कावड यात्रा व शिवजलाभिषेक सहित अन्य त्यौहारों के दौरान शहर व क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने को लेकर आवश्यकता अनुसार हर सम्भव इंतेजामात किये जाने के निर्देश दिये तथा शांति व कानून व्यवस्था के साथ-साथ साम्प्रदायिक सौहार्द में बाधक बनने वाले असामाजिक तत्वों को आयोजनों से पूर्व चिन्हित कर ठोस कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये।

वर्ष 2018 में कावड यात्रा के आयोजन के दौरान उपजे साम्प्रदायिक तनाव व तनाव के बाद शहर में बिगडे हालातों सहित कानून व्यवस्था से जुड़े कई पहलुओ को आवश्यक चर्चा की। कोरोना के चलते दो साल तक सभी धार्मिक जूलूस व आयोजनों पर लगी रोक हटने के बाद कावड यात्रा समिति ने पुनः 31 जूलाई को बीसलपुर महादेव से कावड ले 1 अगस्त को मालपुरा पहुंच शिवजलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित करने का कार्यक्रम घौषित कर सोशल मीडिया पर वायरल करने के बाद पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। थाना पुलिस पुराने कावड यात्रा आयोजन व विवाद से जुडे दस्तावेज खंगालने में जुट गई। संभागीय आयुक्त ने बैठक के पश्चात प्रशासन द्वारा तय किये गये नवीन मार्ग का मौका निरीक्षण कर टोडारोड से घाणा के बालाजी तकरीबन आधा किमी. सीमा मे जल्द बायपास सडक निर्माण कार्य शुरू करने के लिए पीडब्ल्यूडी व नगरपालिका को निर्देशित किया।

## सड़क के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी

पावटा, (निसं)। स्टेट हाईवे 83जो की सिंगल सड़क बागावास से टटेरा तक 13 किमी लंबाई व 7 फीट चौडाई नवीनीकरण एवं चौडाईकरण के लिए विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर 16.50 करोड की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। यह सड़क बालाजी मोड बागावास अहिरान से वाया झीडा का बालाजी, बजरंगपुरा, रामपुरा खुर्द, ओडा होते हुए टटेरा तक जाएगी, आसपास के ग्रामीणों एवं विराटनगर व श्रीमाधोपुर विधानसभा के निवासियों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही हर चार साल पर इनका नवीनीकरण भी हो सकेगा। इससे जहां विकास कार्य तेज होंगे, वहीं लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि विराटनगर के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो, यहां का किसान सपन्न बने, सभी लोग आपसी भाईचारे से रहे, सभी मूलभूत सुविधाएं लोगों को मिले और आवागमन के लिए बेहतर सडकें हो इसी सपने को सच करने के लिए मैं कडी मेहनत कर रहा हूं।

# पूर्व सरपंच हनुमान मीणा के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग

■ सर्व समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन, डिप्टी को सौंपा ज्ञापन



ग्राम पंचायत हनौतिया बुजुर्ग के पूर्व सरपंच के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सर्व समाज के लोगों ने मृतक की पत्नी शांति देवी मीणा के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत हनौतिया बुजुर्ग के पूर्व सरपंच हनुमान मीणा के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सर्व समाज के लोगों ने मृतक की पत्नी शांति देवी मीणा के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा है।

बुधवार को सुबह सर्व समाज के लोगों ने निवाई थाने पहुंचकर थानाधिकारी अजय कुमार से हत्यारों को गिरफ्तार करने मांग की। इसके बाद थानाधिकारी ने मुकदमा दर्ज कर पुलिस उपाधीक्षक को जांच सौंप दी। दोपहर को सर्व समाज के लोग मीणा छात्रावास पर एकत्रित हुए और मृतक हनुमान मीणा की पत्नी को साथ लेकर हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर नारे लगाते हुए पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां लोगों ने हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन करके पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि 18 अक्टूबर 2021 को हनुतिया बुजुर्ग के सरपंच हनुमान मीणा की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। जिसकी एफएसएल रिर्पोट मंगलवार को डाक से निवाई थाने को मिली है। रिर्पोट से खुलासा हुआ कि हनुमान मीणा को जहर देकर हत्या की गई है। एफएसएल रिर्पोट के खुलासे से मीणा की मौत जहर से हुई जिससे सर्व समाज में अत्यंत रोष व्याप्त हो गया। लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस उपाधीक्षक को यह भी अवगत कराया कि पुलिस हनुमान मीणा के हत्यारों को सात दिन के भीतर गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही करें। जिससे मृतक मीणा व उसके परिवार को न्याय मिल सके। लोगों ने ज्ञापन से यह भी अवगत कराया कि सात दिन में हत्या के आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो सर्व समाज के लोग उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में पूर्व पार्षद आलोक मीणा, तुर्किया सरपंच नीतेश मीणा, सीआर हंसराज मीणा, भरथला सरपंच पृथ्वीराज मीणा, सुरेश डोई, हरकेश गुर्जर, श्योलाल मीणा, तेजवीर सिंह चौहान,भंवरसिंह, उत्तम सिंह, देवा गुर्जर, सैफ कुरेशी, विक्की, विश्वास, मुकेश, सहित सैकडों लोग मौजूद थे।

## आन्दोलन के समर्थन में माली समाज ने दिया ज्ञापन

नारायणपुर, (निसं)। कस्बे में बुधवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जन जाग्रति संस्थान, सैनी माली समाज द्वारा 12 प्रतिशत आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किये जा रहे आन्दोलन के समर्थन में मुख्यमत्री के नाम नायब तहसीलदार वीपी सिंह नरुका को ज्ञापन सौंपा। अब नारायणपुर उपखंड क्षेत्र के माली समाज के लोगों द्वारा भी आरक्षण की मांग को तेज कर दिया गया है। ज्ञापन में बताया कि माली समाज द्वारा प्रदेश में किये जा रहे धरना प्रदर्शनों को सरकार द्वारा बल पूर्वक रोका जा रहा है। समाज द्वारा नदबई भरतपुर नेशनल हाइवे 21 पर किये जा रहे धरने प्रदर्शन में सामाजिक नेता और कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्जा किया गया है, जिसका पूरा समाज विरोध करता है । जल्दी ही सरकार द्वारा मांगे नहीं मानी गई तो ब्लॉक नारायणपुर सैनी माली समाज द्वारा सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर अध्यक्ष सुल्तान राम सैनी, भागीरथ सैनी, भवानीशंकर सैनी, तेजराम, सेढमल, हनुमान पापट्टयान सहित बड़ी संख्या में सैनी समाज के लोग मौजूद थे।

# अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण आक्रोशित

■ सहायक अभिंयता को सुनाई खरी खोटी



श्रीमाधोपुर में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की।

श्रीमाधोपुर, (निसं)। शहर में बुधवार को अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और विद्युत कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय श्रीमाधोपुर में ग्रामीण पहुंचकर विभागीय कर्मचारियों के खिलाफ हिमांशु कसेरा तथा श्याम चौधरी के नेतृत्व में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि अधिकारियों ने अपनी मनमर्जी से तानाशाही करते हुए शहर में 7 से 8 घंटे विद्युत कटौती कर आम जनता बेहाल कर रखा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं गामीणों का आरोप था कि यदि वे विद्युत कटौती की सूचना के लिए विभागीय अधिकारियों के मोबाइल पर जानकारी लेने के लिए कॉल करते हैं तो अधिकारी या तो फोन रिसीव नहीं करते हैं या करते भी हैं तो संतुष्टपूर्ण जवाब नहीं देते है। वहीं ग्रामीणों का आक्रोश उस समय और बढ़ गया जब ग्रामीण विद्युत कार्यालय पहुंचे तो उन्हें कार्यालय में एक भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं मिले। जिस पर ग्रामीण और अधिक आक्रोशित होकर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों के विरोध की सूचना के बाद मौके पर कार्यवाहक सहायक अभियंता मोहनीश सिद्ध पहुंचे।

अधिकारी के मौके पर पहुंचते ही ग्रामीण महिलाओं तथा अन्य लोगों ने विद्युत कटौती को लेकर खरी-खोटी सुनाई और कहा कि 5 दिन से विद्युत कटौती कर आमजन का इस गर्मी में जीना मुश्किल कर दिया। ग्रामीणों के विरोध के बाद सहायक अभियंता ने कहा कि 33 हजार लाइन में अचानक फाल्ट होने की वजह से विद्युत सप्लाई में परेशानी हुई है,जिसके लिए उन्हें खेद है। जिस पर ग्रामीण महिलाओं तथा अन्य लोगों का आक्रोश शांत हुआ।



हम जिस तरह की फॉर्म में हैं, हम घरेलू मैदान पर खेलना पसंद करेंगे। जिस तरह से दर्शक मैच देखने आ रहे हैं और हमारा समर्थन कर रहे हैं, उसे देखते हुए यहां खेलना शानदार होगा। - **सुनील छेत्री**

**भारत के फुटबॉल कप्तान, एएफसी एशिया कप फाइनल को लेकर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## मिताली राज



**भारत** की 'पूर्व कप्तान' कहलाये जाने को आत्मसात करने में उन्हें अभी समय लगेगा लेकिन पिछले सप्ताह अपने 23 वर्ष के सुनहरे कैरियर को अलविदा कहने वाली मिताली राज को तसल्ली है कि देश में लड़कियों के क्रिकेट खेलने को सामान्य बात बनाने में उनका भी योगदान रहा। मिताली को 2022 विश्व कप के बाद ही पता चल गया था कि उनके क्रिकेट को अलविदा कहने का समय आ गया है लेकिन कभी बड़े फैसले हड़बड़ी में नहीं लेने वाली मिताली ने कुछ समय इंतजार किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

## टी-20 सीरीज से बाहर होकर घर लौटे मार्करम

नयी दिल्ली, 15 जून। दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम के बल्लेबाज़ एडेन मार्करम भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज़ से एक भी मुकाबला खेले बिना बाहर हो गये हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने बुधवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। सीएसए ने ट्वीट में कहा, ''एडेन मार्करम भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20 श्रृंखला के शेष भाग से बाहर कर दिये गये हैं। प्रोटियाज बल्लेबाज ने पिछले सप्ताह कोविड-19 संक्रमित पाए जाने के बाद सात दिन क्वारंटाइन में बिताए। वह अंतिम दो मैचों में खेलने के लिए वापसी नहीं कर पाएंगे।'' सीएसए ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की कलाई की चोट में सुधार आया है और टीम का चिकित्सा विभाग उनकी प्रगति पर नजर रखना जारी रखेगा। ट्वीट में कहा गया, ''विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने कलाई की चोट से उबरने में काफी सुधार किया है। प्रोटियाज का मेडिकल स्टाफ उनकी प्रगति का आकलन करना जारी रखेगा और चौथे मैच के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला करेगा।''

## चोट के कारण जेमिसन अंतिम टेस्ट से बाहर

नॉटिंघम, 15 जून। न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ काइल जेमिसन पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे टेस्ट से बाहर हो गये हैं। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 27 वर्षीय जेमिसन दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड की पारी के दौरान मैदान से बाहर चले गये थे। उन्होंने मैच की चौथी पारी में न्यूज़ीलैंड के लिये गेंदबाज़ी भी नहीं की, जहां इंग्लैंड ने 299 रन के लक्ष्य को 50 ओवर के अंदर हासिल कर सीरीज़ में 2-0 की बढ़त हासिल की। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने अपने बयान में कहा, ''एक एमआरआई स्कैन में सामने आया है कि उनकी पीठ के निचले हिस्से में खिंचाव है, जिसके बाद जेमिसन घर वापस लौटेंगे। कोच गैरी स्टीड ने उम्मीद की थी कि सितंबर या अक्टूबर में वापसी से पहले उन्हें चार से छह सप्ताह के आराम की आवश्यकता होगी।''

## पावो नुर्मी खेलों में नीरज ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, जीता रजत

तुरकू, 15 जून। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को पावो नुर्मी खेलों में रजत पदक जीतते हुए जैवलीन थ्रो का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया। नीरज ने 89.3 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पिछले साल मार्च में आयोजित इंडियन ग्रां प्री में बनाया अपना 88.07 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ा। यह उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होने के साथ-साथ इस वर्ष का अब तक का पांचवां सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। फ़िनलैंड के ओलिवर हेलेंडर ने 89.83 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। ग्रेनाडा के मौजूदा विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स ने 86.60 मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पिछले साल अगस्त में हुए टोक्यो ओलंपिक के बाद नीरज पहली बार किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे थे। 24 वर्षीय नीरज ने 86.92 मीटर के थ्रो के साथ शुरुआत की, और दूसरे प्रयास में 89.30 मीटर की दूरी पर भाला फेंका, जो उनके ओलंपिक प्रदर्शन (87.58) से भी बेहतर था।

## जन्मतिथि में फेरबदल करने वाले खिलाड़ियों पर आरसीए ने 2 वर्ष का प्रतिबंध लगाया

जयपुर, 15 जून। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जा रही अंडर-19 डूंगरपुर शील्ड प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा किये गये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में प्रस्तुत दस्तावेजों कीजांच के दौरान पाया गया कि कुछ खिलाड़ी अपनी जन्मतिथि में फेरबदल करने के उद्देश्य से अपने नाम के परिवर्तन किया है एवं दूसरे नाम सेद् सरी जन्म तिथि के आधार पर नये दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए फर्जीवाडा किया है ऐसे खिलाड़ियों के नाम निम्न प्रकार है :- राहुल फोजदार उर्फ राहुल सिंह (भरतपुर), जितेश सिंह उर्फ जितेश नोस (भरतपुर), मयंक पुत्र सत्यपाल (अलवर)। राजस्थान क्रिकेट संघ ने उपरोक्त खिलाड़ियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए इन खिलाड़ियों को 2 वर्ष के लिए प्रतिबंधित (बेन) कर दिया है। राजस्थान क्रिकेट संघ के सचिव महेन्द्र शर्मा ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ इस प्रकार फर्जीवाड़ा करने वाले खिलाड़ियों पर कड़ी नजर रखे हुए एवं पकड़ने जाने वाले खिलाड़ियों को तुरंत प्रभाव से 2 वर्ष हेतु प्रतिबंधित किया जावेगा।

## मिनी स्वीमिंग पूल होगा आज से शुरू

जयपुर। 15 जून। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित मिनी स्वीमिंग पूल गुरूवार अंडर-18 वर्ष तक तैराकी सीखने वाले बालक व बालिकाओं के लिये शुरू हो जायगा। द्रोणाचार्य अवार्डी राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया ने बुधवार को मिनी स्वीमिंग पूल की विधिवत पूजा अर्चना की। इस अवसर पर परिषद् के अधिकारीगण, प्रशिक्षकगण एवं कर्मचारी गण भी उपस्थित थे। वीरेन्द्र पूनिया ने बताया कि सुबह पांच शिफ्ट मे तथा शाम को पांच शिफ्ट में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा तैराकी सिखाई जायेगी। इनमें सुबह दो शिफ्ट व शाम को एक शिफ्ट बालिकाओं के लिये रिजर्व रखी गई है। प्रत्येक शिफ्ट 40 मिनट की होगी। इसमें प्रवेश के लिये 4 फीट हाईट की अनिवार्यता है। उन्होंने बताया कि मिनी स्वीमिंग पूल में प्रवेश के लिये 1000/- रूपये प्रति माह फीस निर्धारित की गई है। स्वीमिंग पूल का फार्म व अन्य जानकारियों के लिये इंडोर स्टेडियम के कमरा न.1 मे सम्पर्क कर सकते है।

# आयरलैंड दौरे पर हार्दिक पांड्या करेंगे टीम की कप्तानी

मुंबई, 15 जून। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को आयरलैंड में होने वाली टी20 श्रंखला के लिये भारतीय टीम की घोषणा की। दो मैचों की टी20 श्रंखला में गुजरात टाइटन्स को पहले सीज़न में ही आईपीएल का खिताब जिताने वाले हार्दिक पांड्या भारत की कप्तानी करेंगे। भुवनेश्वर कुमार को टीम का उपकप्तान चुना गया है।

इस सीरीज़ में संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव और वेंकटेश अय्यर टीम में वापसी कर रहे हैं। आईपीएल में शानदार बल्लेबाज़ी से अपना जलवा बिखेरने वाले राहुल त्रिपाठी को उनका पहला कॉल-अप दिया गया है। आईपीएल 2022 में विस्फोटक बल्लेबाज़ी के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले दिनेश कार्तिक टीम में बरकरार हैं। इस सीरीज़ के समय भारतीय टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी इंग्लैंड दौरे पर होंगे, जिसको ध्यान में रखते हुए ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, दीपक हुड्डा, उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। अक्टूबर 2022 में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इन खिलाड़ियों के पास अपने प्रदर्शन से बीसीसीआई का ध्यान आकर्षित करने का मौका है।

### भारत दौरे के लिये आयरलैंड की टीम में दो नये नाम शामिल

डबलिन, 15 जून। क्रिकेट आयरलैंड ने भारत के खिलाफ जून के अंत में होने वाली टी20 श्रंखला के लिये बुधवार को अपनी टीम की घोषणा की। दो मैचों की इस श्रंखला के लिये टीम में ऊपरी क्रम के बल्लेबाज स्टीफ़न डोहेनी और तेज गेंदबाज कॉनर ओलफ़र्ट को शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ी इस सीरीज में अपना डेब्यू करेंगे।

23 वर्षीय डोहेनी मेरियन के साथ क्लब क्रिकेट खेलते हैं और अंतर-प्रांतीय टी20 ट्रॉफी प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 52.67 की औसत से 158 रन बनाये हैं, जिसमें 74 रन की नाबाद पारी शामिल है।

25 वर्षीय ओलफ़र्ट ब्रेडी के लिये क्लब स्तरीय क्रिकेट खेलते हैं। अपनी रफ्तार और उछाल के लिये मशहूर ओलफ़र्ट को आयरलैंड के यूएई दौरे पर बतौर नेट गेंदबाज़ शामिल किया गया था। वह अंतर-प्रांतीय टी20 ट्रॉफी में अब तक 19.17 की औसत से छह विकेट ले चुके हैं।

दो टी20 मैचों की घरेलू श्रंखला के लिये आयरलैंड की टीम इस प्रकार है :एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), मार्क अडायर, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, स्टीफन डोहेनी, जोश लिटिल, एंड्रयू मैकब्राइन, बैरी मैकार्थी, कॉनर ओल्फर्ट, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, क्रेग यंग।

**भारतीय टीम** : हार्दिक पांड्या (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार (उपकप्तान), ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल,रवि बिश्नोई, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।

## धीमे ओवर रेट के कारण डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में इंग्लैंड के दो अंक कटे

नाटिंघम,15 जून। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ ट्रेंट ब्रिज टेस्ट में धीमी ओवर गति के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक तालिका में दो अंक काटे गए हैं। साथ ही इंग्लैंड के सभी खिलाड़ियों पर 40 फ़ीसदी मैच फीस का जुर्माना लगा है। अब तक इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के 10 अंक काटे जा चुके हैं। इससे पहले उनके आठ अंक एशेज़ श्रृंखला के दौरान काटे गए थे। मैदानी अंपायर माइकल गफ़ और पॉल राइफल, तीसरे अंपायर रॉड टकर और चौथे अंपायर मार्टिन सैगर्स द्वारा आंकलन के बाद यह फ़ैसला लिया गया कि मेज़बान टीम ने तय समय के हिसाब से दो ओवर कम किया था। मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता के बिना कप्तान बेन स्टोक्स को धीमी ओवर रेट के लिए दोषी पाया। ट्रेट ब्रिज टेस्ट में मिली जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में इंग्लैड के पास 42 अंक थे। हालांकि धीमी ओवर रेट के लिए मिली सजा के बाद यह 40 हो गए। इसके साथ ही अंक तालिका में अब इंग्लैंड आठवें स्थान पर पहुंच गया है। ओवर रेट से संबंधित आईसीसी के नियमों के अनुसार खिलाड़ियों को उनकी टीम के द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने के बाद प्रति ओवर की दर से हर ओवर में मैच फ़ीस का 20 जुर्माना लगाया जाता है इंग्लैंड ने ट्रेंट ब्रिज टेस्ट में एक रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड अंतिम दिन 299 रनों का पीछा कर रहा था। इंग्लैंड की टीम एक समय पर चार विकेट के नुकसान पर 93 रन बना कर खेल रही था। हालांकि इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स के बीच 179 रनों की साझेदारी हुई। बेयरस्टो ने 92 गेंदों में 136 रनों की पारी खेली। उन्होंने 77 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। बेयरस्टो के आउट होने के बाद स्टोक्स और बेन फ़ोक्स ने इंग्लैंड के लिए मैच जिताऊ साझेदारी की। स्टोक्स 70 गेंदों में 75 रन बनाकर नाबाद रहे।

## यूएस ओपन में हिस्सा ले सकेंगे रूसी, बेलारूसी खिलाड़ी

वाशिंगटन, 15 जून। अमेरिका टेनिस संघ (यूएसटीए) ने रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। यूएसटीए ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, ''यूएसटीए यूएस ओपन 2022 में रूस और बेलारूस के व्यक्तिगत एथलीटों को एक तटस्थ ध्वज के तहत हिस्सा लेने की अनुमति देगा।'' उल्लेखनीय है कि यूक्रेन पर रूस के सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद रूसी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के आयोजनों और खेल जगत में कई अन्य आयोजनों से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

बेलारूस ने इस सैन्य अभियान का समर्थन किया था इसलिये बेलारूसी खिलाड़ियों पर भी समान प्रतिबंध लगाया गया था। यूएसटीए ने बयान में कहा कि वह यूक्रेन में रूस के अकारण और अन्यायपूर्ण आक्रमण की ''निंदा करना जारी रखता'' है। बयान में कहा गया, ''यूएसटीएफ अन्य टेनिस संस्थाओं के साथ खड़े होकर, आईटीएफ से और सभी अंतरराष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं से रूसी और बेलारूसी टेनिस संघों पर प्रतिबंध लगाने का समर्थन करता है। इसी के साथ संघ सभी अंतरराष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं के बाहर प्रतिस्पर्धा करते समय उन देशों के खिलाड़ियों के लिए तटस्थ ध्वज के तहत खेलने के निर्देश का भी समर्थन करता है।'' यूएसटीए ने कहा कि अपनी परिस्थितियों क ध्यान में रखते हुए वह हर राष्ट्रीयता के पात्र खिलाड़ियों को 2022 यूएस ओपन में हिस्सा लेने की अनुमति देगा।

# 2023 में महिला आईपीएल कराने के लिए प्रतिबद्ध : जय शाह

मुंबई, 15 जून। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बुधवार को कहा कि ''बीसीसीआई देश में महिला क्रिकेट के विकास के लिए अधिकतम अवसर पैदा करने के अलावा 2023 में महिला आईपीएल शुरू करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।''

शाह ने आईपीएल के मीडिया अधिकारों की सफल नीलामी के बाद जारी प्रेस विज्ञिप्त में कहा, ''मुझे गर्व है कि आईपीएल आज इतना बड़ा हो गया है। ई-नीलामी ने आज आईपीएल को प्रति मैच मीडिया अधिकार मूल्य के मामले में बड़ी लीग में पहुंचा दिया है। हमने सुनिश्चित किया कि प्रक्रिया सभी हितधारकों के लिए पारदर्शी और निष्पक्ष हो। मैं सभी विजेताओं को बधाई देता हूं और बोलीदाताओं को ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर आईपीएल ब्रांड में मूल्यवर्धन करते रहेंगे और राजस्व, भागीदारी और प्रदर्शन के मामले में इसे दुनिया की सबसे बड़ी खेल लीग बनाएंगे।''

शाह ने कहा, ''हमारा पूरा ध्यान क्रिकेट और व्यावसायिक हितों को संतुलित करने पर है क्योंकि बीसीसीआई क्रिकेट के माध्यम से देश में खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मीडिया अधिकारों के माध्यम से हम जो पैसा कमाते हैं, वह अंततः भारत में जमीनी स्तर के क्रिकेट को लाभान्वित करेगा और यही मायने रखता है। बीसीसीआई देश में महिला क्रिकेट के विकास के लिए अधिकतम अवसर पैदा करने के अलावा 2023 में महिला आईपीएल शुरू करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।''

उन्होंने कहा कि बीसीसीआई अन्य खेलों को बढ़ावा देने के प्रयास में देश के हर नुक्कड़ पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूर्वोत्तर में इनडोर खेल अकादमियों और चुनिंदा स्थानों में स्टेडियम भी स्थापित कर रहा है।

बीसीसीआई पूर्व खिलाड़ियों और क्रिकेटरों की विधवाओं को पेंशन और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक संसाधन पूल भी बनाएगा। दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को आईपीएल की 2023-27 साइकिल के मीडिया अधिकार बेचकर कुल 48,390.32 करोड़ रुपये जोड़े। स्टार इंडिया ने 23,575 करोड़ रुपये की बोली के साथ भारत के टीवी प्रसारण अधिकार खरीदे, जबकि वायकॉम18 को 23,758 करोड़ रुपये की विजयी बोली के साथ डिजिटल अधिकार मिले। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने ट्वीट किया, ''खेल केवल पैसे के लिये नहीं है, यह प्रतिभा के लिये है। आईपीएल ई-नीलामी ने दिखाया कि हमारे देश में खेल कितना मजबूत है। यह आंकड़ा सभी युवाओं के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा होनी चाहिए। खिलाड़ियों को अपनी क्षमता और टीम इंडिया को उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए।''

## डेव हाउटन बने ज़िम्बाब्वे के मुख्य कोच

हरारे, 15 जून। पूर्व ज़िम्बाब्वे कप्तान डेव हाउटन को नेशनल टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। अगले महीने ज़िम्बाब्वे टी20 विश्व कप क्वालिफ़ायर की मेज़बानी भी करेगा। 64-वर्षीय हाउटन लालचंद राजपूत की जगह लेंगे और राजपूत अब तकनीकी निदेशक का पदभार संभालेंगे।

मार्च में ज़िम्बाब्वे क्रिकेट (ज़ेडसी ने राजपूत के कोचिंग अनुबंध की अवधि को बढ़ाया था लेकिन अब बोर ने सपोर्ट स्टाफ़ की गठन में बदलाव का फ़ैसला लिया है। हाउटन इससे पहले 1990 के दशक में भी कोच रहे हैं और जब ज़िम्बाब्वे ने 1999 विश्व कप में एक यादगार अभियान में सुपर सिक्स में प्रवेश किया था तब भी वह मुख्य कोच थे। उन्होंने इंग्लैंड में घरेलू क्रिकेट में डर्बीशायर और मिडिलसेक्स जैसे टीमों को भी कोच किया है। हाल ही में उन्होंने ज़िम्बाब्वे की घरेलू क्रिकेट में माउंटेनीयर्स को भी कोच किया है।

ज़िम्बाब्वे ने जब भारत के ख़िलाफ़ 1992 में अपना पहला टेस्ट खेला था तब हाउटन ही टीम के कप्तान थे और उन्होंने डेब्यू पर शतकीय पारी भी खेली थी। उन्हों 22 टेस्ट में चार शतक लगाते हुए 43.05 के औसत से 1464 रन बनाए। 1994 में श्रीलंका के विरुद्ध बुलावायो में उनका 266 ज़िम्बाब्वे के लिए टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी है।

ज़िम्बाब्वे को हाल ही में घर पर अफ़ग़ानिस्तान ने 3-0 से टी20 सीरीज़ में हराया लेकिन ज़ेडसी के क्रिकेट निदेशक हैमिलटन मसकादूज़ा ने उम्मीद जताई है कि हाउटन जैसे अनुभवी कोच की नियुक्ति से टीम का टी20 विश्व कप में पहुंचने के आसार बेहतर होंगे। हाउटन के सहायक होंगे लांस क्लूज़नर जो पहले से ही टीम के साथ बल्लेबाज़ी कोच के तौर पर जुड़े हैं। मासाकादूज़ा ने कहा, ''लांस और डेव के साथ हम आशावादी हैं कि हम विश्व कप क्वालिफ़िकेशन के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मैं लालचंद का भी शुक्रगुज़ार हूं क्योंकि उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण समय में टीम को संभाला।''

## मनोज तिवारी और शाहबाज ने बंगाल को संभाला

बेंगलुरु, 15 जून। अनुभवी बल्लेबाज मनोज तिवारी (नाबाद 84) और शाहबाज अहमद (नाबाद 72) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच छठे विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी ने बंगाल को मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी सेमीफाइनल के दूसरे दिन नाजुक स्थिति से उबारकर स्टंप्स तक पांच विकेट पर 197 रन के सम्मानजनक स्कोर पर पहुंचा दिया। बंगाल अभी पहली पारी में 144 रन से पीछे है। इससे पहले मध्य प्रदेश ने छह विकेट पर 271 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 341 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज हिमांशु मंत्री 134 से आगे खेलते हुए 165 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 327 गेंदों का सामना करते हुए 19 चौके और एक छक्का लगाया। पुनीत दाते ने 37 गेंदों में 33 रन बनाये। बंगाल की तरफ से मुकेश कुमार ने चार और शाहबाज अहमद ने तीन विकेट लिए। कुमार कार्तिकेय और पुनीत दाते ने दो-दो विकेट लेकर बंगाल को झकझोरा और उसका स्कोर पांच विकेट पर 54 रन कर दिया। इस नाजुक स्थिति में मनोज और शाहबाज ने अविजित शतकीय साझेदारी कर बंगाल को संकट से बाहर निकाला।

# इंडोनेशिया ओपन : लक्ष्य सेन और श्रीकांत पहले दौर में हारे

जकार्ता, 15 जून। दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन को इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन के पहले दौर में भारत के ही एस एस प्रणय ने हरा दिया जबकि किदाम्बी श्रीकांत भी पहली बाधा पार नहीं कर सके ।

सेन को पुरूष एकल मैच में प्रणय ने 21-10, 21-9 से मात दी। वहीं दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत को फ्रांस के 41वीं रैंकिंग वाले ब्राइस लीवरडेज ने 23-21, 21-10 से हराया । इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ छह मुकाबलों में श्रीकांत की यह पहली हार है। इस साल अपना पहला सुपर 500 खिताब जीतने वाले सेन आल इंग्लैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे थे और थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे ।

प्रणय की सेन के खिलाफ तीन मैचों में यह पहली जीत थी । युगल में एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने जापान के केलिचिरो मत्सुइ और योशिनोरी ताकेउची को 27-25, 18-25, 21-19 से हराया । महिला युगल में अश्विनी भट और शिखा गौतम को चीन के झांग शू शियान और झेंग यू ने 28 मिनट में 21-9, 21-10 से मात दी । वही हरिता हरिनारायण और आशना नॉय को दक्षिण कोरिया के जियोंग ना युन और हिम ये जियोंग ने सीधे सेटों में हराया ।

## फीफा अंडर-17 विश्व कप : नवी मुंबई में होगा फाइनल, भारत भुवनेश्वर में लीग मैच खेलेगा

नयी दिल्ली, 15 जून। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप का फाइनल 30 अक्टूबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि सेमीफाइनल गोवा में होंगे। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा और स्थानीय आयोजन समिति ने बुधवार को यह घोषणा की। भारत लीग चरण के अपने मैच 11 अक्टूबर से भुवनेश्वर में खेलेगा। आधिकारिक ड्रा 24 जून को होगा। ग्रुप चरण में 24 मैच खेले जाएंगे जो 18 अक्टूबर तक तीन राज्यों ओडिशा, गोवा और महाराष्ट्र में आयोजित किये जाएंगे। क्वार्टर फाइनल 21 और 22 अक्टूबर को जबकि सेमीफाइनल 26 अक्टूबर को होंगे। भारत ग्रुप चरण के अपने मैच 11, 14 और 17 अक्टूबर को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में खेलेगा। एलओसी परियोजना निदेशक अंकुश अरोड़ा और नंदिनी अरोड़ा ने संयुक्त बयान में कहा, ''कार्यक्रम जारी करना इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट के आयोजन में एक महत्वपूर्ण क्षण है। भारत की दूसरी फीफा प्रतियोगिता की मेजबानी की तैयारियां सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

## जो रूट बने नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज

दुबई, 15 जून। अपने बल्लेबाज़ी करियर के स्वर्णिम दौर से गुजर रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गये हैं।बुधवार को जारी रैंकिंग के अनुसार, जो रूट न्यूज़ीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज़ के दो मैचों में दो शतक लगाकर आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में दोबारा पहले स्थान पर आ गये। पहले टेस्ट में 115 रन की शतकीय पारी खेलने के बाद रूट पूर्व नंबर एक बल्लेबाज़ मार्नस लाबुशेन के बेहद करीब आ गये थे, और अब वह दूसरे टेस्ट में 176 रन बनाकर लाबुशेन से पांच पॉइंट आगे निकल गये हैं। टेस्ट खिसक गये हैं। इससे पहले रूट दिसंबर 2021 में टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष पर बने हुए थे, लेकिन लाबुशेन ने उन्हें पछाड़ कर टेस्ट का ताज अपने सिर पर पहना था। जो रूट 163 दिन तक नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज रह चुके हैं। इनके अलावा स्टीव स्मिथ (1,506 दिन), विराट कोहली (469 दिन) और केन विलियमसन (245 दिन) ने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना लोहा मनवाया है। रूट के अलावा उनके हमवतन जॉनी बेयरस्टो और कप्तान बेन स्टोक्स ने भी आईसीसी रैंकिंग में छलांग लगायी है।

## तीसरे टी-20 के बाद भारतीय क्रिकेटरों ने आईसीसी रैंकिंग में लगायी छलांग

दुबई, 15 जून। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में 48 रन की जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की टी20 रैंकिंग में छलांग लगायी है। बुधवार को जारी रैंकिंग के अनुसार, आईसीसी टी20 रैंकिंग में भारत के शीर्ष गेंदबाज़ भुवनेश्वर कुमार का नाम 11वें स्थान पर पहुंच गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रंखला में किफायती गेंदबाजी की बदौलत भुवी ने अपनी सर्वश्रेष्ठ रेटिंग (635) के साथ सात पायदान छलांग लगायी है।

साथ ही तीसरे टी20 मुकाबले में 20 रन के बदले तीन विकेट झटक कर मैन ऑफ द मैच जीतने वाले युज़ी चहल भी 557 की रेटिंग के साथ चार पायदान छलांग लगाते हुए 26वें स्थान पर आ गये हैं। इसी बीच, ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ जॉश हेज़लवुड आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गये। आईपीएल 2022 में आकर्षक प्रयास के बाद हेज़लवुड ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज़ में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन मैचों में 9.50 की औसत से छह विकेट लिये।

इस हफ्ते की रैंकिंग के अनुसार हेज़लवुड 792 पॉइंट के साथ पहले स्थान पर हैं, जबकि इंग्लैंड के आदिल रशीद 746 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। हेज़लवुड के साथी और ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के फिरकी गेंदबाज़ एश्टन एगर ने तीन पायदान ऊपर छलांग लगायी है और वह 640 पॉइंट के साथ नौवे स्थान पर आ गये हैं।

इसी बीच, बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में इशान किशन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती तीन मुकाबलों में 164 रन बनाकर 68 पायदान की विशाल छलांग लगाई है। इशान 689 पॉइंट के साथ आईसीसी टी20 रैंकिंग में सातवें नंबर के बल्लेबाज बन गये हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग है।

## स्टॉयनिस और एगर का नाम भी चोटिल खिलाड़ियों में शामिल

पल्लेकेल , 15 जून। श्रीलंका के खिलाफ खेले गये पहले एकदिवसीय मैच में मार्कस स्टॉयनिस और एश्टन एगर के चोटिल होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के चोटिल खिलाड़ियों की सूची में दो और नाम बढ़ गये।

पल्लेकेल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गये पहले एकदिवसीय मैच में बल्लेबाज़ी करते हुए स्टॉयनिस की मांसपेशी में चोट आई, जबकि एगर को भी मैच के दौरान साइड स्ट्रेन का सामना करना पड़ा। इस चोट के साथ ही स्टॉयनिस का श्रीलंका दौरा समाप्त हो गया है। एगर को टीम के साथ रखा गया है, लेकिन टेस्ट श्रंखला शुरू होने से पहले उनके खेलने पर भी सवाल बने हुए हैं।

स्टॉयनिस के चोटिल होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड को टीम में शामिल किया है, जबकि एगर की जगह 25 वर्षीय मैथ्यू कुहनेमान को तलब किया गया है जो इस सीरीज़ में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करेंगे। हेड और कुहनेमान दोनों ही श्रीलंका में चल रहे शैडो दौरे में ऑस्ट्रेलिया ए के लिये खेल रहे थे। इस बीच, इस सीरीज़ में ऑस्ट्रेलिया के छह खिलाड़ी चोटिल होने से कंगारुओं की मुसीबतें बढ़ गयी हैं। चोटिल खिलाड़ियों में मिचेल स्टार्क का भी नाम है जो बाएं हाथ में चोट के कारण दूसरे एकदिवसीय तक नहीं खेल सकेंगे। कंगारू टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा, ''हम उन्हें (स्टार्क को) थोड़ा इंतजार करवा कर देख रहे हैं।

# आईपीएल कैसे बनी दुनिया की दूसरी सबसे महंगी लीग

मुम्बई, 15 जून। 2023 से 2027 आईपीएल चक्र के लिए मीडिया अधिकार का कुल सौदा 48,390.5 करोड़ रुपये में हुआ है। इन सौदों के बाद आईपीएल विश्व के सबसे महंगी लीग में से एक बन गया है।

2017 में स्टार इंडिया ने आईपीएल का टीवी और डिजिटल अधिकार कुल 16,347.5 रूपए में हासिल किए थे। पिछले आईपीएल चक्र (2018-22) की तुलना में इस चक्र के अधिकार की क़ीमत 2.96 गुना और 196 फ़ीसदी अधिक है। यह अधिकार उन्हें पांच सीज़न (60 मैच) के लिए मिला था। हालांकि इस बार यह सौदा 48.390.5 करोड़ में हुआ है। इस बार पांच सीज़न में उन्हें 410 मैचों के मीडिया अधिकार मिले हैं।

प्रति मैच मूल्य के मामले में आईपीएल अब केवल अमेरिका के नेशनल फ़ुटबॉल लीग (एनएफएल) से पीछे है और इंग्लिश प्रीमियर लीग से आगे है। प्रत्येक एनएफएल मैच का मूल्य 35.07 मिलियन अमेरिकी डॉलर (2022 में हस्ताक्षिरत दस वर्षीय मीडिया अधिकार के आधार पर) है, जबकि 2022-25 में हस्ताक्षिरत मीडिया अधिकार के अनुसार इंग्लिश प्रीमियर लीग मैच का मूल्य 11.34 मिलियन यूएस डॉलर है। वहीं आईपीएल में इस बार यह सौदा लगभग 15.11 मिलियन डॉलर में हुआ है।

मीडिया अधिकारों पर आधारित एक आईपीएल मैच अब भारत के घरेलू खेल से लगभग दोगुना (1.96 गुना) है। पिछले आईपीएल चक्र में प्रत्येक मैच का औसत मूल्य 60 करोड़ था जो अब 118.02 करोड़ रूपए का है। आईपीएल चक्र 2018 से 2022 के लिए टीवी के अधिकार 11050 करोड़ में बेचे गए थे जबकि आईपीएल चक्र 2023 से 2027 के लिए यह मूल्य 23,575 करोड़ है, जो लगभग 113.35 अधिक है।

आईपीएल चक्र 2023 से 2027 तक के लिए भारतीय उपमहाद्वीप में डिजिटल अधिकार के लिए 23758 करोड़ रूपए की बोली लगाई गई। इस बार भारतीय उपमहाद्वीप के लिए डिजिटल अधिकारों पर ख़र्च की गई कुल राशि 23,758 करोड़ थी। वायकॉम 18 ने पैकेज बी जीतने के लिए 20,500 करोड़ की बोली लगाई, पैकेज सी (केवल हाई-प्रोफाइल मैचों के चयन के लिए भारत में डिजिटल अधिकार भी 3,257.5 करोड़ रूपए में हासिल किया। उपमहाद्वीप में अधिकतम 410 मैचों के लिए डिजिटल अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए यह संयुक्त आंकड़ा पिछले चक्र के लिए लगाई गई कुल बोली से 45 अधिक है।

## न्यूज़ीलैंड के माइकल ब्रेसवेल कोरोना पॉज़िटिव

नाटिंघम, 15 जून। न्यूज़ीलैंड के स्पिन ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल कोरोना पॉज़िटिव हो गए हैं। उन्हें पांच दिन के आइसोलेशन पर भेजा गया है और उम्मीद है कि वह हेडिंग्ली में होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले फ़िट हो जाएंगे, जो कि 23 जून से शुरू होना है। नॉटिंघम के दूसरे टेस्ट के बाद लक्षण दिखने पर ब्रेसवेल का रैपिड एंटीज़न टेस्ट कराया गया था, जिसमें वह कोविड-19 पॉज़िटिव आए थे। इस मैच में इंग्लैंड को पांच विकेट की रोमांचक जीत मिली थी। वहीं न्यूज़ीलैंड के कप्तान केन विलियमसन पांच दिन के आइसोलेशन के बाद टीम से जुड़ गए हैं। उन्हें दूसरे टेस्ट से पहले कोरोना पॉज़िटिव पाया गया था। उन्हीं की जगह पर ब्रेसवेल ट्रेंट ब्रिज यह टेस्ट खेले थे। डेब्यू मैच में उन्होंने प्रभावित करते हुए 49 और 25 का स्कोर बनाया था और पहली पारी में तीन विकेट भी लिए थे।



*रणथम्भौर के ज़ोन नम्बर-2 में शिकार को पकड़ने के चक्कर में दो टाइगर्स की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों टाइगर एक सांभर को अपना शिकार बनाना चाहते थे। इस रोमांचक घटना ने रणथम्भौर भ्रमण करने आये पर्यटकों को बेहद गदगद कर दिया। रणथम्भौर में इन दिनों बाघों की बढ़ती संख्या के कारण उनमें टैरिटोरिअल फाइट की घटनायें काफी बढ़ गई हैं।*

# राजनाथ सिंह ने कांग्रेस सहित विपक्ष के कई प्रमुख नेताओं को फोन किया

## राजनाथ सिंह ने ममता बनर्जी, शरद पवार, मल्लिकार्जुन खड़गे व नवीन पटनायक से राष्ट्रपति उम्मीदवार के संबंध में मंत्रणा की

नई दिल्ली, 15 जून। राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा के लिए भाजपा ने बुधवार को विपक्षी नेताओं से संपर्क किया। बताया जा रहा है कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव से बात की। उन्होंने राकांपा प्रमुख शरद पवार और बसपा प्रमुख मायावती से भी बात की।

सूत्रों के मुताबिक, राजनाथ सिंह ने एनडीए की साथी जदयू से भी संपर्क किया। उन्होंने नवीन पटनायक को भी फोन लगाया। इस दौरान राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार पर सहमति बनाने को लेकर चर्चा हुई। इससे पहले भाजपा ने रविवार को राजनाथ सिंह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसी के मद्देनहर राजनाथ सिंह ने खड़गे, बनर्जी और

- **बुधवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा गजट अधिसूचना के बाद 11 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। दाखिल किए गए 11 नामांकनों में से एक नामांकन अधूरे दस्तावेजों के कारण खारिज हो गया।**

यादव सहित कुछ अन्य दलों के नेताओं से भी फोन पर बात की। राजनाथ सिंह से विपक्ष के नेताओं से बात ऐसे वक्त पर की है, जब विपक्ष की ओर से संयुक्त उम्मीदवार के नाम पर सहमति बनाने के लिए दिल्ली में ममता बनर्जी ने एक अहम बैठक बुलाई थी। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी नेताओं ने राजनाथ सिंह से भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम जानना चाहा। इससे पहले ममता बनर्जी की ओर से बुलाई गई विपक्षी दलों की बैठक में बुधवार को कई दलों के नेताओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार को संयुक्त विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने एक बार फिर इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। सूत्रों के मुताबिक पवार द्वारा प्रस्ताव को ठुकराए जाने के बाद विपक्ष के संभावित उम्मीदवार के रूप में वरिष्ठ नेता फारूक अब्दुल्ला और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी के नाम भी सामने आये। इस बीच भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नेशनल कांग्रेस, नेशनल पीपुल्स पार्टी, नगा पीपुल्स फ्रंट, आजसू और निर्दलीय के नेताओं से बात की। वहीं, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर सहमति बनाने के लिए राजधानी दिल्ली में हुई विपक्ष की बैठक में बीजू जनता दल (बीजद), तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे प्रमुख क्षेत्रीय दलों की अनुपस्थिति से भाजपा ने राहत की सांस ली है। वहीं, राष्ट्रपति चुनाव के लिए बुधवाार को 16वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया।

### एफ.आई.आर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुरजेवाला ने दिल्ली पुलिस के सभी अधिकारियों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग की। क्योंकि ये जबर्दस्ती भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मुख्यालय में घुस गए थे। उन्होंने कहा, यह "क्रिमिनल ट्रैसपास" है। हम उनके निलम्बन व उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरु करने की मांग करते हैं।

सुरजेवाला ने मांग की कि टी.वी. कैमरा को ई.डी. में आने दिया जाए और प्रधानमंत्री मोदी व गृहमंत्री अमित शाह खुद ई.डी. के साथ बैठकर राहुल गांधी से सवाल करे। सुरजेवाला ने कहा कि, देश को पता तो चले कि भाजपा के पास सिर्फ झूठा और फर्जी दुष्प्रचार है और राहुल के पूछने के लिए एक भी सवाल नहीं है।

# रणथम्भौर में दो बाघों की आपस में जोरदार भिड़ंत

सवाई माधोपुर, 15 जून (निस)। रणथंभौर के जोन नंबर 2 में बुधवार को सुबह की पारी के दौरान सांभर के शिकार को लेकर दो टाइगर्स में भिड़ंत हो गई।

इन दोनों की भिड़ंत देखकर पार्क भ्रमण पर गए पर्यटक गदगद हो गए। भिड़ंत में टाइगर टी-120 योद्धा के भारी पड़ने पर बाघिन टी-84 एरोहेड शिकार छोड़कर चली गई। पार्क भ्रमण पर आए पर्यटकों ने अपने मोबाइल कैमरों में इस भिड़न्त का वीडियो कैद कर लिया। रणथंभौर में टाइगर्स की बढ़ती तादाद के

- **दोनों टाइगर एक सांभर के शिकार को लेकर आपस में उलझ पड़े।**
- **इस लड़ाई में टाइगर-120 भारी पड़ गया और बाघिन को शिकार को छोड़कर वहां से निकलना पड़ा।**
- **पर्यटकों ने इस भिड़ंत की तस्वीरें अपने कैमरों में कैद कीं।**

कारण आए दिन इनके आपसी संघर्ष देखने को मिल रहे हैं।

रणथंभौर के टाइगर इससे पूर्व भी कई बार आपस में भिड़ चुके है। बाघिन टी 84 एरोहेड ने समर्पण कर दिया और शिकार छोड़कर वहां से चली गई। इसके बाद टाइगर टी-120 ने आराम से बैठ कर सांभर को अपना भोजन बनाया।

### पवार राष्ट्रपति का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राष्ट्रपति 25 जुलाई को शपथ लेंगे। इस चुनाव के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 29 जून है। नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 जुलाई है।

बुधवार की मीटिंग में 17 पार्टियों ने भाग लिया-यथा कांग्रेस, टी.एम.सी., सी.पी.आई., सी.पी.आई. (एम.), सी.पी.आई.एम.एल., आर.एस.पी., शिव सेना, एन.सी.पी., आर. जे. डी., एस.पी., नैशनल कॉन्फ्रेंस, पी.डी.पी., जे.डी. (एस), डी.एम. के., आर.एल. डी., आई.यू. एम. एल. और जे.एम.एम.। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जयराम रमेश और ए.आई.सी.सी. महासिचव रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ मीटिंग में भाग लिया। लेकिन उन्होंने किसी का नाम प्रस्तावित नहीं किया। खड़गे को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मीटिंग में भाग लेने के लिए अधिकृत किया था। मीटिंग में आए नेताओं में टी.एम.सी. की ममता बनर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, शरद पवार, महबूबा मुफ्ती, उमर अब्दुल्लाह, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, डी. एम.के. के टी.आर.बालू, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और आर.जे.डी. के मनोज झा थे।

# ई.डी. प्रमुख के कार्यकाल विस्तार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

## मध्यप्रदेश की कांग्रेस नेता ने ई.डी. प्रमुख संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल विस्तार को गैरकानूनी बताया

नई दिल्ली, 15 जून (वार्ता) नेशनल हेराल्ड विवाद मामले में कांठोस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ के बीच महिला कांग्रेस की एक सदस्य ने उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल बढाने का आदेश रद्द करने की गुहार लगाई है।

मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव जया ठाकुर ने अपनी याचिका में मिश्रा के कार्यकाल और केंद्रीय सतर्कता आयोग (संशोधन) अधिनियम के विस्तार के लिए 17 नवंबर 2021 को पारित आदेश को रद्द करने का निर्देश देने की गुहार लगाई है।

- **याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि, केंद्र सरकार राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ई.डी. का दुरुपयोग करके लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर रही है।**
- **याचिकाकर्ता का दावा है कि, इसी वजह से मिश्रा का कार्यकाल गत वर्ष 17 नवंबर को बढ़ा दिया गया था।**

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ प्रवर्तन एजेंसियों का दुरुपयोग करके लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर रही है। याचिकाकर्ता का दावा है कि इसी वजह से मिश्रा का कार्यकाल गत वर्ष 17 नवंबर को बढा दिया गया था।

ठाकुर ने अपनी याचिका में कहा है कि मिश्रा की सेवानिवृत्ति नवंबर 2020 में होनी थी, लेकिन उनका कार्यकाल दो बार बढाया गया। याचिका में दावा किया गया है कि कार्यकाल समाप्त होने से मात्र दो दिन पहले नवंबर 2021 में कार्यकाल बढाया गया था।

ठाकुर ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ जांच का हवाला देते अपनी याचिका में कहा है कि केंद्र सरकार विरोधियों की छवि और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से पिछले 10 वर्षों से जांच कर रही है।

# दिल्ली में सचिन पायलट सहित कांग्रेस विधायक हिरासत में लिए गए

## जयपुर में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका गया

जयपुर, 15 जून (का.प्र.)। दिल्ली में चल रहे आंदोलन में लगातार तीसरे दिन कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति रही। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित वरिष्ठ नेताओं को एआईसीसी मुख्यालय नहीं जाने दिया गया तो उनकी पुलिस से काफी बहस हुई।

इससे पहले सचिन पायलट समर्थकों और पुलिस के बीच काफी देर तक तनातनी की स्थिति रही। बाद में पायलट सहित एआईसीसी के सचिव कुलदीप इंदौरा, विधायक मुकेश भाकर, वेदप्रकाश सोलंकी, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर नरेला थाने ले जाया गया। हिरासत के बाद सचिन पायलट ने कहा कि "हम अपनी पार्टी के दफ्तर जाना चाह रहे थे, कि हमें पार्टी मुख्यालय जाने से पहले ही डिटेन कर लिया गया। क्या हम अपने पार्टी मुख्यालय भी नहीं जा सकते, यह लोकतंत्र में गलत है। यह निंदनीय है। हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे। केंद्र सरकार तानाशाही पर उतर आई है, कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है।"

दिल्ली में पुलिस 2 दिन से कांग्रेस मुख्यालय में भी नेताओं-कार्यकर्ताओं के नहीं जाने दे रही है। राहुल गांधी से ईडी पूछताछ और एआईसीसी मुख्यालयों में पुलिस बल प्रयोग के खिलाफ अब कांग्रेस ने सभी राज्यों की राजधानियों में राजभवनों के घेराव का फैसला किया है। जयपुर में भी कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सिविल लाइंस फाटक पर प्रदर्शन और सभा करेंगे।



*दिल्ली पुलिस ने बुधवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट व अन्य नेताओं को जब कांग्रेस मुख्यालय (नई दिल्ली) में प्रवेश करने से रोका तो दोनों पक्षों में काफी तनातनी की स्थिति बन गई। बाद में वहीं से पुलिस ने पायलट को हिरासत में ले लिया।*

इसके बाद अगले दिन 17 जून को कांग्रेस की ओर से सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन होंगे।

इधर राजस्थान में राहुल गांधी पर ईडी के जरिए किए जा रहे जुल्म एवं तानाशाही के विरोध में जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष प्रताप सिंह खाचरियावास के निर्देशानुसार बुधवार को कलैक्ट्री सर्किल पर कांग्रेस महामंत्री एवं प्रवक्ता मनोज मुदगल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। मुदगल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार महंगाई, बेरोजगारी तथा कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के पलायन जैसे बड़े मुद्दों से देश की जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है और विपक्ष के नेताओं पर बेवजह मुकदमे के जरिए ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स की छापेमारी करके इमरजेंसी जैसे हालात पैदा कर रही है। दुर्भाग्य है कि दिल्ली पुलिस कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एआईसीसी के कांग्रेस दफ्तर जाने से रोक रही है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ऐसे नेता है जो मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद कर रहे हैं।

- **गुरूवार को सभी प्रदेशों में राजभवन घेरेगी कांग्रेस, 17 जून को जिला मुख्यालय पर होगा विरोध प्रदर्शन।**

कलैक्ट्री सर्किल के प्रदर्शन में पार्षद बृजेंद्र तिवारी, उमेश शर्मा, अजहरुद्दीन सहित भीमराज प्रजापति, रूबी खान, शहीद तिरंगा, विनोद बुनकर, शादाब खान, दौलत सैनी, प्रदीप चौधरी, धर्मेंद्र शर्मा, सोनू बागवान, सुधांशु ढिल्लो, मानवेंद्र मानपुरा, अनिल खंडेलवाल, सुधीर शर्मा आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी से ईडी पूछताछ के विरोध में कांग्रेस की ओर से दिल्ली में जारी आंदोलन अब प्रदेशों की राजधानी से होता हुआ जिला स्तर पर शुरू होगा इसके तहत 16 जून को कांग्रेस सभी प्रदेशों के राजभवन घेराव का कार्यक्रम करेगी और 17 जून को जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन होगा।

# श्रीलंका व पाकिस्तान की तरह ईरान भी कंगाली की कगार पर

## ईरान की ईकॉनमी पस्त होने के कारण रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतें इतिहास के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई हैं

नई दिल्ली, 15 जून। श्रीलंका, मालदीव, नेपाल और पाकिस्तान और अफगानिस्तान की इकॉनमी पस्त है। ये सभी भारत के पड़ोसी देशों में से हैं। ईरान की अर्थव्यवस्था भी डगमगाती दिख रही है।

बुनियादी वस्तुओं की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। इसी बीच ईरान के श्रम, कल्याण और सामाजिक मामलों के मंत्री होज्जतुल्ला अब्दुलमालकी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि ईरान की बिगड़ती आर्थिक स्थिति को देखते हुए होज्जतुल्ला को इस्तीफा देना पड़ा है।

ईरान में मुद्रास्फीति दर लगातार तेजी से बढ़ती जा रही और इसे लेकर इब्राहिम रईसी सरकार पर दबाव बढ़ना शुरू हो चुका है।

कई पेंशनभोगी लोगों ने पिछले कुछ दिनों में होज्जतुल्ला से इस्तीफे की

- **महंगाई पर हो रहे भारी विरोध के कारण ईरान के श्रम, कल्याण और सामाजिक मामलों के मंत्री होज्जतुल्ला अब्दुलमालकी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।**
- **ईरान की मुद्रा रियाल की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर गिर गई**
- **सरकारी कर्मचारी व पैंशनभोगी लोग सड़कों पर उतरकर सरकार का जोरदार विरोध कर रहे हैं।**

मांग कर रहे थे। ईरान परमाणु समझौते और अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर जारी गतिरोध के बीच ईराली रियाल की कीमत गिरकर नए निचले स्तर पर आ गई है।

ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक होज्जतुल्ला के इस्तीफे के बाद से इब्राहिम सरकार की दिक्कतें और बढ़ सकती हैं। सरकार ने मोहम्मद हादी जाहेदी वफा को कार्यवाहक मंत्री बनाया है। रिटायर्ड लोगों के साथ ही शिक्षक, बस ड्राइवर और मजदूरों ने भी हाल के दिनों में बढ़ती महंगाई और सरकार की आर्थिक नीति को लेकर आलोचना की है। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए ईरान के प्रमुख शहरों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। हाल के दिनों में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पीटा है और उन पर आंसू गैस के गोले चलाए हैं। ईरानी अर्थव्यवस्था 2018 में बिगड़ने लगी जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने परमाणु समझौते को लेकर ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगा दिए।

राष्ट्रपति जो बाइडेन के सत्ता में आने के बाद अमेरिका से बातचीत शुरू हुई तो ईरान की उम्मीद बढ़ी लेकिन लेकिन वियना में एक साल की गहन बातचीत के बाद मार्च में बातचीत बंद हो गई। ऐसे में ईरान की इकॉनमी गिरती चली गई।

## 'मंकीपॉक्स बीमारी का नाम बदलें'

जिनेवा, 15 जून (वार्ता)। दुनिया में तेजी से फैलते मंकीपॉक्स वायरस को कुछ वैज्ञानिकों के स्टिगमाटाइजिंग (कलंकित किया जाना या किसी को दोषारोपण करना) कहे जाने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी अब महामारी का नाम बदलने का फैसला किया है।

'न्यूयॉर्क पोस्ट' ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। संगठन के प्रमुख टेड्रोस अदनोम घेब्रेयियस ने कहा, विश्व स्वास्थ्य संगठन दुनिया भर के अपने सहयोगियों और विशेषज्ञों के साथ मंकीपॉक्स वायरस का नाम बदलने के काम में जुटा हुआ है। हम जितनी जल्दी हो सके नए नाम की घोषणा करेंगे।

दरअसल, 30 अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों से मिले एक पत्र के बाद डब्ल्यूएचओ ने यह कदम उठाया है। पत्र में नाम को तत्काल रूप से बदलने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। पत्र में लिखा गया, निरंतर बातचीत और मुद्दे पर लगातार विचार-विमर्श करने के बाद यह जरूरी समझा जा रहा है कि हम इसे भेदभाव रहित और गैर कलंकित नाम दें।

इसमें कहा गया, वायरस का नाम बार-बार अफ्रीका से जोड़ा जा रहा है और इसका नामकरण अफ्रीकी पृष्ठभूमि की तर्ज पर होना बिल्कुल गलत है, यह भेदभाव और किसी को कलंकित करना दिखाता है। मीडिया में भी वायरस से संबंधित जितनी भी तस्वीरें हैं, उनमें से अधिकतर में अफ्रीकी नजर आ रहे हैं।

### ममता बनर्जी द्वारा आहूत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एस.) सुप्रीमो एवं राज्य के मुख्यमंत्री की राष्ट्रीय प्रभुत्व को लेकर अपनी स्वयं की आकांक्षाएं हैं। अतः उन्होंने आवेशित होकर कहा कि ममता ने शरद पवार के नाम का संकेत देकर एकतरफा कदम उठाया है।

वास्तव में यह पूरी मीटिंग की ही दुःखती रग है क्योंकि कई नेताओं ने बनर्जी द्वारा शरद पवार का नाम, किसी विचार-विमर्श के बिना अचानक उछालने पर आपत्ति जताई। दुर्भाग्य से ममता बनर्जी के इस कदम ने उन्हीं की छवि धूमिल की क्योंकि उनके चयनित व्यक्ति शरद पवार ने स्वयं ही उनका ऑफर ठुकरा दिया और बताया जाता है कि इसे ठुकराते हुए उन्होंने कहा कि वह एक हारी हुई लड़ाई लड़ने के इच्छुक नहीं हैं।

आम आदमी पार्टी जो अब पंजाब और दिल्ली, दोनों में सत्तारूढ़ है, उम्मीद के अनुसार एक बार फिर मीटिंग से दूर रही। दूसरी पार्टियों के विधायकों को तोड़कर अपनी पार्टी मजबूत करने की ममता की शैली को लेकर उनके घोर आलोचक आप पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने अन्य राज्य स्तरीय चुनावों के लिए ममता से विचार-विमर्श करने के विचार को झिड़क दिया। आप ने कहा कि सुझाए गए नामों को देखने के बाद ही वह अपना स्टैण्ड फाइनल करेगी और निर्णय लेगी। इस प्रकार से वह बनर्जी के नेतृत्व वाली विचार-विमर्श मशीनरी से दूर रहेगी।

यहां तक कि भाजपा के पूर्व सहयोगी अकाली दल ने भी बाद में दूरी बना ली। उसने मीटिंग में भाग नहीं लिया। शीर्ष स्तर पर भाग लेने की बात तो छोड़िए उसने मीटिंग में अपना प्रतिनिधि भेजने तक पर विचार नहीं किया।

इसी तरह से, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन मीटिंग से दूर रहे और उन्होंने अपने पत्ते नहीं खोले। स्टालिन भी अपना रूतबा कायम करना चाहते हैं और ममता के आगे झुकना नहीं चाहते।

### ई.डी. की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मजबूत केस है जिसमें कई अनियमितताएं हैं। कांग्रेस गांधी परिवार को पीड़ित बनाकर प्रस्तुत करना चाहती है पर पार्टी ने दिल्ली की सड़कों पर जो तमाशा फैला रखा है वह गांधी परिवार को भारी भी पड़ सकता है। कोविड ग्रस्त होने के बाद से सोनिया गांधी अभी भी हॉस्पीटर में है। ई.डी. ने उन्हें 23 जून को बुलाया है। यह समय ही बताएगा कि क्या वे जा पाऐगी और ई.डी. की कठोर पूछताछ को सहन कर पाएंगी।

### ई.डी. के अफसरों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व उनकी मां के विरूद्ध मनी लॉण्डरिंग केस बनाने के लिए गढ़े गए हैं। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को भी पुलिस ने ए.आई.सी.सी. मुख्यालय से बाहर से उठा लिया और गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने पार्टी मुख्यालय में भारी पुलिस बल देखा था जो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट कर रहा था। उन्होंने कहा पुलिस उन्हें पार्टी कार्यालय में घुसने से कैसे रोक सकती है।

# फर्जी मैडिकल रिपोर्ट

जयपुर, 15 जून (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मारपीट से जुड़े एक प्रकरण में पुलिस और मैडिकल ऑफिसर की मिलीभगत से दो मैडिकल रिपोर्ट देने और पहली रिपोर्ट में चोट को गंभीर बताने और दूसरी में जानलेवा बताने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने करौली जिला कलैक्टर से कहा है कि वह मामले में आरएएस स्तर के अधिकारी से जांच कराए। जांच अधिकारी पता लगाए कि किन हालातों में पुलिस ने मैडिकल ऑफिसर से राय मांगी और मैडिकल ऑफिसर ने अलग रिपोर्ट क्यों दी। अदालत ने मामले की जांच 60 दिन में पूरी करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि यदि मामले में भ्रष्टाचार हुआ है तो वह सबके सामने आना चाहिए। जस्टिस फरजंद अली ने यह आदेश भरत सिंह व दो अन्य की जमानत याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिए। लेकिन पुलिस ने मैडिकल ऑफिसर की दूसरी रिपोर्ट के आधार पर जानलेवा हमले की धारा जोड़ी है। मामले में तीन

- **अदालत ने पुलिस द्वारा मारपीट के मामले में दो अलग-अलग मैडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर गंभीर प्रतिक्रिया की।**
- **अदालत को संदेह है कि, फर्जी मैडिकल रिपोर्ट की बिसात पर परिवादी पर जानलेवा हमला करने का मामला बनाया जा रहा है। इसलिए अदालत ने जिला कलैक्टर को आदेश दिए कि वो वरिष्ठ आर.ए.एस. अफसरों के साथ मिलकर मामले की जांच करायें।**

जमानत याचिकाओं में कहा गया कि उन्हें प्रकरण में फंसाया गया है। मामला केवल मारपीट से जुड़ा है, आरोपी पहले से जमानत पर बाहर हैं। ऐसे में उन्हें भी जमानत पर रिहा किया जाए। वहीं राजकीय अधिवक्ता शेरसिंह महला ने कहा कि पुलिस व मैडिकल विभाग ने मिलीभगत की है।

पहली मैडिकल रिपोर्ट 31 दिसंबर 2021 की है, जिसमें अंगुली की चोट को गंभीर बताया है। वहीं 18 जनवरी 2022 को पुलिस के आग्रह पर मैडिकल ऑफिसर ने उसी चोट को जानलेवा बताया है। याचिकाओं में कहा गया कि मामले में भ्रष्टाचार हुआ है और इसकी जांच होनी चाहिए।

गौरतलब है कि करौली जिले के मासलपुर पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ पहले मारपीट का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में पुलिस ने मैडिकल ऑफिसर की दूसरी रिपोर्ट के आधार पर जानलेवा हमले की धारा जोड़ दी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभ्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908